महानगर नई दिल्ली बुधवार 18 दिसंबर, 2019, रु. 5.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

मुशर्रफ को देशद्रोह के मामले में मौत की सजा

इस्लामाबाद, 17 दिसंबर (भाषा)।

पाकिस्तान के पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ को यहां की एक विशेष अदालत ने संविधान बदलने के लिए देशद्रोह के मामले में मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। वह पहले ऐसे सैन्य शासक हैं जिन्हें देश के अब तक के इतिहास में मौत की सजा सुनाई गई है। वहीं, पाकिस्तान की सेना ने कहा कि मुशर्रफ कभी भी देशद्रोही नहीं हो सकते।

पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व सैन्य प्रमुख को देशद्रोही करार देकर मौत की सजा सुनाई गई है।

पेशावर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वकार अहमद सेठ की अध्यक्षता में विशेष अदालत के तीन सदस्यीय पीठ ने 76 वर्षीय मुशर्रफ को लंबे समय से चल रहे देशद्रोह के मामले में मौत की सजा सुनाई। अदालत के फैसले पर सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने कहा, 'पूर्व सैन्य प्रमुख, ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमिटी के पूर्व अध्यक्ष और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति (परवेज मुशर्रफ) ने 40 वर्षों से ज्यादा समय तक देश की सेवा की। देश की रक्षा के लिए युद्ध लड़ने वाला निश्चित तौर पर देशद्रोही बाकी पेज 8 पर

नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन

सीलमपुर में हिंसा, आगजनी

जनसत्ता संवाददाता/भाषा
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

दिल्ली के जामिया इलाके में स्थिति शांत भी नहीं हुई कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन में हिंसा भड़क उठी। उग्र प्रदर्शनकारियों ने दो पुलिस चौकियों में आगजनी की। तीन बसों और कई मोटरसाइकिलों में आग लगा दी गई। इस घटना में सात स्थानीय निवासी और 11 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में दो थानों में मामला दर्ज किया है। पांच लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

मंगलवार रात में ब्रिजपुरी में भी प्रदर्शन हुए और लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना रात करीब साढ़े आठ बजे हुई। हालांकि, अब स्थिति नियंत्रण में कर ली गई है। उधर, दिल्ली के पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान जामिया और सीलमपुर में हुई हिंसा और राष्ट्रीय राजधानी की मौजूदा स्थिति के बारे में मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि माना जाता है कि गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने तीन दिन के भीतर हुई इन दोनों घटनाओं पर अप्रसन्नता व्यक्त की है। बाकी पेज 8 पर

दो पुलिस चौकियों में आगजनी, पांच हिरासत में *सात* स्थानीय लोग, 11 पुलिसकर्मी जख्मी *ब्रिजपुरी* में भी प्रदर्शन और पुलिसकर्मियों पर पथराव

सीलमपुर में मंगलवार को नागरिकता कानून के खिलाफ आगजनी और पथराव करते प्रदर्शनकारी।

'हाई कोर्ट जाएं याचिकाकर्ता'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

सुप्रीम कोर्ट ने संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसक विरोध की घटनाओं की जांच के लिए शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश बाकी पेज 8 पर

पुलिस को इजाजत नहीं दी : प्रशासन

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रशासन ने इनकार किया कि चीफ प्रॉक्टर ने पुलिस को विवि परिसर में घुसने की इजाजत दी थी। वैसे बिना इजाजत के पुलिस के परिसर में घुसने की सबसे पहले प्रॉक्टर ने ही निंदा की थी।

राष्ट्रपति से मिले विपक्षी नेता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुआई में एक दर्जन विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने मंगलवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात कर उन्हें बाकी पेज 8 पर

नागरिकता कानून में कुछ भी अल्पसंख्यक विरोधी नहीं : शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि नागरिकता कानून में कुछ भी अल्पसंख्यक विरोधी नहीं है। नागरिकता कानून पर विपक्ष दुष्प्रचार में शामिल है।

उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए नागरिकता कानून के प्रावधानों के मुताबिक, केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर मुसलिम शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता हासिल हो और वे देश में सम्मान के साथ जी सकें।

शाह ने नए कानून का विरोध करने वालों को चुनौती देते हुए कहा कि वे जितना चाहें कानून का विरोध कर सकते हैं। उन्होंने नई दिल्ली और मुंबई में अलग-अलग बाकी पेज 8 पर

हिंसक प्रदर्शनों पर रेल राज्य मंत्री ने दिया विवादित बयान

बेंगलुरु : नागरिकता कानून के विरोध में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के बीच केंद्रीय रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगड़ी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया है। - खबर पेज 13 पर

ठंड से ठिठुरे दिल्लीवासी

देश के अन्य हिस्सों में भी सर्दी का सितम जारी

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को लोगों को सुबह ठंड के कहर का सामना करना पड़ा। इससे पहले सोमवार को दिल्ली में पिछले 16 साल में सबसे अधिक ठंडा दिन रहा। वहीं देश के अन्य कई हिस्सों में भी सर्दी का सितम जारी है।

मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के अधिकतर हिस्सों में मंगलवार को कड़ाके की ठंड रही। अधिकारी ने बुधवार को दिन में आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान लगभग 13 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे हवा में सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत रही। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 162 रहा।

लद्दाख, जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी के बाद कड़ाके की ठंड

सोमवार को दिल्ली में पिछले 16 साल में सबसे अधिक ठंडा दिन रहा था, जब अधिकतम तापमान सामान्य से 10 डिग्री कम 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । देश के अन्य कई हिस्सों में भी सर्दी बाकी पेज 8 पर

प्रधानमंत्री ने भोगनाडीह की रैली में कहा

शहरी नक्सली भड़का रहे हैं युवाओं को

रांची/भोगनाडीह, 17 दिसंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संशोधित नागरिकता कानून से किसी भारतीय को कोई नुकसान नहीं होने का दावा दोहराते हुए कहा कि शहरी नक्सली देश में समस्या पैदा करने के लिए युवाओं को भड़का रहे हैं। साथ ही कांग्रेस समेत विपक्ष को यह सार्वजनिक ऐलान करने की चुनौती दी कि वे सभी पाकिस्तानियों को भारतीय नागरिकता देने के लिए तैयार रहें।

मोदी ने झारखंड के भोगनाडीह में एक चुनावी रैली में कहा कि नागरिकता संशोधन कानून ना तो किसी भारतीय के अधिकार लेता है, ना ही उसे किसी भी तरह नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने नागरिकता कानून को लेकर कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी भारत में मुसलमानों के लिए डर का माहौल बना रही है।

भोगनाडीह में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नागरिकता कानून को लेकर मुसलमानों के बीच डर का माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि मैं आश्वासन देता हूं कि देश का कोई भी नागरिक इस कानून से प्रभावित नहीं होगा। *उन्होंने* छात्रों से लोकतांत्रिक तरीकों से अपने विषय उठाने की अपील की।

भोगनाडीह में उन्होंने कांग्रेस पर संशोधित नागरिकता कानून को लेकर झूठ फैलाने व मुसलमानों के बीच डर का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए छात्रों से लोकतांत्रिक तरीकों से अपने विषय उठाने की अपील की। मोदी ने यहां चुनावी रैली में संशोधित कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों से अपील की बाकी पेज 8 पर

अभिनेता और रंगकर्मी श्रीराम लागू का निधन

पुणे, 17 दिसंबर (भाषा)।

मशहूर अभिनेता डॉ. श्रीराम लागू का वृद्धावस्था से संबंधित बीमारियों के चलते मंगलवार शाम पुणे स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

उनके परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। नाटककार सतीश आलेकर ने बताया, 'मैंने उनके दामाद से बात की। वृद्धावस्था संबंधित बीमारियों के कारण उनका निधन हुआ।' प्रशिक्षित ईएनटी सर्जन लागू ने विजय तेंदुलकर, विजय मेहता और अरविंद देशपांडे के साथ आजादी के बाद वाले काल में महाराष्ट्र में रंगमंच को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई थी।

सेना ने तीन घुसपैठिए और दो पाकिस्तानी कमांडो किए ढेर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

घुसपैठ की कोशिश के दौरान भारतीय सैनिकों की कार्रवाई में पाकिस्तानी कमांडो दस्ते का हमला सोमवार रात को नाकाम कर दिया गया। भारतीय जवानों ने पाकिस्तानी फौज के दो कमांडो ढेर कर दिए। उनके साथ आने वाले तीन घुसपैठिए भी मार गिराए गए।

इस कार्रवाई में सेना का एक हवलदार और एक राइफलमैन शहीद हो गए। एक जवान की पहचान हवलदार सीजे गणपति और दूसरे की राइफलमैन सुखविंदर सिंह के रूप में की गई है। भारतीय सैनिकों की कार्रवाई में सीमा से लगे पाकिस्तान की सैन्य चौकियों को भी बहुत नुकसान पहुंचा है।

पाकिस्तान की ओर से एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल दागी गईं। साथ ही, मोर्टार और तोपखाने से भी गोलाबारी बाकी पेज 8 पर

सेना के हवलदार और एक राइफलमैन शहीद *सुंदरबनी* सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से दागे गए एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, मोर्टार व तोपखाने

समुद्री लुटेरों ने गिनी की खाड़ी में 20 भारतीयों को अगवा किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

पश्चिमी अफ्रीका स्थित गिनी की खाड़ी में समुद्री लुटेरों ने तेल 'एमटी ड्यूक' पर हमला कर 20 भारतीयों को अगवा कर लिया। यह जहाज अंगोला के लुंडा से लुम (टोगो) जा रहा था। लुटेरों ने जहाज पर मौजूद नाइजीरियाई नागरिकों को छोड़ दिया।

चालक दल के भारतीय सदस्यों को छुड़ाने के लिए विदेश मंत्रालय ने कार्रवाई शुरू की है। अबुजा स्थित भारतीय मिशन नाइजीरियाई अधिकारियों के जरिए बातचीत में जुट गया है। इस साल इस क्षेत्र में अपहरण की यह तीसरी घटना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार के मुताबिक, यह घटना 16 दिसंबर सुबह की है। जहाज एमटी ड्यूक के चालक दल के 20 सदस्यों का अपहरण चिंता का विषय है।

अबुजा स्थित हमारे अधिकारियों ने इस विषय को नाइजीरिया और पड़ोसी देशों के सामने उठाया है। जहाज बाकी पेज 8 पर

नाइजीरिया के पास गिनी की खाड़ी में हुई वारदात *लुटेरों* ने जहाज पर मौजूद नाइजीरियाई नागरिकों को छोड़ दिया

आउटगोइंग कॉल पर शुल्क एक साल के लिए बढ़ाया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने किसी ऑपरेटर के नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क पर की जाने वाली मोबाइल कॉल पर छह पैसे प्रति मिनट के शुल्क को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। अब यह शुल्क 31 दिसंबर, 2020 तक जारी रहेगा।

ट्राई के सचिव एसके गुप्ता की ओर से मंगलवार को जारी सूचना के मुताबिक वायरलेस से वायरलेस घरेलू कॉल पर छह पैसे प्रति मिनट का टर्मिनेशन शुल्क 31 दिसंबर, 2020 तक जारी रहेगा। पहले यह शुल्क 14 पैसे प्रति मिनट था।

एक अक्तूबर, 2017 को इसे घटा कर छह पैसे प्रति मिनट किया गया था। एक जनवरी, 2020 से इस शुल्क को समाप्त किया जाना था। नियामक ने कहा कि बाकी पेज 8 पर

ट्राई का निर्णय, जारी रहेगा कॉल पर छह पैसे प्रति मिनट का शुल्क

पंद्रह फरवरी से होंगी सीबीएसई की परीक्षाएं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

सीबीएसई ने बारहवीं और दसवीं कक्षा का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके मुताबिक दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2020 से शुरू होंगी। दसवीं की परीक्षाएं 20 मार्च और बारहवीं की परीक्षाएं 30 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर संयम भारद्वाज के मुताबिक दोनों कक्षाओं के वोकेशनल विषयों की परीक्षाएं पहले और मुख्य विषयों की परीक्षाएं बाद शुरू होंगी। दसवीं के मुख्य विषयों की परीक्षाएं 27 फरवरी और बारहवीं के मुख्य विषयों की परीक्षाएं दो मार्च से शुरू होंगी। परिणाम मई में जारी किया जाएगा।

संघ नेता, चार अन्य पर मामला दर्ज | कार्रवाई | छात्रों के प्रदर्शन की तारीफ की थी किरण बेदी ने

महंगा पड़ा बाबरी विध्वंस का नाट्य रूपांतर

बंगलुरु, 17 दिसंबर (भाषा)।

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के बंतवाल के पास एक विद्यालय प्रबंधन के पांच सदस्यों के खिलाफ छात्रों द्वारा संस्था के वार्षिक खेल दिवस के दौरान कथित रूप से बाबरी ढांचा विध्वंस का नाट्य रूपांतरण दिखाने पर मामला दर्ज किया गया है। पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी और केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा समेत कई गणमान्य लोग रविवार को हुए इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

तटीय शहर मंगलुरु से करीब 30 किलोमीटर दूर कल्लाडका में श्री राम विद्या मंदिर का संचालन करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता कल्लाडका प्रभाकर भट और चार अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (ए) और 298 (धार्मिक भावनाएं आहत करने) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कल्लाडका प्रभाकर भट

आधे मिनट का वीडियो

दक्षिण कन्नड़ जिले के पुलिस अधीक्षक बीएम लक्ष्मी प्रसाद ने बताया, 'पीएफआइ कार्यकर्ता से शिकायत मिलने के बाद हमने विद्यालय प्रबंधन से जुड़े पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। जांच जारी होने की वजह से हमने अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। करीब आधे मिनट का एक वीडियो है जिसके आधार पर शिकायत दर्ज की गई है। हम साक्ष्य जुटा रहे हैं।'

पुलिस ने यह कार्रवाई इसी इलाके में रहने वाले पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के नेता अबुबकर सिद्दीकी की शिकायत पर की है।

दक्षिण कन्नड़ जिले के पुलिस अधीक्षक बीएम लक्ष्मी प्रसाद ने बताया, 'पीएफआइ कार्यकर्ता से शिकायत मिलने के बाद हमने विद्यालय प्रबंधन से जुड़े पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। जांच जारी होने की वजह से हमने अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। करीब आधे मिनट का एक वीडियो है जिसके आधार पर शिकायत दर्ज की गई है। हम साक्ष्य जुटा रहे हैं।'

किरण बेदी ने ट्वीट कर इस कार्यक्रम की और छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की थी। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलना चाहिए। सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम को लेकर तीखी प्रतिक्रिया होने पर भट ने कार्यक्रम का बचाव करते हुए कहा कि यह इतिहास के प्रकरण के बारे में जागरूकता और देशभक्ति की भावना के प्रसार का प्रयास था।

उन्होंने कहा कि छात्र हर साल वार्षिक समारोह के लिए एक प्रासंगिक विषय चुनते हैं और इस बार उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर उन्होंने अयोध्या का मुद्दा चुना।

www.readwhere.com

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I,t,is for general information that I, Parvinder Pal Singh Chhabra,S/o-Prakash Singh Chhabra Residing-at-249,ground floor,Arunodaya Apartment,Vikaspuri, Delhi-110018,declare that name,of mine has been wrongly,written as P.P.Singh in my minor son's Harman Singh Chhabra aged,16-Years,in educational documents.The actual name of mine,is Parvinder Pal Singh Chhabra respectively which may be amended,accordingly. 0040524527-3

I,Suneel Kumar S/o-Shri Shripal R/O-A-141,Sector-25, Rohini,Delhi-110085,have changed my name to Sunil Kumar S/O Shri Shripal. 0040524527-5

I,Seema Wife S/o Sukhmeet Singh R/o-92,Block-AC, Shalimar Bagh,Delhi-110088, have changed my name to Gurpreet Kaur for future. 0040524527-1

I,Satpal Singh (Army No.2690593A Sep),R/o-Village-Tanda Ram Dass,Tehsil-Mukerian, Distt-Hoshiarpur, (Punjab)-1442210,have changed,my daughter name,from JIYA to TIYA wef of endorsement my service document for all future purpose. 0040524527-7

I,Meera Kumari Balmiki D/o hari Kishan Balmiki R/o-Flat.No.3,Third.Floor, Gahlot Niwas,Building.No.3,kakrola-Village,Dwarka,Delhi-110078,have changed my name to meera Kumari. 0040524527-4

I, hitherto known as Sonali Bansal alias Sonali Aggarwal D/o Sohan Lal Bansal W/o Sachin Raj Aggarwal residing at E-4/20C, 1st Floor, Model Town-2, Delhi-110009 have changed my name and shall hereafter be known as Sonali Aggarwal. 0040524521-0

I, Yash Pal S/O Punnu Ram R/O C-151, Pushpanjali Enclave, Pitampura, Delhi-110034. Have Changed My Name To Yash Arora. 0040524482-5

I, Vikrant Singh,S/o Sh. Vijay Singh,R/o H.No 264B,Hind Nagar Colony,Lucknow,U.P.-226012,have changed my name from Vikrant Singh to Vickrant Siingh for all future purposes. 0040524461-2

I, Usha Aggarwal W/o R.P. Aggarwal R/O-D-39, Satywati Colony, Ashok-Vihar Phase-III, Delhi-110052 have changed my name to Usha Agarwaal. 0040524488-1

I, Tripti Sharma D/O-Virender Kumar R/O-N-3/27-A, Mohan Garden, Uttam-Nagar, N.Delhi -110059. Have Changed My Name To Tripti Kumar. 0040524502-10

I, Tripta Baraja W/o Dinesh Bareja R/o-N-99, 2nd-Floor, South-City-1 sector-40, Gurgaon,Haryana changed my name to Tripta Bareja, for all purposes. 0040524488-2

I, Varinder Paul Kaur w/o Harvinder Singh R/o I-194, Karampura, New Delhi-110015, have changed my name to Varinder Pal Kaur. 0040524502-5

I, Tinku Gupta S/o-Shri Pardeep Gupta R/o-Plot.No.2,Kidwai Nagar West,New Delhi-110023,have changed my name to Harsh Vardhan Gupta for all,future purposes. 0040524506-3

I, TRIPTI KAUR W/O INDERJEET SINGH RESIDENT OF-92, BLOCK-AC, SHALIMAR BAGH,DELHI-110088,have changed my name TRIPAT KAUR for future. 0040524527-6

I, Surojeet Mazumdar, S/o Sh. Ratan Kumar Mazumdar R/o-H.No.B-1059, Third-Floor, Shastri Nagar, Delhi-110052. Have changed my name from Surjeet Mazumdar to Surojeet Mazumdar for all future purposes. 0040524502-3

I, Surendra Kumar Tyagi alias Surender Tyagi and Surender Kumar S/o Khacheru Mal R/o-C-304, Mandakini-Apartment, Sector-2, Plot No.3C, Dwarka, N.Delhi-110075 changed my name to Surendra Kumar. 0040524488-4

I, Sunil Kumar s/o Ram Kishan Verma R/o WZ-481A, Basai Darapur, New Delhi-110015, also known as Sunil Verma. Both are same person. 0040524453-1

I, Sukhinder Kaur D/o Sh Amar Singh R/o,H-26 B.K.Dutt Colony Lodhi-Road, N.Delhi-110003. Have changed my name to Sukhninder Kaur. 0040524502-7

I, Sudhir Kumar S/o Jugal Kishore R/o House no-9, 1st floor , NRI Complex Mandakini , G.K-4 Delhi-110019 Have Changed My Name to Sudhir Saluja. 0070688583-1

I Jitender S/O Subhash Chand Sharma R/O-46/2c/1, Gali No-17. East Azad Nagar Krishna Nagar Shahdara Delhi-110051, Changed My Name To Jitender Sharma. 0040524518-5

I Charan Jeet S/o Sant Lal Bajaj R/o-Flat No.-905 Merton-Tower Omaxe-Heights Sector-86 Faridabad have changed my name to Charanjeet Bajaj. 0040524518-2

व्यक्तिगत

I, Sreelekha KV W/o Subin Das R/o 143/9, 2nd Floor Room No-5, Gaushala Road, Kishangarh, Vasant Kunj, Delhi-110070, have changed my name to Sreelekha Kuttikalayil Vijayan for all purposes. 0040524520-1

I, Shubham S/o Vijay Pal Singh R/o 25/7, Sector-1, Pushp Vihar, New Delhi-110017 have changed my name from Shubham to Shubham Pal Singh for all future purposes. 0040524457-1

I, Shelja Devi W/o Kailash Chander Agarwal, D/o Sushil Kumar R/o-3724 3rd-Floor Street No.1 Kanhaiya-Nagar Trinagar Delhi-110035 changed my name to Shailja Agarwal. 0040524482-10

I, Sanjay Kumar Gupta S/O Arjun Dass Gupta R/O-519 B/1 Street No-2 Vishwas Nagar Shahdara Delhi-110032. Changed My Name To Sanjay Gupta. 0040524521-5

I, Resham Arora D/o, Surender Pal Arora, H.No.77/1-A, Rashan-Waligali, Circular-Road, Jwala-Nagar, Shahdara, Delhi-110032, have changed my name to Rasna Arora. 0040524488-6

I, Ram Kishan S/o Deepak Bhaudhar R/O H.No-18,, Mubarik-Bagh, Model-Town-1, Delhi-110009, Changed my name to Jannat Giri. 0040524494-2

I, Preet Kaur Kalsi D/o Rajender Singh R/O J-323, Block-J, Old Seemapuri, Delhi. have changed my name to Prabhnoor Kaur.D.O.B.-26.12.1997. 0040524488-10

I, Parveen Nikhat W/o Shamim Ahmed D/o Mohd. Zamir R/o 4999/3, Lal Gali, Kucha Rehman, Chandni Chowk, Delhi-110006, Born on 28/09/1950, have changed my name to Parveen Begum for all future purposes. 0040524450-1

I, Parkash Sehgal S/O Jai Kishan Sehgal R/O Ad-134 B, Shalimar Bagh West, Delhi-110088. Changed My Name To Prem Prakash Sehgal. 0040524482-3

I, Pankaj S/o Shyam Sunder R/o- Block No.1, H.No.98, Dakshinpuri Extension, Delhi-110062 have changed my name to Pankaj Raj. 0040524488-5

I, Om Kumari D/o-Ram Parsad R/o:GH-6, Flat No-99, Prachin-Apartment, Smt.Mark Public-School, Paschim-Vihar, New-Delhi-87. Have Changed My Name to Khushboo Parsad. 0040524502-9

I, No.14839220X SEP/MT Khandekar Appasaheb Ravasaheb S/o Ravasaheb Pandurang Khandekar R/o VPO/Teh. Jath, Distt. Sangli, M.H-416404, inform that in my service record my wife name wrongly written as Anjana Naneshwar G instead of Anjana Appasaheb Khandekar. 0040524445-1

I, Nitika Goel D/O Shri Sushil Kumar Goel R/O 212, Nimri Colony, Ashok Vihar, Phase-4, Delhi-110052, have changed my name to Nikita Goel. 0040524535-3

I, Neetu D/o, Sher Singh W/o Adarsh Saini R/o-16/10, Block-A-1, Sant-Nagar, Burari Delhi-110084,have Changed my name to Neetu Saini for all purposes. 0040524437-1

I, Neeta Rani W/o Manoj Jain R/o 36, SF, Gali No.8, Madan Park, East Punjabi Bagh, New Delhi-110026, have changed my name to Neeta Jain. 0040524453-2

I, Narayan Singh s/o Durga Singh R/o-khasra No.10/10 H.No.8. Gali No.1 Block-A, Shastri-Park Ext. Uttrakhand-Enclave(Burari), Delhi-110084, have changed my name Narayan Singh to Narayan Singh Bisht for all purposes. 0040524521-10

I, Narain Singh S/o Bachche Singh R/o A-79, 2nd Floor, Front Side Nanhey Park, Uttam Nagar Delhi-110059 Have Changed My Name to Narayan Singh. 0070688585-1

I, Mukesh Kumar Goel S/o Mahender Pal Goel Resident 1365, Sector-15, Sonipat, Haryana. Have Changed My Name To Mukesh Goel. 0040524494-4

I, Mohan Singh S/O-Gopal Singh, R/O-2a/PlotNo.-102 Flat.No.-F-2, SECTOR-2, VAISHALI Ghaziabad, Up.Have Changed My Name To Mohan Singh Bisht,S/O Gopal Singh Bisht. 0040524482-1

I, Megha Goyal D/o Manoj Kumar Goel R/o B-301, Ground-Floor B-Block Prashant Vihar, Delhi-1100085, changed my name to Megha Goel. 0040524502-1

I, Maya Devi W/o Sone Lal R/o H.No.104, Street No.9, East Azad Nagar, Krishna Nagar, New Delhi-51, have changed my name to Sudama. 0040524489-1

I Poonam D/O Gajendra Singh Rawat, H-No.H-16/1056, Sangam Vihar South Delhi 110062. Changed My Name To Poonam Rawat. 0040524518-4

I Manish S/o Sh.Babu Lala R/o 3244/5, Buddha Gali, Aryapura, Subzi Mandi, Delhi-110007 have changed my name to Manish Sahay for all purposes. 0040524440-1

I Mahender Kumar Goel S/o Omparkash Goel Resident 1365, Sector-15, Sonipat, Haryana. Have Changed My Name To Mahender Pal Goel. 0040524494-5

I, Manpreet Singh S/O Gurdip Singh R/O 1/211, Subhash Nagar, I-Floor, Tagore Garden, Delhi-110027. Changed My Name to Manpreet Singh Sethi. 0040524482-2

I, Manoj Kumar S/o Subhash Chander Bhardwaj R/o Flat No-6F, Gasta Appt. Block B-3, Paschim Vihar Delhi-110063 Have Changed My Name to Manoj Kumar Bhardwaj. 0070688587-1

I, Manish Aggarwal S/o R.P. Aggarwal R/O-D-39, Satyawati Colony, Ashok-Vihar Phase-III, Delhi-110052 have changed my name to Manish Agarwaal. 0040524488-7

I, Mahek D/o Jagjeet Singh R/O J-6/45, Third Floor,Rajouri Garden, New Delhi-110027. Have Changed My Name To Mahekpreet Kaur. 0040524494-1

I, Kusum Kumari W/o Dinesh Bidhuri-246-Kuan Mohala Tuglakabad-village, New Delhi-110044, Change of name Kusum Bidhuri. 0040524502-6

I, Keith Elvis Michael Pereira S/O Phillip Pereira, R/O-160-B, Shipr Sun-City, Indirapuram, Ghaziabad, U.P.201014, Have Changed My Name Keith Pereira. 0040524521-9

I, Jayakrishnan Achath S/O Sekharam Nambiar Nammilkara. R/O-332, Huda Sector-3, Ballabhgarh, Faridabad, Haryana-121004. Changed My Name To Achath Thekkoot Jayakrishnan. 0040524521-7

I, Kalsum W/o Arif R/o 1818/41 Anar Kothi Malka Ganj Delhi have changed my name to Tabassum. 0040524482-9

I, Jaswinder Pal Singh S/o Kirpal Singh R/o 2/5, A-1 block, Sant Nagar,, Burari, Delhi-110084 have changed my name to JASVINDER PAL SINGH. 0040524446-1

I, Jai Prakash S/O Veer Bhan R/O-3c 62 Nit Faridabad Haryana Have Add Surname To Jai Prakash Virmani For All. 0040524488-3

I, Jai Karan Singh S/o Khajan Singh Nagar R/o-D-86/A, Lal Bagh, Loni,Ghaziabad-201102 have changed my Name to Jaikaran Singh Nagar 0040524506-1

I, Inder Singh S/O Narinder Singh R/o-92,Block-AC, Shalimar Bagh,Delhi-110088,have changed my name to Inderjeet Singh for future. 0040524527-2

I, Harshita Prathyani, D/o-Ashok Prathyani, R/o-B-204, Telecom-City, Sector-62,Noida.have changed my name from Harshita Prithyani to Harshita Prathyani,for all future purposes. 0040524535-1

I, Gurvinder Kaur W/o Gurmeet Singh R/o A-94/1, Block-A, Hari Nagar, Clock Tower, New Delhi-110064, have changed my name to Gurwinder Kaur for all purposes. 0040524484-1

I, Gunjan Jain D/o Yogesh Jain R/o-40, Pragatisheel Apartment, Sector-9, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Kashish Jain. 0040524494-6

I, Ghayasuddin S/O Sharfuddin R/O 5138/39, 2nd Floor Gali Barna Sadar Nala Road Sadar Bazar Delhi-110006. Changed My Name To Gyasuddin. 0040524521-8

I, Eslamuddin S/O Abdul Kadir R/O 324 Block O Street No.5 Sunder Nagari Delhi 110093. Changed My Name To Mohd Islamuddin 0040524521-4

I, Dushyant Singhal S/o Shri Gian Chand R/o H.No. A-8, Jawahar-Park, Devli-Road Khanpur, New Delhi-110062, informs that Dushyant Singhal and Dushyant Kumar are same person, in future, I will known my actual name Dushyant Singhal. 0040524494-3

I, Durgesh Kumar,S/o Shri Om Parkash R/o-N-29, Prem-Nagar-II, Kirari-Suleman-Nagar, Delhi-110086, Have Changed My Name From Durgesh Kumar To Durgesh for All Future Purposes. 0040524502-4

I, Dinesh Baraja S/o Jai Dayal R/o-N99, 2nd-Floor, South-City-1 sector-40, Gurgaon Haryana,have changed my name to Dinesh Bareja,for all purposes. 0040524488-1

I, Charnjeet Singh S/O Amarjeet Singh R/O-67/74, First-Floor, Block-A, Sector-25, Rohini, Delhi-110085. Changed My Name To Charan Jeet Singh. 0040524502-2

I, Brijesh Kumar Markan S/O Raghunath Sarup Marken R/O-Flatno.254, III-Floor, Pkt-4, Akash Ganga Appt, Sector-24, Delhi-110085. Changed My Name to Brijesh Marken. 0040524482-4

I, Brahm Swaroop Arora S/o Late. Sh. Chanan Shah R/o 38/3, Ashok Nagar, Tilak Nagar, Delhi-110018, have changed my name to Brahm Arora. 0040524494-7

I Shakam Singh S/o Shyam Singh R/O-RZD-32/A, Gali No.5, Syndicate-Enclave, New Delhi-110045, have changed my name to Shakam Singh Ramola. 0040524518-8

I Savitri Devi W/o Sh.Mukesh Berry D/O Sh.Chunni Lal Meena R/o I-133B/213,Gali No.8, West Sagarpur, Nangal Raya, Delhi Cantonment, South West Delhi-110046 have changed my name to Geeta Berry for all purposes. 0040524440-2

व्यक्तिगत

मैं, सुरेंद्र कुमार और सुरेंद्र अरोड़ा एक ही व्यक्ति के नाम है पुत्र श्री हरबंस लाल, पता 567 झील कुरंजा, कृष्णा नगर दिल्ली–51

मेरे आर्मी रिकार्ड मे मेरा नाम BHADOURIA दर्ज है जोकी गलत है, सही नाम आर्मी न. 7781518 वाई हवलदार (MP) BHADOURIYA RITESH KUMAR SANTOSH BHAI निवासी मकान न. सी–324 आरती सोसायटी, निकोल रोड अहमदाबाद (गुजरात) हैं।

I, Bhupinder Singh Oberoi S/o, Late S.Surinder Singh Oberoi R/o-34/14, Old Rajinder-Nagar, N.Delhi-110060, changed my minor daughter's name Eshleen Kaur to Eshleen Kaur Oberoi. 0040524488-9

I, Aquila Suleman W/O Khurshid Akhter R/O-D-238, Tripathi-Enclave, Prem Nagar-2, Kirari, Suleman Nagar, Delhi-86 Have Changed My Name To Akila Suleman. 0040524518-6

I, Amrit Lal S/O Ram Karan Dass R/O D-1/14, Budh Vihar Phase-1, Delhi-110086. Changed My Name To Amrit Lal Garg. 0040524482-6

I, Anwari W/O Mohammad Islamuddin R/O 324 Block-O Street No-5, Sunder Nagari Delhi-110093. Changed My Name To Anwari Nisha. 0040524521-6

I, Anita W/O late Cfn Surender Singh, H.No.-20, second-Floor.M-Block, Malkaganj, N.Delhi-110007, have changed my name to Anita Devi for,all purpose. 0040524521-1

I, Anil Kumar Khanna S/o Om Prakash Khanna, R/o-D-202, 1st-Floor, West-Patelnagar, Delhi-110008, have changed my name to Anil Khanna, Permanently. 0040524518-1

I, Anil Goel S/o-Laxmi Narayan Goel R/o-C-101, VinobhaKunj, Sector-9 Rohini, Delhi-110085.inform that my name Anil Kumar,Anil Goel,Anil Agravanshi and Anil Kumar Goel are same person. 0040524535-2

I, Amanpreet D/o-Harbhajan Singh R/o-E-5, Hari-Nagar-Extn., Jaitpur, Badarpur, New Delhi-110044. Have changed my name to Amanpreet Kaur for all future purposes. 0040524502-8

I, Akhlesh Kumar Srivastava S/o Ishwar Dayal Srivastava R/o D-80 Govind Puram Ghaziabad UP and Akhilesh Srivastava are one and the same person, which shall be considered for all future purposes and in my son's (Suyash Srivastava) educational certificates my name is incorrectly mentioned as Akhilesh Srivastava whereas the correct name is Akhlesh Kumar Srivastava. 0040524478-1

I, Ajit Singh S/o Jaikaran Singh Nagar R/o-D-86/A, Lal Bagh, Loni, Ghaziabad-201102 have changed my Name to Ajeet Singh Nagar 0040524506-2

I, A.K. Sharma S/o Vishnu Dutt Sharma R/o H-53, Mansarover Park, Shahdara, Delhi-110032, have changed my name to Adarsh Kumar for all purposes. 0040524481-1

I hitherto known as Gulafsha daughter of Mohammed Ahmed and wife of Azharuddin Saifi, a House wife,residing at A-86, Main Mangal Bazar Road, Sangam Vihar,New Delhi-110062, India,have changed my name and shall hereafter be known as Gulafsha Saifi. 0040524464-1

I Shiv Prasad Mishra S/O Damodar Mishra R/O RZ-11/313, Gali No-6-A, Geetanjali park, West Sagarpur ,New Delhi-110046 Have Changed My Name to Siba Prasad Mishra. 0040524521-3

I Shalley Mahey W/o Shankar Sirwani R/o B247 1st Floor Derawal Nagar Delhi-110009, CHANGED My Name To Shelly Sirwani. 0040524482-7

I Ashwin Rajagopal S/O Raja Gopal, K.H.No-G-117,/S-1, Dilshad Colony, Delhi-110095. Changed My Name To Ashwin Raja Gopalan. 0040524518-3

I Anjana Kumari C/o Sahib Singh R/O Plot No.83 1st-Floor Pratap-Nagar Maya Enclave New Delhi-110064, have changed my name to Anjana Sharma. 0040524518-7

I Anil Kumar V.B alias Anil Kumar Valluparambil Bhaskaran S/o K K Bhaskaran R/o.H.No.-130-D, J-and-K-Pocket, Dilshad-Garden Jhilmil, Delhi-110095 have changed my name to Anil Kumar Valuparambil Bhaskaran. 0040524482-8

I, Arun Kumar Antil S/o Ramesh Kumar R/o House no-688, Pana-begwan, Bawana, Delhi-110039 Have Changed My Name to Arun Kumar. 0070688584-1

सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपना नाम, जो कि पूर्व मे Pranshu Agarwal था, को बदलकर Pranshu Aggarwal रख लिया है। भविष्य मे मुझे Pranshu Aggarwal के नाम से जाना व पहचाना जाये।

PRANSHU AGGARWAL
पुत्र श्री अवधेश कुमार अग्रवाल
निवासी मकान नं० 610,
नालापर दक्षिणी, तहसील
फतेहपुर, जिला बाराबंकी

खोया-पाया

I, Naman Mehra S/o Sharad Mehra R/o Flat No-101, Aashriward Appt. Plot No-74 Patparganj I.P Extn Delhi-92, informs that my Original 3rd Semester MBA marksheet has been lost. 0040524473-1

I, TARANKITA Pandey D/o-Mahendra nath pandey R/o-Delhi public-school Sec-C pkt-V.Vasantkunj Delhi. Have lost my original-certificate class-12th year-2019 Roll no.9176215 CBSE-Delhi. 0040524494-10

I, DEAN S/o Rakesh Kumar R/o H.No-430 Durgapuri-extn st.no.8, Delhi-93, have lost my original certificate class-10th year-2007, Rollno-6312772 CBSE-Delhi. 0040524494-8

I, Jyothy Kumari D/o Pratap Singh R/o G-31/111, Sector-3, Rohini, Delhi-85, have Lost my original UP Nursing Registration Certificate (R.No.-1204, Training Period July-2008 to June-2012). Finder may contact at above noted address. 0040524479-1

I, ANSHIKA Solanki D/o-Mukat Singh R/o-Qtr.no-8 block-17 CRPF-camp Greater Noida Surajpur G.B. Nagar. Have lost my original-certificate class-10th year-2019, Roll no-8179363 CBSE-Delhi. 0040524494-9

I, Rakesh Pandey S/o Narayan Pandey, R/o-370 Prem Nagar-3 Agarnagar-Kirari Suleman-Nagar, Delhi-110086,has been lost Original-Educational certificate of 10th-class (CBSE), vide Roll No.8735461,vide-LR No.1693217/2019 Date 07/10/2019. 0040515292-4

LOST

The conveyance deed executed by DDA with respect to Property No. B-5/114, Paschim Vihar, New Delhi-110063 in favour of late Krishna (Krishan) Prakash Gupta has been misplaced. If anybody finds it, please intimate at Mobile No. 9811319379.

It is also notified that if anybody deals with the said property in any way that shall be null and void and will do at his/her own risk as I, Vijay Gupta, is the lawful owner of the said property.

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed in the general public that my client Mr. Shiv Kumar S/o Shri Bal Krishan and Mrs. Neelam W/o Mr. Shiv Kumar both are residing at J-29, Azad Basti, Mohammadpur, R.K. Puram, New Delhi-110066, have debarred/ evicted their daughter namely Mrs. Kajal Maurya and her husband Mr. Rahul Rana from claiming any right, title & interest whatsoever for all the purposes & intent. They are having no connection with any kind of Moveable or Immoveable properties of my client and any person dealing with him/her, monetary or otherwise, he/she shall do so at his/her own risk, costs & consequences. My client shall not be liable & responsible for the same and they are not liable to claim before any Court in the above mentioned properties.

Vijay Lakshmi (Advocate)
Supreme Court of India, New Delhi-110001

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती कुसुम गर्ग ने योजना विहार, दिल्ली–110092 में स्थित आवासीय सम्पत्ति सं. बी–296 का भाग में सम्पूर्ण भूतल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल "कथित भाग", एरिया परिमाप 366.67 वर्ग यार्ड का स्वामी एवं कब्जेदार होने का दावा किया है। इस सम्पत्ति के दो हक विलेख अर्थात मूल स्थायी उप–पट्टा विलेख दिनांक 26.03.1984 एवं मूल कन्वीयेंस डीड दिनांक 07.09.2000 कहीं खो/गुम हो गये हैं और श्रीमती कुसुम गर्ग ने वित्तीय सहायता के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से संपर्क किया है और इसलिए संपत्ति उक्त बैंक के पास गिरवी रखनी होगी। उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग के संबंध में किसी भी व्यक्ति का कोई दावा होने पर, इस सूचना के दिनांक से 10 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने का अनुरोध किया जाता है, ऐसा न करने पर, ऐसे व्यक्तियों के दावे को मुक्त या परित्यक्त माना जाएगा और हमारा मुवक्किल उक्त संपत्ति पर ऋण के संवितरण और उसके संबंध में इसे बंधक रखने की प्रक्रिया करेगा।

Sunil Parsad (Advocate)
Juris NextGen Law Offices
E-56, Greater Kailash Enclave
Part-1 New Delhi-110048

Public Notice

Be it known to general public that our clients S.Pritpal Singh S/o Late S. Hira Singh R/o WZ-L-2/7 New Mahavir Nagar, New Delhi-18 do hereby legally debarred his daughter Inderjeet Kaur w/o Jaspal Singh r/o WZ 48/4H, Gali No-10, Krishna Park Extn., New Delhi-18 because of her bad behavior and conduct from his movable and immovable property on 16.12.2019 as she have made life of our client miserable and consequently, our client have severed up all his relations and connection with her & her family members and in cae if any one dealt with her in the past and will deal with her in future, he or she did or shall be doing so at his/ her own risk and consequences our client shall not be responsible for her any acts & deeds in any manner whosever.

Rakesh Walia (Advocate)
For Legal Solution (Law Firm)
D/3348/99

PUBLIC NOTICE

Be it known to the public at large that my clients Mst. Roshan Jahan Begum W/o Shri Aziz Taimuri and Saleem Temuri, S/o Shri Aziz Taimuri, both R/o 2529, Tiraha Bairam Khan, Darya Ganj, Delhi 110006 have made Hibba with respect to their undivided half share each in property bearing No. X/102 (Old) / 160 - 165 (New), Gali Mata Wali, Chhatta Lal Mian, Delhi Gate, Delhi in favour of Mumtaz W/o Zahid R/o H.No. 1126, Near Delite Cinema, Raqab Ganj, Darya Ganj, Delhi in presence of witnesses. Mst. Roshan Jahan Begum had made Hiba on 08.05.2001 and Saleem Taimuri had made Hiba on 05.04.2004 and had delivered respective undivided symbolic possession on the respective dates of Hiba. My clients have been left with no right, title and interest in aforesaid property and Mumtaz W/o Zahid is owner of the said property for all purposes and is entitled to deal with the same in any manner she like. All the documents have been delivered to said Mumtaz.

Sd/-
MEENAKSHI, ADVOCATE
Enrol. No. 6430/2018
(M) 8527577903

PUBLIC NOTICE

My clients Sh. Ved Prakash Sharma S/O Sh. Jai Bhagwan Sharma & Veerwati Sharma W/o Sh. Ved Prakash Sharma r/o 4688/16, Jai Mata Market, Tri Nagar, Delhi-110035 has severed their relations with their sons and daughters-in-law i.e. Manish Sharma his wife Ritu Sharma & Pankaj Sharma his wife Shalini Sharma due to their rude & dishonest behavior and illegal threatening to my clients. They shall have no right, claim in my client's moveable and immovable properties. Anybody dealing with them shall be doing so at their risk and costs.

Sd/-
MOHAN SHARMA (Advocate)
Ch. No. 702, Rohini Courts Delhi-85.

PUBLIC NOTICE

It is notified to public at large that my client Ms. Usha Rani W/o Jagan Nath R/o 8/118, Ramesh Nagar, New Delhi-15 has disinherited, disowned, debarred his son Sh. Yash Kashyap & his wife Smt. Seema Kashyap R/o 8/118, Ramesh Nagar, New Delhi-15 from all her movable & immovable properties. She has also severed all her relation with them due to their constant misconduct and misbehavior. My client shall not be held liable any act & conduct for their dealings with other person as my client has no control over them and my client is not responsible for any act.

Amit Prasad (Advocate)
Ch. 712 W. Wings Tis Hazari Court

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my clients (1) Mahendra Kumar Sharma s/o Girdhari Lal Sharma & Santosh Sharma w/o Mahendra Kumar Sharma both R/o I-66, SF, Karampura, New Delhi-110015, have disowned/debarred their son Vinay Kumar Sharma (@ Happy) working with Nextra Communication Pvt. Ltd. Plot No.17-18, Udyog Vihar, Phase-1, Gurugram-122016, & daughter-in-law Ruchi Kaushik from their all assets, moveable & immovable properties located at anywhere & also severed all relations with them as they have become disobedient, dishonest towards my clients. Any person/s dealing with them, shall be at his/her own risk. **Jagdish Chandra Trikha Advocate, M-4, Civil Side, Tis Hazari Courts, Delhi-110054.**

PUBLIC NOTICE

I, Mahender Kumar Garg S/o Gyan Chand Garg Alias Gian Chand Alias Gyan Chand Alias Gian Chand Garg R/o P-190, Krishan Vihar, Street No, 4 and 5, Shri Sheetla Mata Mandir Marg, Delhi-110086 do hereby solemnly affirm and declare as under:-

1. That I have changed my name from Mahender Kumar Garg Alias Mohinder Kumar Garg Alias Mohinder Kumar Alias Mahender Kumar Alias Mahender Garg to **MAHENDER KUMAR, GARG** for all purposes in future vide Weekly Gazette Notification dated 14.12.2019.
2. That name of mine and my father have been wrongly written in my Indian passport No. B 0391983, Matriculation Marks sheet Serial No.c18395, Degree of Bachelor of Commerce Serial No. 622 and other documents as Mohinder Kumar S/o Gian Chand Mahender Kumar S/o Gyan Chand, Mohinder Kumar Garg S/o Gian Chand Garg but actual and correct name of my father is **GYAN CHAND GARG.**

PUBLIC NOTICE

General Public at large is hereby informed that my client AMIT GROVER son of late Shri Satpal Grover, resident of 11/40, West Punjabi Bagh, New Delhi have severed his all relations from his son **Rann Veer Singh Grover (Minor), daughter Shreya Grover and wife Meghna Sahni Grover d/o Shri Mohan Lal Sahni** dis-owned all of them from all their properties movables and immovables due to their disrespectful behaviour and threatening. If any person dealing with aforesaid persons shall be doing so at his own risk, costs and consequences.

Sd/- **(HIMANSHU NAGPAL) ADVOCATE**
OFF: 2790/20, BEADON PURA, AJMAL KHAN ROAD, KAROL BAGH, NEW DELHI-110005

PUBLIC NOTICE

Known to All Men that my client Sh. Ujjager Lal S/o. Sh. Guljari Lal R/o. Gali No. 6, Sangam Vihar Wazirabad Delhi-110084 hereby debar, his Son namely Surender Pal Singh S/o. Sh. Ujjager Lal and his wife and childrens from all his movable and immovable properties situated in Delhi and Uttar Pradesh and swear all his relation from them, any person doing any kind of transaction or relations with them shall be doing their own risk and my client and any other family member shall not be responsible for the same, after publishing this Public Notice.

Sd/-
RAMBIR CHAUHAN (Advocate)
Ch. No. C-85, C.L. Joseph Block, Tis Hazari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that Two Original Builder Buyer's Agreements dated 03/08/1992 and 24/12/1992 executed by M/s. R.C. Sood & Co. Pvt. Ltd. International Trade Tower, Nehru Place, New Delhi – 110 019 in respect of First Floor, Plot No. 71, Block-1, Eros Garden, Faridabad, Haryana has been lost and is not traceable and any person finding the same may contact on this Mobile No. 9711807051 and any person dealing with the original Agreements shall do so at his/her/their own cost and peril.

Mr. Noor Alam, Advocate
Chamber No. 702, Lawyers' Chamber Block, Saket Court Complex, New Delhi – 110017

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed that We, Ramdhan Singh S/o Late Sh. Malkhan Singh and Sushila W/o Ramdhan Singh both resident of WZ-25A, Possangipur Village, Janakpuri, New Delhi-110058 have disowned our son Harish S/o Ramdhan Singh and his wife Priyanka and their respective legal heirs from our movable and immovable properties. We are not responsible for their actions.

Ramdhan Singh and Sushila
Nishtha Chawla (Advocate)
419, Lawyer's Chamber Block,
Dwarka District Court Complex,
New Delhi-110075
Mob: 9999661422

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned and the general public that my client Dr. Harbans Singh Sachdeva son of Shri Sohan Lal Sachdeva of Flat No. 1080, Vikas Kunj, Vikaspuri, New Delhi- 110018, presently at 23, Farview Road, Hope Well Junction, New York-12533, U.S.A. is seeking transfer of HIG Flat No. 1080, situated in the layout plan of the Central Government Service Co-operative Group Housing Society Ltd., Vikas Kunj, Vikaspuri, New Delhi-110018 from the said Society on the basis of Nomination made in his favour by the allottee of the flat Prof. Gurbakhsh Singh son of late Sant Singh, who expired on 10.01.1998, leaving behind Smt. Bhupender Seetal as his only legal-heir, who also died on 17.11.2011. Any person having claim, interest or right in the above flat, being a legal-heir or legal representative of the said persons may file his objection to the Society within thirty days from the issue of this Public Notice, whereafter the Society will act on the basis of the Nomination and do the needful and will not entertain any claim from any person on any basis whatsoever.

Sd/-
B.L. Chawla (Advocate)
Chamber No. 319, Civil Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल श्री राज कुमार पुत्र श्री छोटे लाल और श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री राज कुमार जिनका पता प्लाट न. 86/1, डी ब्लॉक राजीव नगर एक्सटेंशन दिल्ली–110086 ने अपने पुत्र श्री नवीन कुमार और श्री विनय कुमार व पत्नी श्रीमती खुशबू देवी से हर तरह के संबंध विच्छेद कर दिये है और आगे भविष्य मे उनसे कोई व किसी भी प्रकार के संबंध नही रखना चाहते है।

आज के बाद अगर कोई भी व्यक्ति श्री नवीन कुमार और श्री विनय कुमार व पत्नी श्रीमती खुशबू देवी से संबंध रखेगा तो वह अपनी पूर्ण जिम्मेदारी पर ही रखेगा/रखेगी।

मेरे मुवक्किल श्री राज कुमार पुत्र श्री छोटे लाल और श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री राज कुमार की कोई व किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नही होगी। मेरे मुवक्किल पूर्ण रूप से स्वतंत्र होंगे व उनका श्री नवीन कुमार और श्री विनय कुमार व पत्नी श्रीमती खुशबू देवी के पूर्व व भविष्य के कृत्यों से कोई लेन देन नहीं है।

AJAY GARG (ADVOCATE)
Delhi High Court
Enrl No- D-2157/2016

ट्रेन की चपेट में आने से मां और दो बेटियों की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

नई दिल्ली से सटे शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी एक ही परिवार के सदस्य थे और बहादुरगढ़ के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए पटरी के साथ चल रहे थे।

रेलवे पुलिस के उपायुक्त हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे बिहार के बांका जिले के रहने वाले अरुण अपनी पत्नी शांति देवी, आठ साल की बेटी नीतू और अपनी भाभी अलका और भाभी की बेटी 13 साल की लवली और आठ साल की प्रिया के साथ भागलपुर से दिल्ली आए थे। भागलपुर से साप्ताहिक आने वाली इस ट्रेन से वे लोग नई दिल्ली नहीं जाकर शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन पर उतर गए। वे बहादुरगढ़ के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे थे, तभी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की तरफ से आ रही एक ट्रेन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वे सभी गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें तुरंत राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया अलका, लवली और प्रिया को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि शांति देवी और नीतू की हालत गंभीर है। अरुण ने बाल–बाल बच गए।

बच्चों की सुरक्षा में छह स्कूल अव्वल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

पूर्वी दिल्ली के 50 स्कूलों में हनीवेल सेफ स्कूल कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान छह स्कूल बच्चों को सुरक्षा देने के मामले में अव्वल साबित हुए। मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया। सेस्टेनेबल एनवायरमेंट एंड इकोलॉजिकल डेवलेपमेंट सोसाइटी (सीड्स) की ओर से यह कार्यक्रम चलाया गया था। सीड्स के संस्थापक डॉ मनु ने बताया कि विजयी स्कूलों में गर्वमेंट को–एड सेकेंडरी स्कूल, खिचड़ीपुर, ईडीएमसी प्राथमिक बालिका विद्यालय चंद्र विहार मंडावली, ईडीएमसी प्राथमिक बालिका विद्यालय, चिल्ला सरोदा, मयूर विहार फेज 1, आरएसकेवी बालिक विद्यालय, वेस्ट विनोद नगर, एसकेवी बालिका विद्यालय, शंकर नगर, ईडीएमसी प्राथमिक सह–एड स्कूल, पांडव नगर शामिल हैं।

ठंड से दो लोगों की मौत की आशंका, 40 जगह जलेंगे अलाव

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 दिसंबर।

दिल्ली और आसपास में शीतलहर के चलते दो लोगों के शव मिले हैं। दोनों शव पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। पुलिस ने ठंड के चलते मौत होने की आशंका जताकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे हैं। वहीं, प्राधिकरण ने शहर में ठंड के चलते 40 जगहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है। रैन बसेरे के अलावा देर रात तक भीड़–भाड़ वाले इलाकों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। थाना सेक्टर– 49 के एसएचओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सोमवार देर रात हातिम नाम के युवक सेक्टर– 48 के पास शव मिला है। उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं।

The Indian EXPRESS Classifieds FROM ANYTHING TO EVERYTHING
EXPRESS EDUCATION

M. PURI ONLINE
GS PAPER 2
ADMISSIONS OPEN in the latest batch
100+ LECTURES UPDATED WITH LATEST CURRENT AFFAIRS
A course without which your GS Paper 2 preparation is incomplete
Stellar IAS ACADEMY
www.stellariasacademy.online
CALL: 99152-14599

LAW AMBITION LAW INSTITUTE
MUKHERJEE NAGAR
NEW BATCH FOR JUDICIARY
17th DEC. 8800660301
Registration Open Till :16 DEC.
JHARKHAND JUDICIARY MOCK INTERVIEW 2019...
SCARED OF FACING THE REAL INTERVIEW ???
COME HAVE THE MOCK INTERVIEW
REGISTER AS SOON AS POSSIBLE
CALL/MGS - 8800660301/8800662130
Email-ambitionlaw1@gmail.com
PUSA ROAD
17th DEC. NEW BATCH FOR JUDICIARY
JOIN IAS LAW TEST SERIES 22nd DEC.
Toll Free No. : 1800-12000-2001
8800662140, 011-49841810
32-B, 3rd Floor, Pusa Road, Near Metro Pillar No. 122, New Delhi- 110005
www.ambitionlawinstitute.com

Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service 23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

19वीं मंजिल से कूदकर बुजुर्ग ने की आत्महत्या

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 दिसंबर।

सेक्टर–121 स्थित अजनारा होम्स की 19वीं मंजिल से मंगलवार सुबह कूदकर 73 वर्षीय बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली। 19वीं मंजिल से बुजुर्ग आठवीं मंजिल के छज्जे पर जा गिरे। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों से पूछताछ में पता चला है कि बुजुर्ग काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनकी थेरेपी चल रही थी। थाना फेज थ्री पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने लिए हैं।

गुलशन चड्ढा (73) एक निजी कंपनी से सेवानिवृत्त थे। वह अपने बेटे राहुल और मनीष के साथ होम्स 121 की अजनारा सोसायटी में रहते थे। मनीष चड्ढा का फ्लैट 13वीं मंजिल और राहुल का फ्लैट 17वीं मंजिल पर है।

www.readwhere.com

केंद्रीय गृह मंत्री ने किया शिलान्यास, 524 करोड़ होंगे खर्च

200 एकड़ में बनेगा पहला भारत वंदना पार्क

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

200 एकड़ क्षेत्र में दिल्ली में पहला भारत वंदना पार्क तैयार होगा। मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह ने इस पार्क का शिलान्यास किया। पार्क को मिनी भारत की थीम पर तैयार किया जाएगा और इस पर करीब 524 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस मौके पर केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपराज्यपाल अनिल बैजल व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, सांसद प्रवेश वर्मा भी उपस्थित थे। यह पार्क द्वारका में तैयार किया जाएगा और मार्च 2022 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस पार्क में आसानी से जनता पहुंच सके इनको भी शहरी विकास मंत्रालय ने ध्यान में रखा है। यह पार्क डीडीए तैयार करेगा। यह पार्क आइजीआइ एयरपोर्ट से 15 किलोमीटर, द्वारका मेट्रो स्टेशन 9 से 300 मीटर और तैयार हो रहे इंटर नेशनल एक्सपो केंद्र से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर तैयार किया जा रहा है। मंत्रालय का मानना है कि इस पहल ने पार्क को न सिर्फ दिल्ली बल्कि देश व दुनिया से आने वाले लोगों को भी यहां तक लाया जा सकेगा। इस केंद्र सरकार को डीडीए बतौर एक पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित करेगा। दावा किया जा रहा है कि इस प्लान के लागू होने से हरित क्षेत्र में 58 फीसद व जलाशय को 11 फीसद तक विकसित करने में मदद मिलेगी।

इस पार्क को मास्टर प्लान के प्रावधानों के तहत विकसित किया जाएगा। इस पार्क का 11 फीसद क्षेत्र जलाशय के आसपास विकसित किया जाएगा, जिसका प्रयोग बोटिंग के लिए किया जा सकेगा। इन जलाशय के लिए नजदीक के जल शोधन संयंत्र से 200 किलोलीटर प्रतिदिन पानी उपलब्ध कराया जाएगा। यहां आम जनता के लिए बड़ा हरित क्षेत्र होगा जिसका प्रयोग सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। यहां सांस्कृतिक केंद्र, लेन रेस्तरां, पेवेलियन व खानपान के केंद्र तैयार किए जाएंगे। इस पार्क को एक हर्बल वाटिका के तौर पर स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में आने वाले पर्यटकों के लिए पार्किंग की व्यवसथा रहेंगी।

‘40 लाख लोगों के सिर से छत छिनने की चिंता दूर की’

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

मंगलवार भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने कहा कि केंद्र सरकार ने कच्ची कॉलोनी में रहने वालों के सिर से छत छिन जाने का डर खत्म किया है। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग लंबे समय से यह मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना रोककर दिल्ली के गरीबों को आवास से वंचित रखा है। वे दिल्ली की 70 विधानसभाओं में आयोजित बाइक रैली के दौरान आम जनता को सम्बेधित कर रहे थे। बाइक रैली कार्यक्रम की अगुआई भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव ने की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले से इन कॉलोनियों में खुशी की लहर है। 58 महीनों तक दिल्ली सरकार इस योजना को लागू होने से रोकने क लिए पूर्ण कोशिश की लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों के रहने वाले लाखों लोगों को पहले कांग्रेस और फिर आम आदमी पार्टी ने ठगा है। उन्होंने बताया कि अब डीडीए दिल्ली के विभिन्न जगहों पर 50 कैम्प लगाकर रजिस्ट्रेशन का काम कर रही है ताकि लोगों को असुविधा न हो। रजिस्ट्रेशन के काम करने के लिये दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ता भी अलग-अलग टोली बनाकर लोगों की मदद कर रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि लोक-लुभावने वादे करने वाली केजरीवाल सरकार के पास अब दिल्ली के लोगों के सवालों का जवाब नहीं है।

जेएनयू कुलपति के घेराव के आरोप में दो विद्यार्थी को किया गया निलंबित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) कुलपति का घेराव मामले में जेएनयू प्रशासन ने दो विद्यार्थियों पर कार्रवाई की है। दोनों विद्यार्थियों को मामले की जांच पूरी होने तक अकादमिक गतिविधियों से निलंबित करने, छात्रवास से निष्कासित करने और जेएनयू परिसर से बाहर रहने की सजा सुनाई गई है।

जेएनयू के प्रॉक्टर की ओर से सोमवार को दोनों विद्यार्थियों का निलंबन जारी किया गया। निर्देश के मुताबिक दोनों विद्यार्थियों के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। विद्यार्थियों के खिलाफ कुलपति और विश्वविद्यालय के अधिकारियों का घेराव करने, कुलपति की कार को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही अभद्रता व धक्का-मुक्की करने के साक्ष्य हैं। प्रॉक्टर की ओर से कहा गया है कि इन दोनों विद्यार्थियों को परिसर में किसी ने भी जगह दी, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जेएनयू कुलपति की कार के घेराव का मामला शनिवार को सामने आया था। इस संबंध में कुलपति की ओर से कहा गया था कि जब वह स्कूल ऑफ ऑट्र्स एंड एस्थेटिक्स गए थे, तो वहां 10 से 15 विद्यार्थियों ने उनका घेराव किया था और विद्यार्थियों ने उन्हें कार से बाहर खींचने की कोशिश की थी। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें सुरक्षित बचाया। कुलपति के इस आरोप के बाद विद्यार्थियों ने एक वीडियो जारी किया था जिमसें कुलपति की कार की बोनट में एक विद्यार्थी लटका हुआ नजर आ रहा था और कार तेजी से पीछे की ओर जाती दिख रही थी। वहीं, छात्र संघ ने कुलपति पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब विद्यार्थियों ने कुलपति से शुल्क बढ़ोतरी को लेकर सवाल पूछे थे तो कुलपति सवालों से बचते हुए वहां से भाग गए।

परिसर में बना पुलिस कैंप

जेएनयू के विद्यार्थियों के मुताबिक परिसर में प्रशासनिक खंड के पास मौजूद एक पार्क में पुलिस कैंप बनाया गया है। टेंट में बने इस कैंप में कुर्सियां भी डाली गई हैं। वहीं, एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक जेएनयू परिसर में कोई कैंप या चौकी नहीं बनाई गई है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद परिसर में कुछ पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इनमें से कुछ पुलिसकर्मी सादा वर्दी में जबकि कुछ पुलिस की वर्दी में रहेंगे।

प्रधानमंत्री की रैली के लिए भाजपा ने किया भूमि पूजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

22 दिसंबर को रामलीला मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रैली करेंगे। कच्ची कॉलेनियों का पक्का करने के फैसले का स्वागत करने के लिए भाजपा ने यह रैली रखी है। मंगलवार को भाजपा नेताओं ने मैदान में भूमि पूजन व हवन किया और इस कार्य की शुरुआत की। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, राज्यसभा सांसद विजय गोयल, नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, सहित प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक, निगम पार्षद एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नियुक्तियां

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी
विज्ञापन-1/2019
विभिन्न शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.ssvv.ac.in पर उपलब्ध है।
कुलसचिव

‘आप’ और कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं में जिला उपाध्यक्ष आदर्श नगर जिला कांग्रेस पार्टी ललित रोहिल्ला, त्रिनगर विधानसभा के प्रभारी आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ पवन कुमार गर्ग, यूथ विंग ‘आप’ (शकुरपुर मंडल) विशाल मलिक, पूर्व उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी (त्रिनगर) रामधारी शर्मा पप्पू पंडित, अध्यक्ष कांग्रेस जेजे सेल (वजीरपुर) डॉक्टर विनोद कुमार, आप संयोजक बंगाली समिती (शकूरपुर) डॉक्टर विकास मलिक सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा नेताओं ने इन्हें पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं का परीक्षा कार्यक्रम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दसवीं और बाहरवीं की परीक्षाओं की तारीख जारी कर दी हैं। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2020 से शुरू होंगी।

दसवीं कक्षा की परीक्षा तिथियां

15 फरवरी को मीडिया, हेल्थ केअर, सुरक्षा, रिटेलिंग, कृषि, ब्यूटी एंड वेलनेस, फूड प्रोडक्शन, बैंकिंग एंव इंश्योरेंस आदि, 17 फरवरी को गृह विज्ञान, एनसीसी, ई प्रकाशन एवं ई दफ्तर, 20 फरवरी को सूचना प्रौद्योगिकी, मार्केटिंग एंड सेल्स, 24 फरवरी को स्थानीय भाषाएं, 26 फरवरी को अंग्रेजी, 29 फरवरी को हिंदी, 2 मार्च को हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक संगीत, 4 मार्च को विज्ञान, 7 मार्च को संस्कृत, 12 मार्च को गणित (बेसिक और स्टडैंर्ड), 14 मार्च को पेंटिंग, 18 मार्च को सामाजिक विज्ञान और 20 मार्च को कम्प्यूटर ऐप्लीकेशंस, आइसीटी की परीक्षा होगी।

बारहवीं कक्षा की परीक्षा तिथियां

15, 17 और 20 फरवरी को वोकेशनल विषयों की परीक्षाएं होंगी, 22 फरवरी को शारीरिक शिक्षा, 25 फरवरी को आंत्रप्रन्यॉरशिप, ऑफिर प्रॉसिजर, टेक्सटाइल डिजाइन व पारंपरिक भारतीय टेक्सटाइल, 26 फरवरी को वेब ऐप्लीकेशन, 27 फरवरी को अंग्रेजी, 28 फरवरी को संस्कृत, उर्दू, एनसीसी, इंजीनियरिंग साइंस व एअरकंडिशनिंग, 29 फरवरी को इंजीनियरिंग ग्राफिक्स, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, फैशन स्टडीज आदि, 2 मार्च को भौतिक विज्ञान, 3 मार्च को इतिहास, 4 मार्च को मार्केटिंग, 5 मार्च को अकाउंटेंसी, 6 मार्च को राजनीतिक विज्ञान, 7 मार्च को रसायन विज्ञान, 12 मार्च को पर्यटन, 13 मार्च को अर्थशास्त्र, 14 मार्च को जीवविज्ञान, 16 मार्च को हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक संगीत व टेक्सेशन, 17 मार्च को गणित, 18 मार्च को लीगल स्टडीज, 19 मार्च को स्थानीय भाषाएं, 20 मार्च को हिंदी, 21 मार्च को आइपी व कम्प्युटर साइंस, 23 मार्च को भूगोल, 24 मार्च को बिजनेस स्टडीज, 26 मार्च को गृह विज्ञान 28 मार्च को बायोटेक्नोलॉजी और 30 मार्च को समाजशास्त्र विषय की परीक्षा होगी।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
STATE BANK OF INDIA
सार्ब शाखाः सहारनपुर रोड, देहरादून

(नियम 8(1) के तहत) कब्ज़ा नोटिस (अचल सम्पत्ति हेतु)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद-13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी के नाम के सामने दर्शाये गये खाते में उनके नाम के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस की तारीख / उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों में बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया गया था।
ऋणी द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणी और जन सामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने खाते के सामने दी गई तारीख को उक्त नियमों के नियम-8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गई सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन-देन न करें। इन सम्पत्ति से किसी प्रकार का लेन-देन भारतीय स्टेट बैंक, सार्ब शाखा सहारनपुर रोड, देहरादून को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।
बंधक सम्पत्तियों को अवमुक्त कराने हेतु उपलब्ध समय सीमा के सम्बन्ध में उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	बंधक सम्पत्तियों का विवरण	मांग नोटिस तिथि	कब्जा लेने की तिथि	बकाया राशि
1.	ऋणी:- मैसर्स सुरेन्द्र कुमार एवं कम्पनी, रजिस्ट्रार आफिस: 137-बी, नवीन मंडी स्थल, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)- 251001 एवं श्री सुरेन्द्र कुमार सिंघल एच यूएफ (प्रोपराइटर), 844/1 योगेन्द्रपुरी, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)- 251002 एवं श्रीमती मंधु बाला पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार सिंघल, 844/1, योगेन्द्रपुरी, मुजफ्फरनगर -251002 (उ0प्र0)	व्यावसायिक प्लॉट खसरा नं0 1989, ग्राम- सुजडू, मुजफ्फरनगर भूमि क्षेत्र 1695 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामिनी श्रीमती मंधु बाला पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार सिंघल (सब-रजिस्ट्रार ऑफिस मुजफ्फरनगर (उ0प्र0), दस्तावेज नं0/ बिक्री विलेख नं0 1776 पेज नं0 179 से 194 वोल्यू नं0 2820 दिनांक 22.02.2006 पर पंजीकृत है।)	29.06.2019	13.12.2019	रु. 1,52,47,335.20/- दिनांक 28.06.2019 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य व्यय दिनांक 29.06.2019 से
2.	ऋणी:- मैसर्स संगल एवं कम्पनी, रजिस्ट्रार ऑफिस: 201-बी, नवीन मंडी स्थल, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)- 251001, एवं श्री सुरेन्द्र कुमार सिंघल एचयूएफ (प्रोपराइटर), 844/1 योगेन्द्रपुरी, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) -251002 एवं श्रीमती मोनिका संगल पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार, 844/1, योगेन्द्रपुरी मुजफ्फरनगर- 251001 (उ0प्र0)।	व्यावसायिक प्लॉट खसरा नं0 693, ग्राम- सिसौना, मुजफ्फरनगर भूमि क्षेत्र 2412.86 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामी श्री सुरेन्द्र कुमार सिंघल पुत्र श्री दाताराम (सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में दस्तावेज नं0/बिक्री विलेख नं0 9375 पेज नं0 325 पेज नं0 551 से 558 वोल्यू नं0 2868/2909 एडी दिनांक 29.07.2019 पर पंजीकृत है। एवं सब-रजिस्ट्रार ऑफिस- मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) पर दस्तावेज नं0/बिक्री विलेख नं0 9393 पेज नं0 374/675 से 682 वॉल्यू नं0 2849/2909 एडी दिनांक 05.09.1986 पर पंजीकृत है।	29.07.2019	13.12.2019	रु. 1,51,61,832.77 दिनांक 28.07.2019 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य व्यय दिनांक 29.07.2019 से
3.	ऋणी:- मैसर्स कुमार इंडस्ट्रीज, रजिस्ट्रार ऑफिस: प्लॉट नं0 1, हरिजन इंडस्ट्रीयल एस्टेट, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)- 251001 एवं श्री सुरेन्द्र कुमार सिंघल एचयूएफ (प्रोपराइटर), 844/1 रामपुरम तहसील-सदर, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)- 251002 एवं श्रीमती मोनिका संगल पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार, 844/1, योगेन्द्रपुरी मुजफ्फरनगर- 251001 (उ0प्र0)।	औद्योगिक सम्पत्ति खसरा नं0 1965, ग्राम- सिसौना, मुजफ्फरनगर भूमि क्षेत्रफल 1100 वर्ग गज एवं 919.60 मीटर सम्पत्ति स्वामी श्री सतेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार एवं श्रीमती मोनिका सिंघल पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार (कवर्ड सब-रजिस्ट्रार ऑफिस- मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) में दस्तावेज नं0/बिक्री विलेख नं0 8627 पेज नं0 115 से 120 वॉल्यू नं0 3937 दिनांक 03.12.1999 पर पंजीकृत है।)	29.08.2019	13.12.2019	रु. 1,64,31,602.28 दिनांक 28.08.2019 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य व्यय दिनांक 29.08.2019 से

दिनांक: 13.12.2019 स्थान: मुजफ्फरनगर प्राधिकृत अधिकारी

www.readwhere.com

जामिया मिल्लिया इस्लामिया हिंसा मामला

दस लोग 31 तक न्यायिक हिरासत में

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पास नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनों के बाबत गिरफ्तार किए गए 10 लोगों को दिल्ली की एक अदालत ने 31 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कामरान खान ने पहले 10 गिरफ्तार लोगों में से छह लोग जिसमें मोहम्मद हनीफ, दानिश उर्फ जफर, समीर अहमद, दिलशाद, शरीफ अहमद, मोहम्मद दानिश को न्यायिक हिरासत में भेजा था। पुलिस ने 14 दिन के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ की इजाजत मांगी थी। हालांकि बाद में अदालत ने अन्य चार यूनुस खान, जुम्मन, अनल हसन, अनवार काला को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने जामिया के समीप हिंसा में शामिल होने के आरोप में सोमवार रात को इन्हें गिरफ्तार किया था। इनमें से कोई भी छात्र नहीं है।

आरोपियों की पहचान रविवार को जामिया में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लिए गए वीडियो के जरिए की गई। विश्वविद्यालय रविवार और सोमवार को उस समय जंग के मैदान में तब्दील हो गया था जब पुलिस परिसर में घुस आई थी और वहां बल प्रयोग किया था। प्रदर्शन के दौरान रविवार को हिंसा और आगजनी हुई थी जिसमें चार डीटीसी बसों, 100 निजी वाहन और 10 पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। मंगलवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से लगा बाटला हाउस बाजार दोपहर तक सुनसान रहा और यहां स्टेशनरी की दुकान चलाने वाले भी अपने पहले ग्राहक की प्रतीक्षा करते रहे। बाटला हाउस, न्यू गोले, अबु फजल, जाकिर नगर और गफ्फार मंजिल इलाके में मंगलवार की सुबह से ही सन्नाटा छाया हुआ रहा।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बाहर मानव शृंखला बनाकर विरोध जताया।

विरोध में जामिया के बाहर प्रदर्शन जारी

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ मंगलवार को भी जामिया मिल्लिया में प्रदर्शन जारी रहा। इलाके में तनावपूर्ण शांति है। विद्यार्थी और स्थानीय नागरिकों समेत प्रदर्शनकारियों ने सुबह करीब 10 बजे विश्वविद्यालय के गेट नंबर 7 पर जमा होना शुरू कर दिया। इस दौरान 'आवाज दो, हम एक हैं' जैसे नारे लग रहे थे। लोगों के हाथों में तिरंगे और पोस्टर थे। इस दौरान यहां पर कई लोगों ने मानव शृंखला बनाई। विद्यार्थियों ने बताया कि उनके कई दोस्त अपने घर जा चुके हैं लेकिन उन्होंने यहीं रहने का और तब तक लड़ाई जारी रखने का फैसला किया जब तक कि कानून वापस नहीं लिया जाता है। रविवार को प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद यह लगातार दूसरा दिन है, जब शांतिपूर्ण प्रदर्शन हो रहा है। सुखदेव विहार मेट्रो स्टेशन के पास विश्वविद्यालय जाने वाले रास्तों पर पुलिसकर्मी तैनात थे। सुखदेव विहार और जामिया मिल्लिया इस्लामिया मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश द्वार खुले रहे। सोमवार को हजारों की संख्या में विद्यार्थियों ने घटना की जांच की मांग की।

एबीवीपी ने समर्थन में डीयू में निकाली रैली : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने मंगलवार को डीयू में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में रैली निकाली। इसमें बड़ी संख्या में डीयू के विद्यार्थी शामिल हुए।

गृह मंत्रालय ने गोली चलने से इनकार किया

जामिया में हुए हिंसक विवाद पर गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रविवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पास प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने गोली नहीं चलाई लेकिन इलाके से कारतूस का एक खोखा बरामद हुआ है। कुल तीन व्यक्तियों को सफदरजंग और होली फैमिली अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

जिस व्यक्ति को होली फैमिली अस्पताल में भर्ती कराया गया, उसके शरीर पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था और अस्पताल से उसे छुट्टी दे दी गई है। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि दिल्ली पुलिस ने कोई गोली नहीं चलाई। हालांकि, मौके से बरामद हुए कारतूस के खाली खोखे को लेकर जांच जारी है।

उस कथित वीडियो क्लिप के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें पुलिसकर्मी के साथ कथित तौर पर सिविल कपड़ों में एक व्यक्ति नजर आ रहा है, अधिकारी ने कहा कि वह व्यक्ति दिल्ली पुलिस का कॉन्स्टेबल है। दक्षिणपूर्वी जिले में तैनात है और ऑटो चोरी रोकने वाले दस्ते का हिस्सा है।

एक अन्य सवाल के जवाब में, अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस के पास घटना वाले दिन रबर की गोलियां नहीं थीं। एक स्थानीय विधायक से जुड़े सवाल पर अधिकारी ने कहा, 'यदि किसी को हिंसा में शामिल पाया जाता है तो, वह जो भी हो, उसके विरूद्ध उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

वाम छात्र संगठनों ने जामिया के विद्यार्थियों के पक्ष में किया प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

वामपंथी छात्र संगठनों ने मंगलवार को एकत्र होकर डीयू में सीएए के खिलाफ और जामिया के विद्यार्थियों के समर्थन एवं एबीवीपी द्वारा आइसा के साथ मारपीट के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जमकर नारेबाजी की।

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) का कहना है कि सोमवार को कुछ छात्र डीयू में जामिया के विद्यार्थियों पर पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने उनके ऊपर हमला किया। इसी के विरोध में मंगलवार को दोबारा विद्यार्थियों ने दोपहर करीब दो बजे प्रदर्शन किया तो मंगलवार को भी मारपीट की गई। जिसकी लिखित शिकायत मौरिस नगर थाने में दी गई है। इस बारे में आइसा दिल्ली की अध्यक्ष कवलप्रीत कौर का कहना है कि हमलोग शांतिपूर्ण तरीके से एबीवीपी की गुंडागर्दी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। विद्यार्थी वापस जाने लगे तो एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जाकिर हुसैन की छात्रा के मारपीट की।

उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री की शांति की अपील

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में हुई हिंसक घटनाओं के बाद मंगलवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम जनता से शांति की अपील की है। उपराज्यपाल ने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे शांति बनाएं रखें। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार की हिंसा में शामिल नहीं हो और किसी के बहकावे में भी ना आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सभ्य समाज में किसी भी तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। हिंसा से कुछ हासिल नहीं होगा और अपनी बात शांति से कहनी है।

आरोप-प्रत्यारोप

'आप' नेताओं के भड़काऊ भाषण जिम्मेदार : भाजपा

नई दिल्ली। मंगलवार को भाजपा नेताओं ने हिंसक प्रदर्शन के लिए आम आदमी पार्टी व कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा नेता विजय गोयल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले लोग पहले शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हैं और बाद में वह प्रदर्शन अग्र हो जाता है। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में होड़ लगी हुई है कि कौन कितना भड़का सकता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद ही प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा नेता विजेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में नागरिकता कानून के खिलाफ हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के लिए आम आदमी पार्टी नेताओं के भड़काऊ भाषणों को जिम्मेदार ठहराया है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि ओखला विधायक अमानतुल्ला खान के भड़काऊ भाषण के बाद जामिया में हिंसा भड़की। कहा कि मंगलवार को भी सीलमपुर क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के विधायक हाजी इशराक खान ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया जिसके कारण वहां हिंसक प्रदर्शन हुए। **(जसं)**

कांग्रेस ने भाजपा और 'आप' पर साधा निशाना

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ व दिल्ली के सीलमपुर व जामिया में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिसिया कहर, आंसू गैस व लाठी चार्ज व वहां हुई हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें। चोपड़ा ने कहा कि इस असंवैधानिक कानून के खिलाफ कांग्रेस द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी आंदोलन से परेशान भाजपा सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की गंदा खेल खेल रही है और उसको आप आदमी पार्टी और केजरीवाल का मौन समर्थन हासिल है।



प्रदेश प्रवक्ता मुकेश शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली में हिंसा का गुजरात मॉडल लागू कर-के अपना राजनीतिक हित साधने में लगी हुई है। उधर, कांग्रेस के पूर्व विधायक हसन अहमद ने करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में बाकायदा एक जुलूस निकालकर लोगों से किसी उकसावे में नहीं आने और शांति बनाए रखने की अपील की। **(जसं)**

कानून को लेकर किया जा रहा है झूठा प्रचार : महेश शर्मा

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 दिसंबर।

गौतम बुद्ध नगर सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि नागरिकता कानून पर देश को बदनाम करने के लिए झठा प्रचार किया जा रहा है, कि संशोधन से देश में रहने वाले अल्पसंख्यक, विशेषकर मुसलमानों के अधिकार कम हो जाएंगे। यह आरोप पूरी तरह से तथ्यों से विपरीत है। इस संशोधन से भारत के किसी भी नागरिक के किसी भी तरह के अधिकार में कोई कटौती नहीं होगी। उन्होंने जनता से ऐसे असमाजिक तत्वों के जाल में न फंसकर उनके मनसूबे असफल करने की अपील की है। डॉ. शर्मा ने बयान जारी कर कहा कि हाल ही में संसद के दोनों सदनों में नागरिकता संसोधन विधेयक पारित हुआ है।

adani Gas

ADANI GAS LIMITED
Registered Office: "Adani House", Near Mithakhali Six Roads, Navrangpura, Ahmedabad 380 009 | Phone : 079-26565555 | Fax : 079-26565500
Email : info@adani.com | Website : www.adanigas.com
(CIN: L40100GJ2005PLC046553)

Recommendation of the Committee of Independent Directors **("IDC")** constituted by the board of directors of Adani Gas Limited **("Target Company")** on the open offer made by TOTAL HOLDINGS SAS **("Acquirer")** to the public shareholders of the Target Company, for acquiring up to 27,71,46,602 (Twenty Seven Crore Seventy One Lakhs Forty Six Thousand Six Hundred and Two) fully paid up equity shares having a face value of INR 1 (Rupee One) each **("Equity Share")**, constituting 25.2% (Twenty Five point Two per cent) of the Equity Shares and Voting Share Capital of the Target Company **("Open Offer")**, pursuant to Regulation 26(7) of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011, as amended (the **"SEBI SAST Regulations"**).

1	Date	December 17, 2019
2	Name of the Target Company (TC)	**Adani Gas Limited**
3	Details of the Offer pertaining to TC	The Open Offer has been made by the Acquirer pursuant to and in compliance with Regulations 3(1) and 4 read with Regulations 13(1) and 15(1) of the SEBI SAST Regulations for the acquisition of up to 27,71,46,602 (Twenty Seven Crore Seventy One Lakhs Forty Six Thousand Six Hundred and Two) Equity Shares, representing 25.2% (Twenty Five point Two per cent) of the Equity Shares and Voting Share Capital of the Target Company, at a price of INR 149.63 (Rupees One Hundred and Forty Nine and Sixty Three Paise only) per Equity Share ("Offer Price"), payable in cash.
4	Name(s) of the acquirer and PAC with the acquirer	**The Acquirer:** TOTAL HOLDINGS SAS **("Acquirer")**. **Person Acting in Concert (PAC):** Acquirer has stated that it does not have any person acting in concert with it, as defined under Regulation 2(1)(q) of the SEBI SAST Regulations, for the purpose of this Open Offer.
5	Name of the Manager to the offer	**Citigroup Global Markets India Private Limited ("Manager")** **SEBI Registration Number:** INM000010718 **Regd. Off.:** 1202, 12th Floor, First International Financial Centre, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai 400098 **Tel:** +91 22 61759999 | **Fax:** +91 22 61759898 **Website:** www.online.citibank.co.in/rhtm/citigroupglobalscreen1.htm **Email:** adanigas.openoffer@citi.com **Contact Person:** Ms. Garima Maheshwari
6	Members of the Committee of Independent Directors (Please indicate the chairperson of the Committee separately)	1. Mr. Maheswar Sahu, Chairman 2. Mr. Naresh Kumar Nayyar, Member 3. Mrs. Chandra Iyengar, Member
7	IDC Member's relationship with the TC (Director, Equity shares owned, any other contract / relationship), if any	The Members of the IDC are Independent Directors on the Board of Directors of the Target Company. None of the Members of the IDC hold any Equity Shares or other securities of the Target Company. None of the Members of the IDC have entered into any contract or have any relationship with the Target Company.
8	Trading in the Equity shares/ other securities of the TC by IDC Members	None of the Members of IDC hold Equity Shares or other Securities of the Target Company and have not traded in equity shares/ other securities of the Target Company during a period of 12 months prior to the date of the public announcement relating to the Open Offer issued by the Manager to the Open Offer on behalf of the Acquirer on October 14, 2019; and since then till date.
9	IDC Member's relationship with the acquirer (Director, Equity shares owned, any other contract / relationship), if any	None of the Members of IDC is a Director of the Acquirer. They neither have any contractual relationship with Acquirer nor hold any equity shares of the Acquirer.
10	Trading in the Equity shares/ other securities of the acquirer by IDC Members	Not applicable
11	Recommendation on the Open offer, as to whether the offer is fair and reasonable	Based on a review of the public announcement **("PA")**, the detailed public statement **("DPS")** and Letter of Offer **("LOF")** relating to the Open Offer issued by the Manager to the Open Offer on behalf of the Acquirer, the IDC is of the opinion that the Offer Price offered by the Acquirer through the PA, the DPS and the LOF: • is in accordance with the the SEBI SAST Regulations; and • appears to be fair and reasonable. However, with regard to reasonableness of the price, IDC would like to draw the attention of shareholders to the current market value of the shares of the Company. The shareholders of the Target Company should independently evaluate the offer and take their own informed decision. They are also advised to seek appropriate tax opinion before taking any decision.
12	Summary of reasons for recommendation (IDC may also invite attention to any other place, e.g. company's website, where its detailed recommendations along with written advice of the independent adviser, if any can be seen by the shareholder.)	IDC has taken into consideration the following for making the recommendation: IDC has evaluated the PA, the DPS and the Letter of Offer **("LOF")** dated December 11, 2019, issued by the Manager to the Open Offer on behalf of the Acquirer. Further IDC has engaged Grant Thornton India LLP as Independent Advisors and received its opinion. Based on the above, the IDC is of the opinion that under Regulation 8(2)(a) to (f), the Offer Price of INR 149.63 per share under Regulation 8(2)(a) is the highest price and that the Offer Price of INR 149.63 (Rupees One Hundred and Forty Nine and Sixty Three Paise only) per Offer Share is fair and reasonable and recommends the acceptance of the Open Offer, in light of the following: • The Equity Shares are frequently traded on the stock exchanges within the meaning and definition of "frequently traded shares" under clause (j) of sub-regulation (1) of Regulation 2 of the SEBI SAST Regulations. • The Offer Price offered by the Acquirers is fair and reasonable in terms of Regulation 8(2) of the SEBI SAST Regulations. However, it is advised to the shareholders to independently evaluate the Open Offer and take an informed decision before participating in the Open Offer.
13	Details of Independent Advisors, if any.	Grant Thornton India LLP 16th Floor, Tower II, Indiabulls Finance Centre, S B Marg, Elphinstone (W), Mumbai - 400013.
14	Any other matter(s) to be highlighted	None

To the best of our knowledge and belief, after making proper enquiry, the information contained in or accompanying this statement is, in all material respect, true and correct and not misleading, whether by omission of any information or otherwise, and includes all the information required to be disclosed by the Target Company under the SEBI SAST Regulations.

For and on behalf of Committee of Independent Directors of
Adani Gas Limited
Maheswar Sahu
Chairman of Committee of Independent Directors
DIN : 00034051

Place: Ahmedabad
Date: 17/12/2019

टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लिमिटेड
TATA
7वाँ तल, विडियोकॉन टावर, झण्डेवालान एक्स्टेंशन, नई दिल्ली-110055

मांग सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 (''नियमावली'') के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') की धारा 13 (2) के अंतर्गत

सेवा में
1. **मनोहर अरोड़ा,** एच. नं. 25/8, मरला, न्यू कॉलोनी, पलवल, हरियाणा-121102
2. **मोना अरोड़ा,** एच. नं. 25/8, मरला, न्यू कॉलोनी, पलवल, हरियाणा-121102
3. **मै. ओम साई एण्टरप्राईजेज,** द्वारा उसके प्रॉप. मनोहर अरोड़ा, एच. नं. 25/8, मरला, न्यू कॉलोनी, पलवल, हरियाणा-121102

प्रिय महोदय/महोदया,

एलएएन 7280161 में 30.4.2017 को टीसीएफएसएल की दिल्ली शाखा द्वारा आपको स्वीकृत होम इक्विटी (एलएपी) ऋण के अंतर्गत आगे के ब्याज के साथ **12 दिसम्बर, 2019** को टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. (यहां के बाद टीसीएफएसएल वर्णित) के लिये ऋण खाता सं. 7280161 में **रु. 1,24,53,778.38 (रुपये एक करोड़ चौबीस लाख तिड़ेपन हजार सात सौ अठहत्तर एवं पैसे अड़तीस मात्र)** की राशि बकाया हो गया है। हमारी बार-बार की गई मांगों के बावजूद आपने अपनी खाता में बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है जिसे टीसीएफएसएल के बकाये के पुनर्भुगतान में आपकी चूक के कारण भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशों के अनुसार **8 दिसम्बर, 2019 को** एनपीए खाता के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. के प्राधिकृत अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैंने उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना तिथि 11 मार्च, 2018 जारी कर आपको सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर आगे के ब्याज एवं लागतों के साथ ऋण खाता में रु. **रु. 1,24,53,778.38 (रुपये एक करोड़ चौबीस लाख तिड़ेपन हजार सात सौ अठहत्तर एवं पैसे अड़तीस मात्र)** की उक्त ऋण राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जिसमें विफल होने पर टीसीएफएसएल नीचे वर्णित संपत्ति पर टीसीएफएसएल के पक्ष में आपके द्वारा निर्मित प्रतिभूति हित के प्रवर्त्तन सहित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत वर्णित किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

संपत्तियों की अनुसूची

सम्पूर्ण मकान सं. 25/8, माप 200 वर्ग यार्ड्स (सचिदानंद पार्क के निकट), मरला न्यू कॉलोनी, पलवल, हरियाणा-121102. बिक्री प्रलेख तिथि 17.3.2015 के अनुसार चौहद्दी इस प्रकार है:
पूर्वः अन्य **पश्चिमः रोड**
उत्तरः प्लॉट नं. 24, **दक्षिणः प्लॉट नं. 26**

चूंकि सूचना दिसम्बर 12, 2019 आपके उस पते जिसमें आप मूल रूप से निवास/ व्यवसाय/ व्यक्तिगत लाभ के लिए कार्य करते हैं, पर भेजी गई जो सर्व नहीं हो सकी अतः हम इस सूचना को प्रकाशित करने के लिए बाध्य हैं। एतद् द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत आपको निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना के 60 दिनों के भीतर ऊपर वर्णित अपनी देयताओं को निष्पादित करें, अन्यथा टीसीएफएसएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार आप बिक्री, पट्टा या अन्य रूप से उक्त प्रतिभूत परिसंपत्तियों का अंतरण नहीं करेंगे।

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 18 दिसम्बर, 2019

(प्राधिकृत अधिकारी)
टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि.

ऐक्सिस बैंक **आधिपत्य नोटिस**

रिटेल एसेट्स सेंटर : प्रथम तल, जी-4/5, बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ-226010
कारपोरेट आफिस : तृतीय तल, ब्लाक-बी, बाम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधाकर मार्ग, वर्ली मुम्बई-400 025
रजिस्टर्ड आफिस : 'त्रिशूल', तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डेन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380 006

जबकि अधोहस्ताक्षरी, ऐक्सिस बैंक लि0 के प्राधिकारी, ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रीकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेन्ट) रूल, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किये गये। उक्त वर्णित उधारकर्ता राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, अतः एवं उक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से एवं सर्वसाधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उन्हें उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **भौतिक कब्जा** ले लिया है। उपरोक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें तथा उक्त सम्पत्ति के साथ किया जाने वाला कोई सौदा **ऐक्सिस बैंक लि0** के साथ उक्त नोटिस में वर्णित वार्षिक ब्याज, अनुषंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि समेत से प्रभावी, मॉर्टगेज के विषयाधीन होगा। ऋणी/सह-ऋणी/बन्धकर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

क्र. सं.	ऋणी/ सह-ऋणी एवं जमानतकर्ता का नाम एवं पता	सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति)	कुल बकाया धनराशि
1.	**श्री इकान फैसल (ऋणी),** पुत्र फसी उल्लाह निवासी 273, चामुण्डा वाली गली, बारवालॉन, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत-244001 **एवं:** द्वारा इकान मेटल इण्डस्ट्रीज, चामुण्डा मन्दिर, बारवालॉन, मुरादाबाद, 3090, भारत-244001 **श्री गुलफाम फसी (सह-ऋणी),** पुत्र फसी उल्लाह निवासी 273, चामुण्डा वाली गली, बारवालॉन, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत-244001	स्थित ई डब्ल्यू एस, म0नं0 6ग, कबीर नगर आवासीय योजना, रामपुर रोड, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत **क्षेत्रफल-53.35 वर्गमी0** **चौहद्दी: पूर्व:** सड़क **पश्चिम:** ईडब्ल्यूएस म0नं0 ग/11, **उत्तर :** ईडब्ल्यूएस म0नं0 ग/07, **दक्षिण:** ईडब्ल्यूएस म0नं0 ग/05	**रु.22,60,870.00** दिनांक 13.07.2018 +देय ब्याज व अन्य खर्चे **देय सूचना की तिथि** **13.07.2018** **कब्जा दिनांक** **13.12.2019**
2.	**श्री अब्दुल समद अफजल (ऋणी),** पुत्र श्री अफजल अली निवासी म0नं0-135, खोकरन्स तबाकिया खोकरन्स मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत-244001 **एवं:** द्वारा मैसर्स शाने करीम होटल अफजल, गढ़ रोड, नूरी मस्जिद, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001 **श्रीमती अनवर फातमा (सह-ऋणी),** पत्नी श्री अफजल अली निवासी म0नं0-135, खोकरन्स तबाकिया खोकरन्स मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत-244001	स्थित म0नं0 ईडब्ल्यूएस, ग-28, कबीर नगर योजना, रामपुर रोड, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001 **क्षेत्रफल-53.76 वर्गमी0** **चौहद्दी: पूर्व:** म0नं0 ईडब्ल्यूएस ग-45, **पश्चिम:** 5.40 मी0 चौड़ी सड़क, **उत्तर :** म0नं0 ईडब्ल्यूएस ग-29, **दक्षिण:** म0नं0 ईडब्ल्यूएस ग-27.	**रु.8,27,823.00** दिनांक 20.01.2018 +देय ब्याज व अन्य खर्चे **देय सूचना की तिथि** **20.01.2018** **कब्जा दिनांक** **13.12.2019**

दिनांक : 18.12.2019, स्थान : लखनऊ

(प्रा0 अधिकारी) एक्सिस बैंक लि0

www.readwhere.com

हर बच्चे को मिल रहा शिक्षा का अधिकार

शिक्षा की मशाल से जीवन उजियारा

योगी आदित्यनाथ की सरकार ने स्कूल चलो अभियान, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मध्याह्न भोजन, मिशन टॉपर, ऑपरेशन कायाकल्प, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान जैसी अनेक योजनाएं चलाकर उत्तर प्रदेश में शिक्षा को हर विद्यार्थी की पहुंच में ला दिया है।

वर्तमान सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता पर फोकस किया है। उच्च शिक्षा में सत्र नियमित किया गया है। अवस्थापना सुविधाएं बढ़ायी जा रही हैं। 48 नये राजकीय कॉलेजों तथा 2 नये राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की नकलविहीन परीक्षा कराने में सफलता मिली। मात्र एक महीने के रिकॉर्ड समय में परीक्षा कराकर परिणाम घोषित किया गया। एनसीईआरटी की तर्ज पर पाठ्यक्रम अपनाया गया, जिससे अखिल भारतीय सेवाओं में यूपी बोर्ड के विद्यार्थी सफल हो सकें।

*– **योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश*

योगी आदित्यनाथ ने जगाई शिक्षा की अलख, रोशन हुआ उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में नयी अलख जगायी है। 32 महीने के कार्यकाल में प्रदेश में स्कूली शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की पहुंच सार्वभौमिक हो गई है। आज प्रदेश के हर हिस्से में सरकारी स्कूलों का जाल बिछ चुका है। सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में भी सरकारी स्कूलों ने उपस्थिति दर्ज करा दी है। कई स्कूल तो गुणवत्ता में निजी स्कूलों को भी मात दे रहे हैं।

माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में भी इस सरकार ने उपलब्धियों के कई नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। 'स्कूल चलो अभियान' में इस वर्ष 1.80 करोड़ बच्चों का नामांकन कराया गया।

15,000 प्राथमिक विद्यालयों और 1000 उच्च माध्यमिक विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित किया गया। प्रदेश के स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू किया गया। इन स्कूलों में मदरसे भी शामिल हैं। कक्षा 1 से 8 तक के सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस, स्कूल बैग, स्वेटर, जूता और मोजा का वितरण कराया गया। उन्हें मध्याह्न भोजन योजना से भी लाभान्वित कराया गया। निजी विद्यालयों में ली जाने वाली फीस को विनियमित करने के लिए उत्तर प्रदेश स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 लागू किया गया।

स्कूल न आने वाले बच्चों के चिह्नांकन, पंजीकरण और नामांकन के लिए प्रदेश सरकार ने एक नवीन कार्यक्रम **'शारदा-स्कूल हर दिन आयें'** शुरू किया। इसके तहत 80,836 बच्चों को प्रवेश दिलाया गया।

शिक्षा के महायज्ञ में जाति, लिंग या धर्म पर ध्यान दिये बिना सभी को शामिल करने पर जोर दिया गया है। इसका नतीजा यह हुआ कि आज प्रदेश के ज्यादातर परिवार सार्वजनिक शिक्षा की पहुंच के दायरे में आ चुके हैं। आज सही मायनों में प्रदेश में स्कूली शिक्षा का सार्वभौमिकरण हुआ है। एक प्रदेश के रूप में 'सभी तक शिक्षा की पहुंच' का लक्ष्य करीब-करीब हासिल कर लिया गया है। इसके सबसे बड़े लाभार्थी ऐसे समुदाय हैं जिनकी पहली पीढ़ी तक शिक्षा की पहुंच बनी है।

15,000 प्राथमिक विद्यालय और 1,000 उच्च माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षक दिवस के अवसर पर 'अध्यापक पुरस्कार समारोह' में शिक्षिका को सम्मानित करते हुए।

बालिका शिक्षा ग्रेजुएट स्तर तक निःशुल्क

बालिकाओं को ग्रेजुएट स्तर तक निःशुल्क शिक्षा और राजकीय इंटर कॉलेजों में सह शिक्षा की व्यवस्था की गयी। दूरस्थ शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने जाने से बालिकाओं को होने वाली दिक्कतें दूर करने के लिए शैक्षिक दृष्टि से सबसे पिछड़े 25 ब्लॉकों में बालिका छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। 107 ब्लॉकों में बालिका छात्रावास का निर्माण प्रगति पर है।

45,383 शिक्षकों की भर्ती

शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए वर्ष 2018 में प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में 45,383 अध्यापकों की भर्ती की गयी। ये पद पिछली सरकारों के वक्त से खाली थे।

69000 शिक्षकों की भर्ती अन्तिम चरण में है।

माध्यमिक शिक्षा की तस्वीर बदली

माध्यमिक शिक्षा का भी कायाकल्प हुआ है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने 149 पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेजों का संचालन शुरू किया। इनमें शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 4,150 पदों का सृजन किया गया। 7 नवीन राजकीय इण्टर कॉलेज एवं एक राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण किया गया। 193 नये इण्टर कॉलेज शुरू किये गये और 55 नये इण्टर कॉलेजों की स्वीकृति प्रदान की गयी। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं नकलविहीन हुईं।

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, पुरस्कार

पहली बार, मेधावी विद्यार्थियों को एक लाख रुपये की धनराशि, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। **'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना'** के तहत 100 टॉपर छात्राओं, 100 टॉपर एससी/एसटी छात्र-छात्राओं तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा के 300 टॉपर विद्यार्थियों को लैपटॉप दिया गया।

चतुर्दिक बदलाव के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में

बुनियादी शिक्षा का हो रहा कायाकल्प

- ऑपरेशन कायाकल्प से प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के सीखने का स्तर ऊपर उठेगा
- विद्यालयों का स्तर भी बेहतर होगा

स्वकेन्द्र परीक्षा प्रणाली, सपुस्तक परीक्षा प्रणाली और कक्षा आठवीं तक किसी विद्यार्थी को फेल न करने की नीतियों ने प्रदेश में शिक्षा का स्तर बहुत नीचे गिरा दिया था। कक्षा 3 का बच्चा हिन्दी की एक लाइन नहीं पढ़ पाता था। कक्षा 5 का बच्चा दो अंकों की संख्या जोड़ नहीं पाता था। समय-समय पर होने वाले सर्वे में यह तथ्य सामने आते रहे हैं। शिक्षा को गर्त से निकाल कर फिर से पटरी पर लाने के लिए प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से **'ऑपरेशन कायाकल्प'** संचालित कर रही है।

यह अभियान कक्षा 1 से 5 तक के लिए चलाया जा रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और नेशनल अचीवमेंट सर्वे में सामने आता रहा कि जो लर्निंग इंडीकेटर निर्धारित किये गये हैं, वहां तक बच्चे पहुंच ही नहीं पाते। इसलिए बच्चों को लर्निंग इंडीकेटर तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को दो समूहों में बांट कर पढ़ाया जायेगा। कक्षा 1 व 2 के बच्चे एक समूह में होंगे और कक्षा 3, 4, 5 के बच्चे दूसरे समूह में। इसके लिए कक्षा आधारित स्तर नहीं, बल्कि बच्चों के स्तर के मुताबिक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया शुरू की गयी। इस कार्यक्रम का बेसलाइन, छमाही व वार्षिक मूल्यांकन किया जाएगा। छमाही सितम्बर में और वार्षिक मूल्यांकन फरवरी में किया जाता है। कक्षा 1 व 2 में सरल वाक्यों को पढ़ना, 1 से 20 अंकों को पहचानना, 20 तक के अंकों के साथ जोड़-घटाव आना चाहिए। वहीं कक्षा 3 से 5 में सरल अनुच्छेद पढ़ना, मौलिक विचारों की अभिव्यक्ति और 100 तक के अंकों को पहचानना शामिल है।

कायाकल्प इसके तहत 91,236 स्कूलों में अतिरिक्त क्लास रूम, बाउण्ड्री वॉल, गेट, शौचालय, पेयजल व विद्युतीकरण कार्य कराये गये।

'ऑपरेशन कायाकल्प' के अन्तर्गत नवीन सुविधाओं से सज्जित विद्यालय।

'ऑपरेशन कायाकल्प'

मुख्यमंत्री की परिकल्पनाओं को साकार करने के लिए संचालित किया जा रहा 'ऑपरेशन कायाकल्प' शिक्षा के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के साथ ही एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण के लिए चलाया गया अभियान है। इसका मकसद यह है कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के पठन-पाठन के स्तर में सुधार किया जाये। विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जाये। स्तर के अनुरूप शिक्षण की व्यवस्था को प्रभावी-ढंग से लागू किया जाये। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि किसी भी बच्चे के लिए पठन-पाठन की व्यवस्था उसके वास्तविक शैक्षिक स्तर को चिह्नित करते हुए की जायेगी।

एक माह पहले ही वितरित होगी छात्रवृत्ति और प्रतिपूर्ति की राशि

उत्तर प्रदेश सरकार ने इस बार छात्रवृत्ति और फीस भरपाई की सरकारी मदद के भुगतान में अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर समाज कल्याण निदेशालय उन विद्यार्थियों के खातों में फीस प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति की राशि दिसम्बर में ही भेजने की तैयारी में तेजी से जुटा हुआ है। पहले यह मदद 26 जनवरी को मिलती थी।

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और फीस प्रतिपूर्ति की पिछले सालों में जो प्रक्रिया अपनायी जाती थी, उसके मुताबिक, जिन छात्र-छात्राओं के आवेदन की प्रक्रिया प्रथम चरण में पूरी हो जाती थी, उन्हें 2 अक्टूबर को और शेष बचे छात्र-छात्राओं को 26 जनवरी को भुगतान किया जाता रहा है। इस बार 2 अक्टूबर को दलित, सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के 3 लाख 33 हजार 974 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और फीस भरपाई की रकम जारी कर दी गयी थी। चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के 3 लाख 76 हजार 198 छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन शिक्षण संस्थाओं से अग्रसारित किये गये थे।

प्रदेश के 2019-20 के बजट में शिक्षा के लिए आवंटन

1.80 करोड़ बच्चों का नामांकन

स्कूल चलो अभियान में

उच्च शिक्षा में इस लिहाज से देशभर में अव्वल है उत्तर प्रदेश

योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री के रूप में अब तक के 32 माह के कार्यकाल में शिक्षा क्षेत्र को जो दृष्टि प्रदान की है। उसका असर दिखने लगा है। आज उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के कुछ क्षेत्रों में पूरे देश में अव्वल है। ये बातें ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन 2018-19 में सामने आई हैं। यह एक आधिकारिक सर्वे है, जिसमें देश के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को शामिल किया गया। इसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दो बिंदुओं पर यूपी का प्रदर्शन सर्वोत्तम है।

विद्यार्थियों की संख्या में

इस सर्वे के अनुसार, देश में उच्च शिक्षा के लगभग हर क्षेत्र में छात्रों की संख्या छात्राओं से ज्यादा है। लेकिन दो ऐसे राज्य हैं, जहां यह आंकड़ा उल्टा है। ये दो राज्य हैं उत्तर प्रदेश और कर्नाटक। यहां उच्च शिक्षा ग्रहण करने के मामले में छात्राओं की संख्या छात्रों से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षण संस्थानों में पंजीकृत छात्रों की संख्या जहां 49.30 फीसदी है, वहीं छात्राएं 50.70 फीसदी हैं। यह राज्य उच्च शिक्षा में छात्र-छात्राओं की कुल संख्या के मामले में देशभर में पहले स्थान पर है। यानि यहां उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों की संख्या सबसे ज्यादा है।

शैक्षिक संस्थाओं की संख्या में

छात्र-छात्राओं के बाद शैक्षणिक संस्थानों की संख्या के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश के अन्य सभी राज्यों से आगे है। उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के लिए सबसे ज्यादा 8077 संस्थान हैं। इसके बाद शीर्ष राज्य हैं - महाराष्ट्र (6662 संस्थान), कर्नाटक (5028), राजस्थान (3723), आंध्र प्रदेश (3540) और तमिलनाडु (3443)।

शैक्षिक संस्थाओं की संख्या के लिहाज से अग्रणी राज्य

मदरसों में भी अब एनसीईआरटी की किताबों से दी जाएगी शिक्षा

मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्र-छात्राएं भी अब एनसीईआरटी की किताबों से शिक्षा ग्रहण करेंगे। प्रदेश में सभी 560 अनुदानित मदरसों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, इतिहास, भूगोल की एनसीईआरटी की किताबें मुफ्त वितरित करने की कवायद हुई है।

प्रदेश सरकार ने दो साल पहले तैतानिया (कक्षा 1 से 5), फौकानिया (कक्षा 6 से 8) और आलिया या उच्च आलिया स्तर (हाईस्कूल और उससे ऊपर) के मदरसों में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई की मंजूरी दी थी।

प्रदेश में मदरसा बोर्ड से मान्यताप्राप्त करीब 16,461 मदरसे हैं। इनमें से 560 मदरसे सरकार से अनुदानित हैं। तैतानिया और फौकानिया के बच्चों को हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान की शिक्षा बेसिक शिक्षा परिषद की तय किताबों से दी जाती है। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग सर्व शिक्षा अभियान के तहत निःशुल्क किताबें उपलब्ध कराता है।

उत्तर प्रदेश के छात्रों को मेधावी बनाएगा सीएम का 'मिशन टॉपर'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के **'मिशन टॉपर'** के मद्देनजर शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों को मेधावी बनाएगा। यूपी, सीबीएसई और आइसीएसई बोर्ड के विद्यार्थियों, उनके विद्यालयों एवं अभिभावकों के लिए गाइडलाइन जारी की गयी है।

ये हैं निर्देश

- बोर्ड परीक्षा के समय विद्यार्थी काफी तनाव में होते हैं। ऐसे विद्यार्थियों की काउंसिलिंग कराई जाए।
- प्री-बोर्ड परीक्षा के परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों की विषयवार दिक्कतों को चिह्नित कर निवारण करें।
- मॉडल पेपर से अभ्यास कराया जाए।
- प्री-बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र से अभ्यास कराएं।
- प्री-बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिका कॉलेज और जनपद की वेबसाइट पर अपलोड करें।
- कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त शिक्षण कक्षाओं की व्यवस्था की जाए।

टॉपर्स के नाम से बनेगी सड़क

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, सीबीएसई, आइसीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री अगले सत्र में भी एक लाख रुपये, टैबलेट, मेडल और प्रमाणपत्र तो देंगे ही टॉपर के नाम से उसके घर से पक्की लिंक रोड का निर्माण किया जाएगा।

स्कूलों पर नजर रखेंगे रिसोर्स टीचर

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से कुछ माह पूर्व मानीटरिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए **'प्रेरणा एप'** की शुरुआत की गयी है। इस व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अब विभाग इंटीनरेंट और रिसोर्स टीचरों के जरिये प्रदेश के सभी परिषदीय स्कूलों की मॉनिटरिंग करायेगा। 'प्रेरणा एप' से इन सबको जोड़ा जायेगा। इसके लिए विभाग की ओर उनके प्रशिक्षण की तैयारी की जा रही है। इससे कायाकल्प योजना के जरिये संवारे जा रहे परिषदीय स्कूलों की भौतिक स्थिति और उनका वास्तविक डाटा भी विभाग को त्वरित गति से मिल पायेगा।

राज्य अध्यापक पुरस्कार की धनराशि ढाई गुना बढ़ायी गयी

अध्यापक भी नये-नये और प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए प्रेरित हों, इस उद्देश्य से राज्य अध्यापक पुरस्कार की धनराशि 10,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये की गयी। इसी तरह, मान्यता प्राप्त वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अध्यापकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार देने का निर्णय किया गया है।

जनसत्ता

सूचना की सीमा

करीब डेढ़ दशक पहले जब सूचना का अधिकार कानून यानी आरटीआइ एक्ट लागू हुआ, तब उम्मीद की गई थी कि सत्ता और प्रशासन के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए यह एक बड़ा और कारगर औजार बनेगा। काफी हद तक इसका असर इसी रूप में सामने आया है और आज भी इस कानून के सहारे अलग-अलग महकमों से जुड़ी जनहित की जानकारियां सामने लाई जा रही हैं। यह जनकल्याण के कार्यक्रमों पर कारगर अमल और लोकतंत्र को मजबूत करने के मामले में एक ठोस कानून साबित हुआ है। लेकिन इसके समांतर यह भी सच है कि इस कानून को कुछ लोगों ने कई बार हथियार बना कर भी इस्तेमाल किया। यह भी देखा गया कि आरटीआइ के जरिए निकाली गई किसी सूचना की धौंस देकर संबंधित व्यक्ति के सामने मनमानी मांगें रखी गईं, किसी गोपनीय जानकारी को सार्वजनिक कर देने की आपराधिक धमकी दी गई और एक ब्लैकमेल किया। हालांकि इस तरह के मामले आम नहीं रहे, फिर भी अगर किसी शक्ल में आरटीआइ एक्ट को कोई व्यक्ति अपना स्वार्थ साधने का जरिया बनाता है तो यह न केवल नैतिक रूप से गलत है, बल्कि इस कानून के बुनियादी स्वरूप का भी बेजा इस्तेमाल है।

शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने आरटीआइ का दुरुपयोग रोकने और इसके माध्यम से 'आपराधिक धमकी' पर रोक लगाने के लिए एक मुकम्मल दिशानिर्देश बनाने की जरूरत पर जोर दिया है। इस मसले पर दायर एक मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि कुछ लोग आरटीआइ दाखिल करने के विषय से किसी तरह संबंधित नहीं होते; यह कई बार आपराधिक धमकी की तरह होता है, जिसे ब्लैकमेल करना भी कहा जा सकता है। ऐसी खबरें भी आईं कि आरटीआइ के तहत सवालों का जवाब देने की वजह से किसी विभाग के सामान्य कामकाज में बाधा आई। ऐसी स्थिति में निश्चित रूप से अदालत की चिंता वाजिब है और ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एक प्रभावी प्रणाली बनाई जानी चाहिए। एक बेहद उपयोगी कानून का गलत मंशा से किया गया इस्तेमाल आखिरकार इसके बुनियादी मूल्यों को खत्म कर देगा। अगर यह प्रवृत्ति सामने आती है तो इस पर रोक के लिए ठोस दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए। लेकिन इसके साथ-साथ यह भी ध्यान रखे जाने की जरूरत है कि अपने लागू होने के बाद से ही इस कानून ने शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने में जितने बड़े मददगार की भूमिका निभाई है, उसकी वह अहमियत बरकरार रहे।

यह किसी से छिपा नहीं है कि आरटीआइ कानून के लागू होने के पहले समूचा सत्ता-तंत्र जनता की सामान्य पहुंच से एक तरह से बाहर था और किसी काम के बारे में जानकारी प्राप्त करना लगभग असंभव था। इसका नतीजा यह हुआ कि सरकारी तंत्र में पारदर्शिता का अभाव एक चरित्र बन गया और इसका नुकसान लगभग हर स्तर पर देश की जनता और जनहित के व्यापक सरोकार को हुआ। लेकिन इस कानून के आने के बाद लोगों को एक सीमित सहारा मिला और इसके जरिए वे संबंधित जानकारी पाने के अधिकार से लैस हुए। इससे इस कानून की अहमियत ही साबित होती है। ऐसे में अगर सूचनाधिकार कानून के दुरुपयोग पर रोक लगाने का एक तंत्र बन जाए तो इसकी उपयोगिता एक साबित हकीकत है। हालांकि यह भी सच है कि इसके दुरुपयोग के कुछ मामले सामने आए, जो अक्सर चिंता की वजह बने। इसके बरक्स इसके उपयोग से जरूरी जानकारियां जनता के सामने लाने वाले कई आरटीआइ कार्यकर्ताओं की हत्या भी हुई। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जानकारी से लैस समाज ही जागरूक हो सकता है और आखिरकार यह देश को मजबूत करने का जरिया बनता है।

मुशर्रफ को सजा

लंबे समय से देशद्रोह के मुकदमे का सामना कर रहे पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को मौत की सजा सुना कर विशेष अदालत ने यह संदेश दिया है कि पाकिस्तान में न्याय अभी जिंदा है और कानून से ऊपर कोई नहीं है। अदालत का यह फैसला बता रहा है कि तमाम दबावों और संकटों के बावजूद पाकिस्तान की न्यायपालिका स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करती है। फांसी की सजा तो दूर, मुशर्रफ को सजा मिलेगी भी या नहीं, इसे लेकर ही पाकिस्तान में संशय बना हुआ था। मुशर्रफ सिर्फ देश के राष्ट्रपति ही नहीं रहे, वे पाकिस्तान के सैन्य शासक, देश के सेना प्रमुख, करगिल युद्ध के नायक जैसे रूपों में मील के पत्थर गाड़ते रहे। इसलिए मुशर्रफ को मौत की सजा की खबर चौंकाने वाली है। पाकिस्तान के इतिहास में वे पहले ऐसे सैन्य शासक और राष्ट्रपति हैं, जिसे मौत की सुनाई गई हो। जिस मुल्क में राजनीति से लेकर हर जगह सेना का दबदबा रहता हो और बिना सेना की मर्जी के पत्ता भी नहीं हिल सकता हो, वहां एक पूर्व सैन्य शासक और राष्ट्रपति को फांसी की सजा दिया जाना स्पष्ट रूप से इस बात का संदेश है कि सेना भी न्यायपालिका से ऊपर नहीं है। यह उन पूर्व और मौजूदा सैन्य अधिकारियों और राजनीतिकों के लिए भी कड़ा संदेश है कि जो अपने को कानून से ऊपर मान कर चलते हैं।

मुशर्रफ चाहे सेना में रहे हों या राजनीति में, अपनी महत्त्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वे हमेशा ही चतुराई से भरी चालें चलते रहे। 1998 में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सत्ता का तख्तापलट कर देश का सैन्य बनना इस दिशा में पहला कदम था। इसके बाद उन्होंने अपने को पाकिस्तान का सीईओ घोषित कर डाला था। जैसे-जैसे मुशर्रफ की ताकत बढ़ती गई, वे देश के निर्वाचित राष्ट्रपति तक हो गए। 2001 से 2008 तक के राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने न्यायपालिका, कानून, संविधान को कुछ नहीं समझा। हद तो तब हो गई जब तीन नवंबर 2007 में अपनी शक्तियों के अहंकार में उन्होंने देश के संविधान को निलंबित कर देश में आपातकाल लगा दिया था और पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश सहित साठ से ज्यादा जजों को नजरबंद कर दिया था। यह पाकिस्तान की न्यायपालिका पर सबसे बड़ा संकट था। तब शायद ही उन्हें इस बात का अंदाजा रहा होगा कि सत्ता के दंभ में जो फैसला उन्होंने किया है, वही किसी दिन उनकी मौत का फरमान भी बन सकता है। आज मुशर्रफ को इसी किए की सजा मिली है।

मुशर्रफ के खिलाफ पाकिस्तान की अदालतों में पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या, पद के दुरुपयोग जैसे मामले भी चल रहे हैं। वे लंबे समय से दुबई में रह रहे हैं और इन दिनों गंभीर रूप से बीमार हैं। जब 2013 में नवाज शरीफ फिर से सत्ता में लौटे तो 2014 में मुशर्रफ के खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा शुरू हुआ। मुशर्रफ खुद इस बात को अच्छी तरह से समझ चुके थे कि वे अब बच नहीं पाएंगे, इसीलिए उन्होंने लंबे समय तक कानूनी-दांवपेचों का सहारा लिया और विशेष अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। हालांकि विशेष अदालत का यह फैसला इस्लामाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश के बावजूद आया है जिसमें विशेष अदालत को फैसला देने से रोक दिया गया था, जबकि उसने 19 नवंबर को यह फैसला सुरक्षित रख लिया था और 28 नवंबर को फैसला सुनाया जाना था। आज मुशर्रफ और नवाज शरीफ दोनों ही एक जैसी हालत में हैं, बीमार और सजायाफ्ता। मुशर्रफ को सजा और वह भी फांसी की सजा, देश के सैन्य प्रतिष्ठान को कहीं न कहीं विचलित तो जरूर कर रही होगी!

कल्पमेधा

जो दूसरों को जानता है, वह विद्वान है और जो खुद को जानता है, वह ज्ञानी है।
- लाओत्से

कूटनीतिक चुनौतियां और भारत

शोभना जैन

बांग्लादेश भारत का न सिर्फ पड़ोसी है, बल्कि उसके साथ हमारे प्रगाढ़ रिश्ते हैं। ऐसे में अगर नागरिकता कानून को लेकर मचे बवाल से दोनों के बीच कोई विवाद खड़ा होता भी है तो उसका समाधान कोई जटिल नहीं है। रही बात अमेरिका की, तो भारत सरकार इस बारे में पहले ही साफ कह चुकी है कि इस कानून के बारे में वह अमेरिका में सभी संबद्ध पक्षों को अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर चुकी है।

चर्चित नागरिकता कानून को लेकर पश्चिम बंगाल, असम और पूर्वोत्तर सहित देश के अनेक भागों में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। लोग सड़कों पर हैं। कहीं असंतोष अब कुछ धीमा पड़ रहा है, तो कहीं अभी भी चरम पर है। चिंता की बात यह है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्क्रिय किए जाने की तरह ही इस कानून का भी कूटनीति पर प्रतिकूल असर नजर आने लगा है। ऐसे में इसे कूटनीतिक तौर पर भी संवेदनशीलता, अत्यंत सावधानी और दूरंदेशी से काम लेने की जरूरत है। नागरिकता कानून के बाद भारत में बिगड़े हालात के मद्देनजर बांग्लादेश के विदेश मंत्री एके अब्दुल मौमिन ने अपना प्रस्तावित भारत दौरा रद्द कर दिया, वहां के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने पूर्वोत्तर की अपनी निजी यात्रा स्थगित कर दी। गुवाहाटी में हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के बाद भारत जापान के बीच गुवाहाटी में होने वाला भारत जापान शिखर सम्मेलन टल गया और जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की भारत यात्रा अंतिम समय में स्थगित करनी पड़ी।

पाकिस्तान की प्रतिक्रिया जैसी सोची गई थी, वैसी ही रही। मौका पाते ही उसने भारत के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया, जिसका भारत ने करारा जबाव यह कहते हुए दिया कि दूसरों पर उंगली उठाने से पहले पाकिस्तान अपने देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा पर ध्यान दे, उन्हें संरक्षण दे। अमेरिकी संसद और विदेशी मामलों की संसदीय समिति ने भी इस कानून में मुसलिम समुदाय के प्रति इस भेदभाव किए जाने की बात कहते हुए इस पर तीव्र विरोध जताया है। संयुक्त राष्ट्र ने भी कहा कि वह इस कानून के संभावित परिणामों का विश्लेषण कर रहा है।

बहरहाल यहां इस मुद्दे के कूटनीतिक पहलू की बात करें, तो यह तय है कि विदेश नीति घरेलू नीतियों से एकदम अलग हट कर नहीं रखी जा सकती हैं, लेकिन ऐसे जटिल मुद्दे जो निकट पड़ोस से भी जुड़े होते हैं, उनका जितना जल्द और तर्कसंगत तरीके से सही समाधान हो जाए तो देश की स्थिति के साथ-साथ उनका विदेश नीति पर भी सकारात्मक असर पड़ता है, खासतौर पर ऐसे में जब कि मुद्दा 'पड़ोसी सबसे पहले' की नीति से जुड़ा हो। एनआरसी, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और अब नागरिकता कानून पर पाकिस्तान को छोड़ दें, लेकिन हमारा ऐसा पड़ोसी है जिसने इस बाबत कोई आधिकारिक विरोध या प्रतिक्रिया दर्ज नहीं कराई है।

नागरिकता संशोधन विधेयक अब कानून बन चुका है। इसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आए गैर-मुसलिम शरणार्थियों- हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। इसके प्रावधानों में इन देशों में धर्म के आधार पर प्रताड़ित इन छह धर्मों के अनुयायियों में मुसलिम समुदाय के लोगों को भी ऐसी स्थिति में भारत में शरण लेने की पात्रता सूची में नहीं रखे जाने पर नागरिक समाज में असंतोष हैं और उन्होंने इस कानून को मुसलिम विरोधी करार दिया गया है। लेकिन जैसा कि पहले कहा गया कि इस कानून के जो कूटनीतिक पहलू हैं, उन पर खास ध्यान देने की जरूरत हैं। इस कानून को लेकर पड़ोसी बांग्लादेश ने वैसे तो अभी तक अनौपचारिक प्रतिक्रिया ही जाहिर की है और औपचारिक विरोध व्यक्त नहीं किया है, जिसे भारत और बांग्लादेश मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। लेकिन भारत में अगर हालात जल्दी सामान्य नहीं होते हैं तो यह देखने वाली बात होगी कि संयुक्त अरब अमीरात जैसे इस्लामी जगत के दूसरे देश जिनके साथ पिछले कुछ समय में भारत सरकार के रिश्तों में काफी प्रगाढ़ता आई है, वे भारत को लेकर क्या प्रतिक्रिया देंगे। इसलिए अब इस संशोधित नागरिकता कानून को लेकर भारत पर बांग्लादेश सहित पूरे इस्लामी जगत की नजर है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि भारत में इस कानून को लेकर जल्द स्थिति सामान्य हो और सरकार इसके समग्र पहलुओं को ध्यान में रख कर इससे पहले भ्रम का निराकरण करे। भारत सरकार को बिना आत्मरक्षात्मक हुए विश्व समुदाय के समक्ष पूरे तथ्य रखने चाहिए। बांग्लादेश भारत का न सिर्फ पड़ोसी है, बल्कि उसके साथ हमारे प्रगाढ़ रिश्ते हैं। ऐसे में अगर नागरिकता कानून को लेकर मचे बवाल से दोनों के बीच कोई विवाद खड़ा होता भी है तो उसका समाधान कोई जटिल नहीं है। रही बात अमेरिका की, तो भारत सरकार इस बारे में पहले ही साफ कह चुकी है कि इस कानून के बारे में वह अमेरिका में सभी संबद्ध पक्षों को अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर चुकी है। भारत का कहना है कि अमेरिका में कांग्रेस और सभी संबद्ध पक्षों से जिस सक्रियता से हम जुड़े हुए हैं, उसके मद्देनजर उम्मीद हैं कि इस कानून पर कोई रुख अख्तियार करने से पहले अमेरिका भारत के पक्ष को समझेगा। दरअसल अमेरिकी सांसद आंद्रे कार्सन ने नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर भारत पर हमला करते हुए कहा था कि यह बिल मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश है।

जहां तक सवाल है जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे की भारत यात्रा स्थगित किए जाने का, वह भारत की अंदरुनी खासतौर से गुवाहाटी की कानून-व्यवस्था की स्थिति से जुड़ा मसला है। इसलिए उसे इस नजरिए से नहीं देखा जा सकता कि भारत में नागरिकता कानून को लेकर जापान क्या रुख अपनाता है। जापान में शिंजो आबे की यात्रा के बारे में चर्चा रही कि भारत सरकार चाहती थी कि शिखर वार्ता स्थगित करने की बजाय गुवाहाटी की जगह दिल्ली में रख दी जाए, लेकिन जापान इसे फिलहाल स्थगित किए जाने के पक्ष में रहा।

अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा था कि हम नागरिकता संशोधन विधेयक के संबंध में घटनाक्रमों पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। कानून के तहत समान व्यवहार और धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान हम दो लोकतांत्रिक देशों के मौलिक सिद्धांत हैं। इसलिए अमेरिका भारत से अनुरोध करता है कि वह अपने संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को बरकरार रखते हुए धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करे।

यह सच है कि ये एनआरसी, नागरिकता कानून और अनुच्छेद-370 जैसे मुद्दे मुख्यरूप से बांग्लादेश और पाकिस्तान से जुड़े हैं। पाकिस्तान के बारे में जाहिर है कि अल्पसंखयकों को लेकर वह अपने ही बेहद खराब रिकार्ड के बावजूद वह इन मौकों को भारत के खिलाफ जहर उगलने और विश्व मंच पर मुद्दा बनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ेगा।

अवैध अप्रवासी एक वास्तविकता है और उसे समग्रता से संभालने की जरूरत है ताकि पूरी दुनिया विशेष तौर पर मुसलिम जगत में भी सही संकेत जाए। नागरिकता कानून की निर्धारित तिथि कट और सरकार का यह आकलन कि शेख हसीना सरकार के कार्यकाल में वहां धार्मिक आधार पर भारतीय मूल के इन छह धर्मों के लोगों का उत्पीड़न नहीं हुआ, इससे लगता है कि मौजूदा हसीना सरकार अपेक्षाकृत कम उद्वेलित होगी। अगर अमेरिका और यूरोप के कुछ वर्गों की तरफ से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की बात की जाती है तो अमेरिका की आव्रजन नीतियां खुद कठघरे में हैं। यूरोप के कई देशों में उनकी आव्रजन और मुसलिम विरोधी नीतियों को लेकर खुद उनके नागरिकों में गुस्सा है। बहरहाल ये सभी तर्क अपनी जगह हैं, लेकिन निश्चय ही जरूरत इस बात की है कि जितना जल्द देश के अंदर इस मुद्दे को लेकर उसका तर्कसंगत और मानवीय आधार पर हल निकाला जाएगा, कूटनीति पर भी उतना ही सकारात्मक असर पड़ेगा।

अस्मिता के बरक्स

आलोक रंजन

दुनिया मेरे आगे

तोश के उस छात्रावास में 'कैंप-फायर' चल रहा था। आग के चारों ओर बैठे लड़के-लड़कियों में से एक लड़की ने मेरा परिचय पूछा तो मैंने कहा- 'बिहार का हूं, मैंने दिल्ली में पढ़ाई की, केरल में नौकरी करता हूं। अध्यापक हूं, यात्राएं करता हूं और लिखता भी हूं!' उसके मुंह से निकला- 'वाट ए वियर्ड कॉम्बिनेशन'! इंटरनेट मिल रहा था वहां इसलिए यह सब मैंने फेसबुक पर डाल दिया। ज्यादातर मित्रों ने इसे बिहार की अस्मिता से जोड़ दिया और उस लड़की के विरोध में कुछ बातें कही। फिर एक संवाद आया- 'एक बिहारी सब पर भारी'। मेरे एक वरिष्ठ मित्र ने इस संवाद पर आपत्ति उठाई कि 'बिहारी अस्मिता' के प्रकटन के लिए अक्सर यह मुहावरा ही क्यों कहा जाता है और कैसे एक बिहारी सब पर भारी हो सकता है! जबकि कोई भी मानक उठा लीजिए तो बिहार उसमें नीचे से पहले या दूसरे स्थान पर ही रहता है। बिहारी या बिहार भारी कैसे है सब पर? मित्र की बात बिल्कुल ठीक थी।

यात्राओं में जब लोग मिलते हैं तो अक्सर ऐसे संवाद होते हैं। इस पर भड़कना ठीक नहीं है। इधर एक लेखक को गमछा पहन कर जाने के कारण किसी रेस्टोरेंट में जाने से रोक दिया। पहनावे को लेकर किसी को रोकना बिल्कुल गलत बात है, लेकिन इस घटना को बिहारी अस्मिता से जोड़ दिया गया। ऐसा दिखाया गया कि बिहार केवल इसी गमछे भर तक सीमित है।

इन दोनों घटनाओं ने अस्मिता और बिहारी अस्मिता को जांचने का अवसर दिया। बिहार से निकलते ही बिहार को लेकर एक प्रेम अपने आप उमड़ता है। यह स्वाभाविक भी है और हर जगह से जुड़े लोगों के लिए यह इसी तरह से काम करता होगा। तभी इतनी सारी पहचान है और उन पहचानों से जुड़ी राजनीति और व्यवहार हैं। मैं केरल में रहता हूं और यहां घूमते-फिरते जब भी किसी से पहली बार मुलाकात होती है और वे मेरे बिहारी होने को जानते हैं तो वे बिहार की पिछड़ी पहचान से ही जोड़ते हैं अपने आपको। कहना न होगा कि उन क्षणों में दुख और गुस्सा हावी रहता है, लेकिन कभी भी उनको लेकर वैमनस्य नहीं उपजा। उन्हें बिहार की खूबियां बताते हुए भी कोशिश रहती है कि अन्य स्थलों और वहां के इंसानों को नीचा न दिखाया जाए। अस्मिता सबकी उतनी ही जरूरी है और सब उसके प्रति उतने ही भावुक भी होते हैं।

इतना समझते हुए भी बिहारी अस्मिता को लेकर एक प्रश्न बार-बार उठता है। बिहार से बहुत से लोग रोजगार के सिलसिले में बाहर जाते हैं और दूसरी अस्मिताओं से उनका रोज का संघर्ष होता है। उन संघर्षों ने 'एक बिहारी सब पर भारी' वाली बात सोचने पर मजबूर किया होगा। इसने एक झूठी मानसिक मजबूती दी होगी, लेकिन यह मानना कठिन है कि ऐसी बात मजदूरों की ओर से कही गई होगी। यह खाए-अघाए लोगों को मानसिक शक्ति दे सकती है या ऐसे लोगों को जिन्हें कुछ हासिल है, जो उनकी तरह बनना चाहते हैं। 'सब पर भारी' होने वाली बात पर गौर करें तो यह एक खोखले दावे से ज्यादा कुछ नहीं लगता। इसके बावजूद आखिर दूसरे राज्यों में बिहार और वहां से बाहर निकले लोगों को लेकर इतनी सक्रियता क्यों देखी जाती है? अलग-अलग संस्थाओं द्वारा आए दिन आंकड़े जारी होते रहते हैं, उनकी रिपोर्ट आती हैं। उन सबको देखें तो यह भारी होना अलग तरह से ही सामने आता है।

उन रिपोर्टों में बिहार का सकारात्मक स्थान खोजने पर भी नहीं मिलता। शिक्षा और साक्षरता अलग-अलग बातें हैं, लेकिन बिहार की साक्षरता दर बहुत कम है तो शिक्षा की स्थिति भी दयनीय है। विश्वविद्यालयों में परीक्षाएं समय पर नहीं होती। साधारण बीए करने में निर्धारित से एक-दो साल ज्यादा लग जाते हैं। परीक्षाओं में भरपूर कदाचार है। इन सबके कारण जिनके पास भी साधन है, वे निकल जाते हैं बिहार से। रोजगार के लिए तो लोग निकलते ही हैं, स्वास्थ्य सेवाओं की हालत दयनीय है। परिवहन की स्थिति को देखें तो सिर पीट लेंगे। कुछ जगहों पर केवल रेल से ही संपर्क किया जा सकता है और कोई बड़ा पुल टूट गया तो नाव या 'चचरी पुल' से काम चलता है। ज्यादातर व्यवस्था जुगाड़ के सहारे चलती है।

हाल में एक रिपोर्ट आई है राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की। उसमें बिहार को सांप्रदायिक दंगों की राजधानी कहा गया है। सवाल उठता है कि बिहारी अस्मिता की बात आती है तो गमछा के लिए आंदोलन हो जाता है, बिहारी कह देने के खिलाफ प्रदर्शन होने लगते हैं, लेकिन बिहार की दयनीय स्थिति के मामले में यही अस्मिता क्यों नहीं जागती? वह आत्माभिमान कहां खो जाता है? इस तरह के सवाल करने को आजकल कुंठित लोगों की बात कहने का चलन है, बहुत से लोग विरोध में आ जाते हैं। लेकिन क्या रुक कर सोचने की जरूरत नहीं है कि बिहार की समस्याओं को लेकर कोई आंदोलन क्यों नहीं होता?

नारा बनाम हकीकत

गांव-कस्बे से लेकर महानगर तक में बढ़ रहे यौन अपराध में यौन शोषण या सामूहिक बलात्कार और हत्या की वारदात आम बात जैसी होती जा रही है। समझ में नहीं आ रहा है कि क्या ऐसा समाज ही आज की उत्तर आधुनिक समाज की विशेषता बनती जा रही है। यह सब मानव समुदाय को सोचने के लिए विवश कर रहा है, क्योंकि ऐसा शायद ही किसी दिन रहता होगा कि बलात्कार की खबरें समाचार पत्रों की सुर्खियां न बनते हों। जब इस स्थिति पर कोई नेता टिप्पणी करता है तो उनके विरोधियों में आक्रोश छलकता है, लेकिन इस सच्चाई से इनकार भी नहीं किया जा सकता कि बलात्कार की घटनाएं सभ्य मानव समुदाय को न केवल चिढ़ा रही हैं, बल्कि सता भी रही हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मसले पर अपनी राजनीति नहीं ही करें तो ही अच्छा है, क्योंकि इस कुकृत्य के शिकार आम आदमी होते हैं। आम लोगों को सुरक्षा की जरूरत है, न कि राजनीतिक नेताओं के दावे और प्रतिदावे की।

आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे से देश को बहुत आगे जाने की जरूरत है और बेटियों को सुरक्षा देने की जरूरत है। आज की तारीख में बेटियों की सुरक्षा सबसे ज्यादा अहमियत रखती है। कहा जाता है कि बेटियों को पढ़ाने से वे अपने बलबूते आगे बढ़ेंगी, जिससे परिवार और समाज का भला होगा, उसे आगे बढ़ने दो। लेकिन निर्भया पढ़ी-लिखी थी, वह यात्रा कर रही थी। फिर भी समाज के दरिंदों ने क्या किया, यह दुनिया से छिपा नहीं है। हाल में आंध्र प्रदेश में दिशा के साथ क्या हुआ, वह भी दुनिया ने देखा। वह भी न केवल पढ़ी लिखी थी, बल्कि पढ़-लिख कर अपने पैर पर भी खड़ी थी। डॉक्टर थी। इसके बावजूद वह भी बलात्कार का शिकार हुई और जला कर मार डाली गई। उसके बाद आरोपियों का एनकाउंटर करने की बात को आम लोगों ने सही करार दिया। लेकिन उस घटना के बाद भी ऐसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इस तरह की घटनाएं सरेआम होना और अंकुश नहीं लग पाना न्यायविदों, पुलिसकर्मियों, शिक्षाविदों और मनोवैज्ञानिकों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

● *मिथिलेश कुमार, भागलपुर, बिहार*

कौन नागरिक

सवा सौ करोड़ की आबादी वाले भारत में, जहां आधी जनता रोटी, कपड़ा, मकान और रोजगार के लिए जूझ रही है, संसाधन के अभाव में सरकार सार्वजनिक उपक्रमों को बेच रही है, उस अपने देश की जनता की परेशानियों को छोड़ कर बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों पर ध्यान देना किसी भी तरह से जायज नहीं प्रतीत हो रहा है। इस प्रावधान से पहले इन तीनों देश को शत्रु राष्ट्र माना जाता था और वहां के लोगों को किसी भी प्रकार से नागरिकता देने के पक्ष में कोई नहीं था। इन तीनों देशों में जीवन स्तर भारत की अपेक्षा बहुत निम्न है, इसलिए नागरिकता संबंधी नए कानून के बाद वहां के गरीब और पिछड़े मुसलिम समुदाय भी भारत में आने की पुरजोर कोशिश करेंगे। इसके लिए वे अपना धर्म परिवर्तित कर छह वर्ष भारत में रह कर यहां की नागरिकता प्राप्त कर सकते हैं, फिर उन्हें इस्लाम अपनाने से कोई भी नहीं रोक सकता है। आतंकवादी संगठनों के सदस्य भी सीएए का सहारा लेकर भारत में अपनी पैठ जमा सकते हैं।

एनआरसी जहां एक तरफ अवैध प्रवासियों को बाहर करने का मार्ग प्रशस्त करता है वही सीएए देशीकरण के माध्यम से उन्हें भारत की नागरिकता दे रहा है। रोजगार और संसाधनों के लिए होने वाले संघर्ष से बचने के लिए पूर्वोत्तर के राज्यों ने अनुच्छेद 371 के माध्यम से सीएए को प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन नागरिकता संघ सूची का विषय होने के कारण राज्यों पर बाध्यकारी है जो पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में हिंसा का कारण बन रहा है। इसलिए सरकार को दूसरे देश के अल्पसंख्यको की चिंता और धर्म से ऊपर उठ कर राष्ट्रहित में नागरिकता संशोधन कानून पर पुनर्विचार करना चाहिए।

● *शिवम कुमार तिवारी, बीएचयू, वाराणसी*

मंदी और हम

पिछले दिनों एक लेख में मंद पड़ती आर्थिक-वृद्धि का एक कारण यह भी बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों में सड़क, बिजली और दूरसंचार के ताने-बाने ने तेज गति से विस्तार पाया, नतीजतन दूरदराज ग्रामीण इलाके भी देश के बाकी हिस्सों से संपर्क में आ गए। इससे आंतरिक व्यापार को जबर्दस्त प्रोत्साहन मिलता रहा और इससे सात फीसद की विकास दर कुछ वर्षों तक बनी रही। पर अब देश का लगभग नब्बे फीसद हिस्सा सड़क, बिजली और दूरसंचार से युक्त हो चुका है, इसलिए यहां से आगे इस सात फीसद की दर को बनाए रखने के लिए हमें अन्य क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। यह निष्कर्ष इस बात की पुष्टि करने के लिए काफी है कि किस तरह पिछले पांच-छह वर्षों में आर्थिक अधोसंरचना के क्षेत्र में तुलनात्मक रूप से काफी असरकारी काम हुए हैं।

यों पूरी दुनिया ही जब आर्थिक मंदी से ग्रस्त हो, तो इस वैश्वीकरण के दौर में यह भूल जाना ही ठीक होगा कि किसी भी देश को इससे पूरी तरह बेअसर किया जा सकता है। सही है कि वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाए जाने के लिए आवागमन, भूमि-अधिग्रहण, पर्यावरण, कंपनी-विवाद संबंधी कानून, कर-निर्धारण, शिक्षा की गुणवत्ता, ऋण उपलब्धता, विधुत शुल्क आदि क्षेत्रों में और अधिक सुधार की आवश्यकता है। इस संबंध में भी काफी कुछ होता दिख रहा है।

● *राजेश पाठक, नेहरू नगर, भोपाल*

घुसपैठ की सीमा

नागरिकता संशोधन कानून पर काफी विरोध देखने में आ रहा है। लेकिन सवाल है कि हमारे देश में घुसपैठियों के जरिए चुनावी फसल कब तक काटी जाएगी। जिस समय देश में बांग्लादेशी और पाकिस्तानी घुसपैठ कर रहे थे, उसी वक्त पूर्वोत्तर के लोगों को इसका विरोध करना चाहिए था। बहुत सारे बांग्लादेशियों को राशन कार्ड देने वाले कांग्रेसी किस मुंह से बांग्लादेशियों को असम में घुसपैठ का मुद्दा उठाते हैं। सच तो यह है कि देश में घुसपैठ की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और इसकी जिम्मेदार तत्कालीन सरकारें भी रही हैं। अब नागरिकता संशोधन कानून बन गया है, तो सरकार को इस पर न्यायपूर्ण तरीके से अमल को लेकर भी सजग रहना होगा।

● *रितेश कुमार उपाध्याय, संतकबीर नगर*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

www.readwhere.com

फास्ट फूड : विज्ञापनों से कर रहे हैं भ्रमित

हाल में आए एक विज्ञापन में दिखाया गया है कि जंक फूड कंबो संतुलित भोजन की जरूरत पूरा कर सकता है। विज्ञापनों में इसे घीया तोरी के विकल्प के तौर पर परोसा जा रहा है। इसे स्वास्थ्यवर्धक खाना की तरह दिखाया जा रहा है। विज्ञापनों से बच्चों के जेहन में बिठाया जा रहा है कि इससे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं है। जबकि ब्रांड चिकन में 4.6ग्राम नमक व 31.9 ग्राम वसा पाया गया। यानी आरडीए का 92.1 फीसद नमक व 53.2 फीसद वसा पाया गया।

कुंभ मेले से पहले अखाड़ों में ठनी

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून।

हरिद्वार तीर्थ नगरी में 2021 में लगने वाले कुंभ मेले से पहले ही साधु बाबाओं के अखाड़ों में चहल कदमी शुरू हो गई है। जहां अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से मिलकर कुंभ कार्यों के धीमी गति से होने पर नाराजगी जताई है और मेले के कार्यों को तेजी से करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने अखाड़ा परिषद को उनके कार्य तेजी से शुरू करने और समय पर पूर्ण करने का भरोसा दिया है। अखाड़ा परिषद ने चार धामों और 51 मंदिरों के प्रबंधन के लिए बनाए गए श्राइन बोर्ड के गठन का भी विरोध किया, इस मांग को सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है।

वहीं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद पर कुछ साधु संतों ने आरोप-प्रत्यारोप भी लगाए हैं। बैरागी संप्रदाय के दिगंबर अनी अखाड़ा के बाबा हठयोगी ने अखाड़ा परिषद पर कई आरोप जड़े। उन्होंने अखाड़ा परिषद को फर्जी और माफिया की संस्था कहा और हरिद्वार कुंभ मेले के नाम पर पैसों की बंदरबांट का आरोप लगाया।

हठयोगी ने आरोप लगाया कि परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री जैसे अहम पदों पर दशनामी संन्यासी परंपरा के एक ही संप्रदाय के दो अखाड़ों के महंत काबिज है और इनकी निगाह सिर्फ कुंभ में आने वाले करोड़ों रुपयों पर ही है। उनका कहना है कि अखाड़ा परिषद के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ कि संन्यायी अखाड़ों का ही अध्यक्ष और उसी का महामंत्री रहा हो। ऐसा पहली बार हुआ है कि दोनों महत्त्वपूर्ण पदों पर एक ही संप्रदाय कब्जा करके बैठ गया हो। इसमें दोष उन अन्य संप्रदायों के अखाड़ों का भी है ,जो चुप्पी साधे बैठे हैं। इन संप्रदायों की चुप्पी में भी कुंभ मेले के बजट को लेकर बंदरबाट की बू आ रही है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद का गठन प्रयागराज में 1954 के कुंभ मेले में श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा में अखाड़े के श्री महंत अनंत नारायण पुरी महाराज ने किया था और परिषद का काम कुंभ मेले में साधु संन्यासियों के शाही स्नानों तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए कुंभ मेला प्रशासन का सहयोग करना होता था और कुंभ में शाही स्नान में अखाड़ों के स्नान करने के क्रम भी अखाड़ा परिषद प्राचीन काल से चले आ रही परंपरा के अनुसार तय करती थी। 1954 से पहले कुंभ मेला प्रशासन अखाड़ा और स्थानिक धार्मिक संस्थाओं की प्रबंध समिति बनाकर कुंभ की व्यवस्थाएं करता था। 1945 तक दशनामी संन्यासी परंपरा के सभी सात अखाड़े एक साथ कुंभ में शाही स्नान करते थे। 1954 में अखाड़ा परिषद का गठन होने के बाद कुंभ मेले में शाही स्नान में अखाड़ों का क्रम तय कर दिया गया।

बाद में अखाड़ा परिषद 13 अखाड़ों का एक प्रभावशाली संगठन बन गया और कुंभ मेला प्रशासन और राज्य सरकार अखाड़ा परिषद के प्रभाव में आकर काम करने लगे। विभिन्न कुंभ मेलों में अखाड़े से जुड़े विभिन्न साधुओं में कई बार विवाद भी पैदा हुए। 1998 के कुंभ मेले में दशनामी नागा संन्यासियों के दो अखाड़ों के बीच जमकर विवाद भी हुआ था और शाही स्नान के दौरान हर की पौड़ी पर इन दो अखाड़ों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। बाद में कुछ अन्य अखाड़ों के दखलंदाजी के बाद इन तीनों अखाड़ों को फिर से अखाड़ा परिषद में शामिल किया गया। 2010 के हरिद्वार कुंभ के बाद अखाड़ा परिषद फिर दो फाड़ हुई और अखाड़ा परिषद का मामला प्रयागराज के हाईकोर्ट में जा पहुंचा और अखाड़ों के एक गुट के अध्यक्ष महन्त ज्ञानदास बने रहें। उनके महामंत्री महंत हरि गिरि ने उनका साथ छोड़ दिया और महंत ज्ञानदास अलग-थलग पड़ गए और दशनामी संन्यासी परंपरा के श्री निरंजनी पंचायती अखाड़ा के सचिव महन्त नरेंद्र गिरि अध्यक्ष और श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महंत हरि गिरि महामंत्री बनाए गए।

मौजूदा अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने उज्जैन, नासिक और प्रयागराज के कुंभ और अर्ध कुंभ मेले संपन्न कराएं। मौजूदा अखाड़ा परिषद का कार्यकाल जनवरी 2020 तक था। परंतु कुछ महीने पहले हरिद्वार स्थित श्री उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा राजघाट, कनखल में अखाड़ा परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर महंत नरेंद्र गिरि और महामंत्री पद पर महंत हरि गिरि और उनकी कार्यकारिणी कार्यकाल बढ़ा दिया गया।

उत्तराखंड



हरिद्वार में 2021 में होने वाले कुंभ मेले की तैयारियां राज्य सरकार जोर-शोर से कर रही है। कुंभ मेले के कार्य व्यवस्थित रूप से चल रहे हैं और पहली बार हरिद्वार मेला अधिकारी और मेला पुलिस अधिकारियों की नियुक्तियां काफी पहले की जा चुकी हैं। अखाड़ा परिषद के साथ अब तक राज्य सरकार की कई बैठकें मेला की व्यवस्थाओं को लेकर हो चुकी हैं। समय रहते सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। 2021 से पहले साफ-सफाई भी हो जाएगी। उत्तराखंड के चार धाम और कुछ मंदिरों की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए देवस्थानम बोर्ड (श्राइन बोर्ड) का गठन किया गया है, जिससे मंदिरों की व्यवस्था में और अधिक सुधार होगा और पुरोहितों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

-त्रिवेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री

मौजूदा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि और महामंत्री महंत हरि गिरि अनुभवी पदाधिकारी हैं और उन्हें तीन-तीन कुंभ मेलों में व्यवस्थाएं कराने का अनुभव है उनके अनुभव का लाभ हरिद्वार में 2021 में होने वाले महाकुंभ मेले में भी साधु संतों को उठाना चाहिए और पुणे विश्वास है कि उन्हीं के नेतृत्व में यह कुंभ मेला संपन्न होगा।

- श्री पंच दशनाम अग्नि अखाड़ा के प्रमुख और दक्षिण काली पीठाधीश्वर महंत कैलाशानंद ब्रह्मचारी

अब अखाड़ा परिषद दोबारा अतिरिक्त जमीन की मांग कुंभ के लिए कर रही है जबकि कई अखाड़ों ने अपनी छावनियों की जमीनों पर फ्लैट बनाकर किराए पर चढ़ा दिए गए हैं। बैरागी कैंप की एक इंच भूमि भी दशनामी अखाड़ा को नहीं लेने दी जाएगी और बैरागी कैंप में जो कब्जे हुए हैं उन्हें हटाने के लिए दबाव डाला जाएगा।

-बैरागी संप्रदाय के महंत बाबा हठयोगी

1954 से पहले कुंभ के कार्यों को कुंभ मेला प्रशासन और स्थानीय स्तर पर बनाई गई साधु संन्यासियों की एक समिति अंजाम देती थी। अखाड़ा परिषद का गठन 1954 में हुआ, इसके बाद अखाड़ों का कुंभ मेला प्रशासन पर दखल बढ़ा। अखाड़ा परिषद के कुछ पदाधिकारी कुंभ मेले में अधिक जमीन की मांग कर रहे हैं, जो गलत है। दरअसल कुंभ मेला चंद संतों का नहीं बल्कि समूचे सनातनी हिंदू समाज का है। उसी के हिसाब से प्रशासन को व्यवस्था करनी चाहिए। किसी के दबाव में आकर नहीं।

-भूमा पीठाधीश्वर स्वामी अच्युतानंद तीर्थ महाराज

फास्ट फूड : वसा और नमक मानक से ज्यादा

प्रतिभा शुक्ल
नई दिल्ली।

विज्ञान और पर्यावरण केंद्र की ओर से जारी अध्ययन में पता चलता है कि जंक फूड सेहत के लिए बहुत घातक है। तमाम बढ़ रही गैर संक्रामक बीमारियों के पीछे यही है। 33 बड़े ब्रांड पर किया गया यह अध्ययन बताता है कि किस तरह से हम जाने अनजाने रोज ही तय मात्रा से अधिक नमक वसा व कार्बोहाइड्रेट का उपयोग कर रहे हैं। नियामक की कमी व निगरानी के अभाव में हालात खतरनाक बन चुके हैं। भारतीय नियामक लागू तक नहीं किए गए हैं जिससे 33 में से कोई भी ब्रांड खरा नहीं पाया गया। मसलन एक छोटे से नमकीन के पैकेट में ही हमें एक बार में पूरे दिन के वसा व नमक की जरूरत का बड़ा हिस्सा एक बार में परोस दिया जाता है। एक दो को छोड़ कर सभी में सभी ट्रांस फैट बहुत अधिक है।

क्या कहता है तय मानक

एक सामान्य व्यक्ति के शरीर को रोज औसतन 2000 कैलोरी ऊर्जा की जरूरत होती है। जिसमें पांच ग्राम नमक, 60ग्राम फैट व 300 ग्राम कार्बोहाइड्रेट व 2.2 ग्राम ट्रांस फैट ही ले सकता है। जिसे आरडीए भी कहते हैं। जो कि कोई व्यक्ति तीन बार के भोजन व दो बार के नाश्ते को मिला कर ही ले सकता है। यानी एक बार के भोजन में आरडीए का 25 फीसद व नाश्ते में 10 फीसद ही ले सकता है। यह विश्व स्वाथ्य संगठन की ओर से निर्धारित है।

जबकि जंक फूड का आलम तो यह है कि एक छोटा सा क्लासिक नट क्रेटर का पैकेट जो एक व्यक्ति एक बार में आराम से अकेले ही खा जाता है उसमें व्यक्ति को 100 ग्राम के पैकेट से 44.79 ग्राम वसा दिल्ली 15.68 ग्राम नमक मिल जाता है। जो कि नाश्ते से मिलने वाले नमक का दो गुना होता है। सभी नमकीन में जरूरत से अधिक नमक पाया गया।

दिल्ली

क्या है वजह

नमक,वसा और शर्करा सहित अन्य तत्वों की मात्रा निर्धारित मानकों का पालन स्वाद पर भारी पड़ता है,इसलिए कंपनियां स्वाद के साथ कोई समझौता करने को तैयार नहीं है। ऐसे में सरकार संभवतःदुनिया की इन नामी कंपनियों के दबाव में है और कानून बनाकर एफएसएसएआई के मानकों का पालन करने से बच रही है। जबकि नमक,शर्करा और वसा सहित अन्य तत्वों की तय मात्रा व इस्तेमाल की मात्रा साफ तौर से इन उत्पादों के पैकेट पर छापने की जरुरत है। इसके लिए कानून बना कर लागू करने की जरूरत है।

नूडल्स : एक पैकेट में एक बार में पूरे दिन के नमक की जरूरत का 50 फीसद खत्म हो जाता है। यानी इसमें नमक की मात्रा सर्वाधिक है।

चिप्स : चिप्स के लगभग सभी तरक के ब्रांड में नमक वसा की मात्रा तय मात्रा का सर्वाधिक हिस्सा पूरा कर देती है। इसी तरह मल्टी ग्रेन चिप्स के 30 ग्राम के पैकेट में एक ग्राम नमक होता है।

पैकेट सूप : आरडीए का 28 फीसद से अधिक नमक पाया गया है।

नमकीन : नट नमकीन में आरडीए का 35 फीसद नमक एक बार में पूरा कर देता है। 26 फीसद वसा पाया जाता है।

बर्गर : सभी बर्गर में नमक व वसा की मात्रा अधिक पाई गई।

एक क्लासिक चिकन जिंजर चीज बर्गर में नमक कुल जरूरत का 62 फीसद व वसा 82 से अधिक पाया गया। और अगर आपने कांबो पैक ले लिया यानी बर्गर के साथ फ्रेंच फ्राई भी तो आपने 83 फीसद नकम व 120 फीसद वसा लेलिया। बर्गर में आरडीए का 70 फीसद नमक व 60 फीसद वसा ले लिया। चिकन विकल्प में 70 फीसद नमक व 46 फीसद वसा पाया गया।

पिज्जा : शाकाहारी रेग्यूलर साइज पिज्जा में आरडीए का 99.9 फीसद नमक व मासाहारी सुप्रीम साइज पिज्जा में 104 फीसद नमक रहा। इन दोनों में वसा आरडीए का क्रमशः 70 फीसद व 50 फीसद रहा।

सैंडविच : एक चिकन सीक कबाब में इसमें 105 फीसद नमक व 65 फीसद वसा व पनीर टिक्का में 70 फीसद नमक व 80 फीसद वसा पाया गया।

इन भोजन में पोषण की मात्रा का हाल

कोड रेड नाम से आई रिपोर्ट में पाया गया कि जो कि भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण ने जो नियामक इस साल जारी उसका भी पालन नही किया जा रहा। पोषक तत्वो का उल्लेख नहीं होता। प्राधिकरण ने तय किया था किया था 100 ग्राम के नाश्ते के पैकेट में सोडियम की मात्रा .25 ग्राम सोडियम ही होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो पैकेट पर लाल निशान लगा होना चाहिए। लेकिन व्यवहारिक तौर पर दोनों नहीं है।

क्या कहते है विशेषज्ञ

सुनीता नारायण ने बताया कि भारतीय बाजार में उपलब्ध अधिकतर पैकेट बंद खाना और फास्ट फूड में भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मानकों से बहुत ज्यादा है। एफएसएसएआई ने फास्ट फूड कंपनियों को इन उत्पादों में इस्तेमाल किए गए खाद्य पदार्थों की मात्रा पैकेट पर दर्शाने के लिए इस साल जुलाई में दिशानिर्देश तैयार किए थे,लेकिन सरकार ने इन्हें अब तक अधिसूचित कर लागू नहीं किया है। इतना ही नहीं सरकार ने 2013 दिशानिर्देश बनाने के लिए एफएसएसएआई के विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। छह साल में तीन समितियां गठित हो चुकी हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कानूनी पहल नहीं हुई। सीएसई की महानिदेशक नारायण ने कहा कि सरकार को चाहिए कि जनस्वास्थ्य पर कंपनियों का हित भारी नहीं पड़े। इसके लिए रेस्टोरेंट व पैक फूड के उत्पादों में नमक,शर्करा और वसा का निर्धारित मात्रा से अधिक इस्तेमाल होने पर तंबाकू उत्पादों की तरह चेतावनी (रेड वार्निंग) पैकेट पर दर्ज करने को अनिवार्य बनाया जाए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि जंक फूड में न्यूट्रिशन की मात्रा न के बराबर होती है, इसलिए ये जंक फूड कहे जाते हैं।

चीली में फास्ट फूड पर रेड मार्क हुआ है जिससे लोग समझने लगे है कि ये स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसका लोगों पर असर पड़ा है।

कन्याश्री योजना बच्चियों के लिए है वरदान

शंकर जालान
कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में महत्त्वाकांक्षी कन्याश्री योजना, कहने को तो एक योजना है लेकिन इसमें कई तरह से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की जा रही है। मसलन कोख में कन्या भ्रूण हत्या में कमी, बाल तस्करी दर में गिरावट और स्कूल जाने वाली छात्राओं की संख्या में खासा इजाफा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कन्याश्री योजना की लोकप्रियता का डंका विदेश तक बजा और 2017 में इसे संयुक्त राष्ट्र संघ ने सम्मानित किया। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि सूबे की बालाओं के लिए कन्याश्री योजना वरदान साबित हो रही है।

बंगाल

एक निगाह, योजना पर
बजट राशि : 7,588.90 करोड़
बांटी गई राशि : 7,237.28 करोड़

राज्य के महिला व बाल विकास विभाग के मुताबिक 2013 में इस परियोजना की शुरुआत की गई थी और 2017 तक इस मद में 7,588.90 करोड़ रुपए आबंटित किए गए और 7,237.28 करोड़ खर्च कर दिए गए। संबंधित विभाग की मंत्री शशि पांजा ने बताया कि कन्याश्री परियोजना के लिए अब तक 57 लाख से ज्यादा को नामांकित किया गया और इनमें से 56 लाख से ज्यादा को इस परियोजना का लाभ सीधे-सीधे मिलने लगा।

महिला व बाल विकास विभाग के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर चौबीस परगना में कन्याश्री में सबसे अधिक नामांकन 5,49,415 हुए।

वहीं इस सूची में दूसरे स्थान पर दक्षिण चौबीस परगना जिला रहा, जहां से कुल 5,28,156 लड़कियों को नामांकित किया गया है। तीसरे व चौथे स्थान पर क्रमशः मुर्शिदाबाद और कोलकाता रहा। मुर्शिदाबाद में 5,26,482 और कोलकाता में 1,46,592 लड़कियों के नाम इस सूची में शामिल किए गए हैं।

मालूम हो कि 2013 में शुरू हुई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस महत्त्वाकांक्षी सशर्त नकद हस्तांतरण परियोजना का मकसद राज्य में बेटियों की स्थिति में सुधार व सभी किशोरियों की स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही बाल विवाह जैसी विकट समस्या की रोकथाम को अग्रसर होना है। उक्त परियोजना के तहत लड़कियों को वार्षिक छात्रवृत्ति के रूप में एक हजार रुपए के साथ ही एकमुश्त 25 हजार रुपए अनुदान के तौर पर मुहैया कराए जाते हैं। वार्षिक छात्रवृत्ति 13 से 18 वर्ष की अविवाहित लड़कियों के लिए है, जिन्हें सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित या समकक्ष ओपन स्कूल या समकक्ष व्यावसायिक या तकनीकी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में आठवीं से बारहवीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान प्रदान की जाती है। हालांकि, एकमुश्त अनुदान उन लड़कियों के लिए है, जो आवेदन के समय 18 वर्ष की गई हों और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित या ओपन स्कूल, कॉलेज, व्यावसायिक व तकनीकी प्रशिक्षण या फिर खेल गतिविधि में सक्रिय हों।

इसके तहत विश्वविद्यालय की कला की छात्राओं को दो हजार और विज्ञान की छात्राओं को ढाई हजार रुपए की छात्रवृत्ति जा रही है। विशेषज्ञों की मानें तो कन्याश्री परियोजना के कारण ही प्रदेश में बाल तस्करी की घटनाओं में गिरावट आई है। जल्द ही प्रदेश के हर जिले में कन्याश्री कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

नियमित सरकारी भर्तियां नहीं होने से युवा परेशान

राजीव जैन
जयपुर।

राजस्थान में पांच साल में नियमित सरकारी नौकरियों की भर्तियां नहीं होने से शिक्षित बेरोजगारों की भीड़ जमा हो गई है। सरकार में अब सरकारी भर्तियां निकल रही है तो उसमें अब हर पद के लिए बेरोजगारों के बीच कड़ा मुकाबला हो गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि कई नौकरियों में तो एक पद के लिए एक हजार दावेदार हो गए है। प्रदेश में कुछ सालों से भर्तियां कई कारणों से अटकी रही है। प्रदेश में अब 10 हजार पुलिस कांस्टेबल और इतने ही पटवारी के पदों के लिए भर्तियां निकाली गई हैं। इन पदों पर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं की विशेष नजर रहती है और लाखों की संख्या में बेरोजगार इसमें आवेदन करते हैं।

राजस्थान

राज्य में सरकार की लापरवाही के कारण सरकारी विभागों, निगम, बोर्ड और अन्य स्वायत्त संस्थानों में किसी तरह की भर्तियां नहीं होने से युवाओं में गहरी नाराजगी का माहौल है। मौजूदा सरकार ने तो अपने वादे के मुताबिक अब बेरोजगारों को भत्ता देने का भी फैसला किया है। इसके लिए रोजगार दफ्तरों में बेरोजगारों के पंजीयन में बेतहाशा बढ़ोतरी भी हो रही है। दूसरी तरफ सरकार की भर्ती परीक्षाएं भी मजाक बन कर रह गई है। प्रदेश में कुछ सालों में हुई परीक्षाओं में जब नकल के बड़े मामले पकड़ में आने लगे तो उन्हें बीच में ही निरस्त कर दिया गया। प्रदेश में अब होने वाली पुलिस कांस्टेबल और पटवारी की भर्ती में करीब एक साल का समय लगेगा। प्रदेश में सबसे ज्यादा शिक्षा और स्वास्थ विभाग में पद खाली है। सरकार ने शिक्षकों और नर्सिंग स्टाफ की भर्ती के लिए अब गंभीरता दिखाई है। शिक्षकों, डॉक्टरों और नर्स की भर्ती प्रक्रिया बड़ी मुश्किल से अब शुरू की गई है। चिकित्सा विभाग में फार्मासिस्टों के 1736 पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। फार्मासिस्टों के इन पदों के लिए करीब 50 हजार से ज्यादा आवेदन आने की उम्मीद है। इसमें भी चिकित्सा विभाग में संविदा पर काम कर रहे फार्मासिस्ट ही अपनी नियमित नियुक्ति की उम्मीद लगाए बैठे है।

राजस्थान में छह साल के आंकड़ों पर निगाह डालने पर पता चलता है कि अहम सरकारी भर्तियों के लिए दो लाख 15 हजार पदों के लिए एक करोड़ 20 हजार से ज्यादा आवेदन आए। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में एक पद के लिए 350 अभ्यर्थियों के बीच मुकाबला होता है। इसी तरह से सबसे कड़ा मुकाबला प्रदेश में सन 2016 में पुलिस सब इंस्पेक्टर के तीन सौ पदों के लिए हुआ था। इसमें हर एक पद के लिए एक हजार आवेदक थे। सबसे बुरी हालत तो शिक्षक बनने वालों की है। प्रदेश में 15 लाख से ज्यादा बीएड डिग्री वाले नौजवान है। इनमें से ज्यादातर एक के बाद एक कई तरह की परीक्षाएं देकर शिक्षक बनने की कतार में लगे हुए है। भर्तियां नियमित तौर पर कराने के लिए राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ कई बार आंदोलन कर चुका है।

प्रदेश में बेरोजगारों की लंबी कतार है। इसके मुकाबले भर्तियों की संख्या नगण्य है। सरकार जो भर्तियां निकालती है वो पूरी हो ही नहीं पाती है। ज्यादातर भर्तियां अदालतों में अटकी रहती हैं। सरकार लगातार भर्ती प्रक्रिया अपनाती तो प्रदेश में ऐसे हालात नहीं होते। लगातार भर्तियां नहीं होने से ही अब प्रतिस्पर्धा का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है।

-उपेन यादव, संघ के प्रदेश अध्यक्ष

नियमित भर्तियां नहीं होने से कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। सेवारत कर्मचारी तो नियमित रिटायर हो रहे है पर नए लोग नहीं आने से परेशानी होती है। भर्तियां नहीं होने से ही बेरोजगारों की तादाद बढ़ती जा रही है। सरकार की तरफ से ये बड़ी लापरवाही है। सरकार ने इस बार बजट में भर्तियों की कई घोषणाएं की है जिसे पूरा करना उसके लिए एक बड़ी चुनौती है। सरकार नियमित भर्तियां निकालती तो आज जैसे हालात नहीं होते।

-रामकिशोर वर्मा, राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी संघ के महासचिव

विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन आज

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 17 दिसंबर।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार को देहरादून में विधानसभा अध्यक्षों और विधान परिषद सभापतियों के दो दिवसीय 79वें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें देश के 26 राज्यों के विधानमंडलों के अध्यक्ष और सभापति भाग लेंगे और अनुभव साझा करेंगे। यह जानकारी उत्तराखंड विधानसभा के अध्यक्ष और इस सम्मेलन के मेजबान प्रेमचंद अग्रवाल ने पत्रकारों को दी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा के महासचिव और विधानसभाओं के सचिवों की मंगलवार को विशेष बैठक हुई। इसमें बुधवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन के बारे में गहन विचार-विमर्श हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में 'संविधान की दसवीं अनुसूची और अध्यक्ष की भूमिका' और 'शून्यकाल सहित सभा के अन्य साधनों के माध्यम से संसदीय लोकतंत्र का सुदृढ़ीकरण तथा क्षमता निर्माण' विषयों पर चर्चा की जाएगी। दो दिनों तक चलने वाली परिचर्चाओं के दौरान पीठासीन अधिकारी कार्यसूची में 'संविधान की दसवीं अनुसूची और अध्यक्ष की भूमिका' पर चर्चा करेंगे।

बंगाल में प्रदर्शन जारी गुवाहाटी में कर्फ्यू हटा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 दिसंबर।

नागरिकता कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में मंगलवार को पांचवें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा और प्रदर्शनकारियों ने राज्य के कई हिस्सों में सड़क और रेल की पटरियां जाम कर दीं। हालात सामान्य होने पर पड़ोसी राज्य असम के गुवाहाटी में लगा कर्फ्यू मंगलवार को हटा लिया गया। गुवाहाटी में उड़ान परिचालन और रेलवे सेवाएं बहाल कर दी गईं। दूसरी ओर, गुवाहाटी में आल असम स्टूडेंट यूनियन (आसू) द्वारा आयोजित 'जन सत्याग्रह' जुलूस में लोगों ने हिस्सा लिया और गिरफ्तारी दी। असम में ब्रॉडबैंड सेवाएं मंगलवार को बहाल हो गईं, लेकिन मोबाइल इंटरनेट बंद है जिससे मोबाइल ऐप और अन्य ऑनलाइन सेवाओं पर निर्भर लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

गुवाहाटी में शहर में दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले हैं। बस, कार और दोपहिया वाहन सड़कों पर नजर आ रहे हैं। कानून व व्यवस्था की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा सोमवार को बुलाई गई एक बैठक में गुवाहाटी से कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया गया। बयान के अनुसार, 'गुवाहाटी में कल (मंगलवार को) सुबह छह बजे से पूरी तरह कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया गया है।' बयान में हालांकि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के बारे में कोई जिक्र नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे से भी उड़ानें निर्धारित समय सारिणी से आ-जा रही हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के प्रवक्ता सुभानन चंदा ने कहा, 'कुछ इंटरसिटी सेवाओं समेत ग्यारह ट्रेन सेवाएं मंगलवार को बहाल कर दी गईं, क्योंकि राज्य में कानून व्यवस्था में क्रमिक सुधार आया है।' अन्य ट्रेनों की सेवाएं भी धीरे धीरे बहाल की जा रही हैं। चंदा ने कहा, 'बहाल ट्रेनों में मानस राइनो पैसेंजर सेवा शामिल है, जो बोंगाईगांव जिले के न्यू बोंगाईगांव को गुवाहाटी से जोड़ती हैं। इन ट्रेनों के बहाल होने से खासकर कार्यालय जाने वालों को फायदा होगा।'

हालांकि, पूर्वोत्तर से कोलकाता की सभी ट्रेनें पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था की मद्देनजर रद्द रहीं। असम में दोनों हवाई अड्डों पर उड़ान परिचालन सामान्य रहा। बस कोलकाता जाने वाली इंडिगो की उड़ान रद्द कर दी गई। बंगाल में अभी तक करीब 354 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। मालदा, उत्तर दिनाजपुर, मुर्शिदाबाद, हावड़ा और उत्तर और दक्षिण 24 परगना के कुछ हिस्सों में लगातार तीसरे दिन इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहीं।

नागरिकता कानून मुसलिम विरोधी नहीं : राजनाथ

न्यूयॉर्क, 17 दिसंबर (भाषा)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां भारतीय समुदाय को आश्वासन दिया कि संशोधित नागरिकता कानून मुसलिम विरोधी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारी संस्कृति हमें नफरत करना नहीं सिखाती।' नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के अनुसार पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 तक यहां आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के सदस्यों, जिन्हें वहां धार्मिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा हो, को यहां अवैध प्रवासी नहीं माना जाएगा और भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी।

वाशिंगटन में 18 दिसंबर 2019 को अमेरिका-भारत टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता के लिए सोमवार को अमेरिका पहुंचे सिंह ने एशिया सोसायटी नामक शिक्षण संस्थान में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित एक समारोह के दौरान यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लिए गए कई फैसले गिनाए जिनमें अनुच्छेद 370 को समाप्त करना, नागरिकता संशोधन कानून, तीन तलाक कानून तथा पाकिस्तान से पनपने वाले आतंकवाद पर भारत की ओर से की गई कार्रवाई शामिल हैं। सिंह ने कहा, 'नागरिकता (संशोधन) विधेयक, जो अब कानून बन गया है, मुसलिम विरोधी नहीं है।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक यातनाओं की वजह से यहां आने वाले वहां के अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध तथा जैन समुदायों को नागरिकता देने के उद्देश्य से विधेयक लाया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएए में मुसलिमों को शामिल नहीं किया गया क्योंकि ये तीनों देश 'धर्म आधारित' तथा 'इस्लामिक' देश हैं और किसी इस्लामिक देश में कम से कम इस्लाम धर्म का पालन करने वालों को धार्मिक उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़ता।

'उतरते समय आगे का पहिया खुला नहीं था, विमान को उतरने से रोका गया'

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

गोवा हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह को एक बड़ा हादसा टल गया जब एक चौकस रनवे नियंत्रक ने उतर रहे स्पाइस जेट के एक विमान को उसका आगे का पहिया (नोज लैंडिंग गीयर) खुला न देखकर उसे उतरने से रोक दिया। नौसेना के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

नौसेना के प्रवक्ता ने ट्वीट किया, 'भारतीय वायुसेना की चौकस विमान यातायात सेवा ने एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया। रनवे नियंत्रक प्रमुख एयरमैन (एअर हैंडलर) रमेश टिग्गा को उतरने जा रहे स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी 3568 का अगला पहिया बंद नजर आया। प्रवक्ता ने बताया कि टिग्गा ने तुरंत विमान यातायात नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना दी और वहां तैनात ड्यूटी एअर ट्रैफिक नियंत्रक लेफ्टिनेंट कॉमोडोर हरमीत कौर ने स्पाइसजेट विमान को लैंडिंग रोक देने को कहा। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, 'विमान आपात व सुरक्षा सेवाओं की सहायता से आठ बजकर पांच मिनट पर सुरक्षित ढंग से हवाई अड्डे पर उतरा।

राष्ट्रपति से मिले विपक्षी नेता

पेज 1 का बाकी

एक ज्ञापन सौंपा और नागरिकता कानून को असंवैधानिक करार देते हुए उनसे यह मांग की कि वह सरकार को इस कानून को वापस लेने की सलाह दें। विपक्षी नेताओं ने इस कानून की मुखालफत करने वाले जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में घुसकर की गई दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की न्यायिक जांच कराने की मांग भी राष्ट्रपति के समक्ष रखी।

राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि पूर्वोत्तर में जो हालात हैं वह अब पूरे देश में फैल रहे हैं। यह विरोध अब दिल्ली के जामिया विश्वविद्यालय तक भी आ गया है। यह काफी गंभीर हालात हैं। उन्होंने कहा कि हमें डर है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। दूसरी ओर पुलिस इस हालात से निपटने में विफल रही है।

राष्ट्रपति से मुलाकात करने वाले विपक्षी नेताओं में शामिल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि यह कानून सिर्फ गरीबों को प्रभावित करेगा। दूसरी ओर माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि राष्ट्रपति हमारे संविधान के संरक्षक हैं। इसलिए अगर कोई संविधान का उल्लंघन करता है तो हम उसको स्वीकार नहीं करेंगे। सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि हमनें राष्ट्रपति से कहा कि हमने यह आशंका पहले व्यक्त की थी कि यह कानून बनने से देश में हालात बिगड़ सकते हैं।

इस मौके पर कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। हमनें सबकी तरफ से एक ज्ञापन राष्ट्रपति को दिया। इसमें लिखा है कि सरकार इस विधेयक को लेकर काफी जल्दी में थी। सरकार को उनके सलाहकार ने मना भी किया था कि वह इस कानून को पास न कराएं। राजनीतिक पार्टियों ने भी उन्हें आगाह किया था। लेकिन देश के लोगों की भावनाओं की परवाह किए बगैर केवल अपने संख्या बल पर इस कानून को बनाया गया।

'हाई कोर्ट जाएं याचिकाकर्ता'

पेज 1 का बाकी

की अध्यक्षता में समिति गठित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया और कहा कि इस तरह की समितियां संबंधित हाई कोर्ट द्वारा गठित की जा सकती हैं। शीर्ष अदालत ने सभी याचिकाकर्ताओं को राहत और जांच समितियों के गठन के लिए संबंधित राज्यों के हाई कोर्ट जाने का निर्देश दिया, जहां हिंसा की घटनाएं हुई हैं।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत के तीन सदस्यीय पीठ ने अपने आदेश में इस तथ्य का उल्लेख किया कि याचिकाकर्ताओं के हरेक आरोप का केंद्र की ओर से महान्यायवादी तुषार मेहता ने खंडन किया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की चिंता दो बातों को लेकर मुख्य रूप से है। पहला तो अंधाधुंध तरीके से छात्रों की गिरफ्तारी और घायल छात्रों का ठीक से इलाज नहीं होना।

पीठ ने कहा कि महान्यायवादी के अनुसार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सिर्फ दो छात्रों को ही अस्पताल में दाखिल किया गया है और उनका विश्वविद्यालय के अस्पताल में इलाज चल रहा है। महान्यायवादी का कहना है कि वे पुलिस कार्रवाई में जख्मी नहीं हुए हैं, जैसा कि याचिकाकर्ताओं का दावा है। पीठ ने आरोप-प्रत्यारोपों का उल्लेख करते हुए कहा- इस विवाद के स्वरूप और घटनाओं के संबंध में हरेक राज्य में तथ्यों के निष्कर्ष तक पहुंचने हेतु सामग्री एकत्र करने के लिए हरेक राज्य में एक-एक समिति गठित करना उचित होगा और हम इसलिए याचिकाकर्ताओं को उन उच्च न्यायालयों में जाने का निर्देश देना उचित समझते हैं जिनके अधिकार क्षेत्र में घटनाएं हुई हैं।

पीठ ने कहा- हम आश्वस्त हैं कि विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश, यदि आवश्यक हुआ, केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों का पक्ष सुनने के बाद शीर्ष अदालत या हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की समिति गठित करते समय जांच के लिए कहेंगे। पीठ ने स्पष्ट किया कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि हाई कोर्ट गिरफ्तारी या मेडिकल उपचार को लेकर कोई तथ्य संज्ञान में लाया जाता है तो इसकी पुष्टि के बाद उचित आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र होगा।

पीठ ने याचिकाकर्ताओं द्वारा यह गंभीर मुद्दा उठाए जाने के तथ्य का भी संज्ञान लिया कि छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करते समय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की अनदेखी की गई है। पीठ ने महान्यायवादी द्वारा इस तथ्य से इनकार किए जाने के कथन को भी रिकार्ड पर लिया।

महान्यायवादी ने स्पष्ट रूप से बयान दिया कि अभी तक किसी भी छात्र को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे भविष्य के बारे में कोई बयान नहीं दे सकते। तेलंगाना मुठभेड़ मामले में शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित करने की तरह ही समिति नियुक्त करने से इनकार करते हुए पीठ ने कहा- इन दोनों घटनाओं के बीच कोई तुलना नहीं की जा सकती। विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों की फौज से पीठ ने कहा कि इसलिए आपका यह अनुरोध अस्वीकार किया जाता है। वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने इसका विरोध करते हुए कहा-आपके पास हमें निहत्था करने का रास्ता है। जयसिंह ने कहा- हम सभी न्यायाधीशों का पूर्व न्यायाधीशों और पीठासीन न्यायाधीशों के साथ ही हाई कोर्ट के न्यायाधीशों का एक समान सम्मान करते हैं। लेकिन यदि तथ्यों का पता लगाने के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को नियुक्त किया जाता है तो हमें अधिक भरोसा होगा।

पीठ ने इस मामले में याचिकाओं में समाचार पत्रों की खबरों पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हम समाचार पत्र पढ़ेंगे। हम अपने न्यायिक निर्णय पर पहुंचने के लिए समाचार पत्रों को आधार नहीं बनाएंगे। बहस के दौरान जब याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने ऊंची आवाज में बहस करना शुरू किया तो पीठ ने इस पर नाराजगी जताई और कहा- हम अदालत में जोर-जोर से बोलना पसंद नहीं करेंगे। यह चीखने चिल्लाने वाला मैच नहीं है।

समुद्री लुटेरों ने गिनी की खाड़ी में 20 भारतीयों को अगवा किया

पेज 1 का बाकी

और चालक दल का पता लगाने के लिए स्थानीय अधिकारियों से बातचीत जारी है। विदेश मंत्रालय ने ड्यूक मैनेजमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के हवाले से बताया कि सोमवार तड़के जहाज से संपर्क टूट गया। हम जहाज और चालक दल का पता लगाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पायरेसी रिपोर्टिंग सेंटर ने जानकारी दी कि 16 दिसंबर को स्थानीय समयानुसार सुबह 7-8 बजे के बीच समुद्री लुटेरों का हमला हुआ था। इससे पहले नाइजीरिया के समुद्र तटीय इलाके के पास से दो दिसंबर को स्थानीय समयानुसार शाम 7:20 बजे हांगकांग का झंडा लगा एक मालवाही जहाज अगवा कर लिया गया था, जिस पर एक तुर्की और 18 भारतीय सवार थे।

बाद में जहाज को नाइजीरियाई नौसेना ने अपने कब्जे में लिया, लेकिन अगवा व्यक्तियों का अब तक पता नहीं चल सका है। इस कांड के बारे में भी विदेश मंत्रालय ने प्रयास जारी कर रखा है। इसके बाद पांच दिसंबर को एक फ्रांसीसी कंपनी का तेल टैंकर नाइजीरियाई इलाके से ही अगवा कर लिया गया। उस जहाज पर भी 19 चालक दल के सदस्य थे, लेकिन उसमें कोई भारतीय नहीं था।

आउटगोइंग कॉल पर शुल्क एक साल के लिए बढ़ाया

पेज 1 का बाकी

अब वायरलेस से वायरलेस घरेलू कॉल पर छह पैसे प्रति मिनट का शुल्क एक जनवरी, 2021 से खत्म होगा। नियामक की ओर से 18 सितंबर 2019 को इंटरकनेक्शन उपयोग शुल्क की समीक्षा के लिए परामर्श पत्र जारी किया गया था।

इस पर सभी हितधारकों से 18 अगस्त 2019 तक उनकी लिखित टिप्पणियां मांगी गई थीं। इतना ही नहीं एक नवंबर 2019 तक जवाबी टिप्पणियां भी ट्राई ने मांगी थीं। इसके बाद इन सभी टिप्पणियों और जवाबी टिप्पणियों को 15 ट्राई की वेबसाइट पर रखा गया और 15 नवंबर 2019 को नई दिल्ली में सभी हितधारकों के साथ आयोजित हुए खुले सत्र में इन पर चर्चा की गई।

खुले सत्र में सभी हितधारकों से मिली टिप्पणियों के विश्लेषण के बाद नियामक ने तय किया कि किसी ऑपरेटर के नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क पर की जाने वाली मोबाइल कॉल पर छह पैसे प्रति मिनट के शुल्क को एक साल के लिए बढ़ाया जाए।

मुशर्रफ को देशद्रोह के मामले में मौत की सजा

पेज 1 का बाकी

नहीं हो सकता है।' गफूर ने उम्मीद जताई कि इस मामले में पाकिस्तानी इस्लामी गणतंत्र के मुताबिक न्याय किया जाएगा।

पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार किसी सैन्य प्रमुख को देशद्रोही करार देकर मौत की सजा सुनाई गई है। देशद्रोह के मामले में उन्हें दोषी ठहराना उस देश के लिए महत्त्वपूर्ण क्षण है जहां स्वतंत्र इतिहास में अधिकतर समय तक शक्तिशाली सेना काबिज रही है।

मुशर्रफ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को 1999 में रक्तहीन तख्ता पलट में सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था। वे 2001 से 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति भी रहे। यह मामला 2007 में संविधान को निलंबित करने और देश में आपातकाल लगाने का है जो दंडनीय अपराध है और इस मामले में उनके खिलाफ 2014 में आरोप तय किए गए थे। अदालत के दो न्यायाधीशों ने मौत की सजा सुनाई जबकि एक अन्य न्यायाधीश की राय अलग थी। इसके ब्योरे अगले 48 घंटों में सुनाए जाएंगे। फैसला सुनाए जाने से पहले अदालत ने अभियोजकों की एक याचिका खारिज कर दी जिसमें फैसले को टालने की मांग की गई थी।

इस महीने की शुरुआत में स्वास्थ्य खराब होने के कारण मुशर्रफ को दुबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।अपने अस्पताल के बिस्तर से वीडियो के माध्यम से बयान जारी कर उन्होंने देशद्रोह के मामले को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा, 'मैंने दस वर्षों तक अपने देश की सेवा की है। मैं अपने देश के लिए लड़ा। यह (देशद्रोह) मामला है जिसमें मेरी बात नहीं सुनी गई और मुझे प्रताड़ित किया गया।' खबरों में बताया गया है कि उनकी कानूनी टीम उच्चतम न्यायालय में फैसले को चुनौती देगी।

सेना ने तीन घुसपैठिए और दो पाकिस्तानी कमांडो किए ढेर

पेज 1 का बाकी

की गई। सैन्य प्रवक्ता कर्नल देवेंद्र आनंद के मुताबिक, पाकिस्तानी चौकियों की ओर से सोमवार को पूरी रात सीमा पर गोलाबारी की गई। जम्मू व कश्मीर के जिला राजौरी के केरी सेक्टर स्थित सुंदरबनी और नौशेरा में पाकिस्तानी सेना ने मोर्टार और स्वचालित राइफलों से गोलाबारी की, जो मंगलवार सुबह तक जारी रही। इस दौरान पाकिस्तानी सेना के सीमा कार्रवाई टीम (बैट) और विशेष सुरक्षा दस्ते (एसएसजी) के कई कमांडो और आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की। भारतीय सैनिकों की ओर से जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की ओर से आने वाले पांच घुसपैठियों को ढेर कर दिया गया। इनमें एसएसजी के दो कमांडो थे। पाकिस्तान के चार अन्य कमांडो घायल हुए हैं।

सुंदरबनी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल दागे गए। साथ ही, मोर्टार और तोपखाने से भी गोलाबारी की गई। देर रात तक दोनों तरफ से भीषण गोलाबारी होती रही। इस दुस्साहस के बाद पाकिस्तानी सेना ने पुंछ के दिगवार सेक्टर में भी भारी गोलाबारी शुरू कर दी। इसके बाद यहां सीमा पर भारी हलचल भी रही।

सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, सुंदरबनी सेक्टर के अंतर्गत केरी बट्टल इलाके में ललयाली चौकी पर पाकिस्तानी सेना के बैट दस्ते ने हमला किया।

फिर पाकिस्तानी कमांडो ललियाली चौकी की तरफ बढ़े, वहां मौजूद जवानों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए घुसपैठ करने वाले कमांडो और आतंकियों में से पांच को मार गिराया। इस कार्रवाई के बाद बाकी बचे घुसपैठिए वापस भाग गए।

सीलमपुर में हिंसा, आगजनी

पेज 1 का बाकी

संयुक्त आयुक्त आलोक कुमार ने बताया कि सीलमपुर में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोल छोड़े गए। गोली नहीं चलाई गई। स्थिति अब नियंत्रण में है। उनके मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने दो पुलिस चौकियों पर आगजनी की। इस घटना में सात स्थानीय लोग और 11 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इनमें उपायुक्त और अतिरिक्त उपायुक्त स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान दो सार्वजनिक परिवहन बसें, एक रैपिड एक्शन फोर्स की बस और कुछ मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रदर्शनकारियों ने यातायात पुलिसकर्मियों की दो मोटरसाइकिलों में भी आग लगी दी।

कुमार के मुताबिक दो पुलिस चौकियों को भी आग लगाकर नुकसान पहुंचाया गया। प्रदर्शन के कारण आसपास के कई मेट्रो स्टेशनों का गेट भी एहतियातन बंद कर दिया गया था, जो देर रात खोल दिया गया। दंगा फैलाने, सरकारी सेवकों को काम में बाधा डालने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसाने पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

मंगलवार को कुछ स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं के एलान पर जाफराबाद में दोपहर दो बजे लोग नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए जमा हुए। शुरुआत में यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा लेकिन बाद में पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई, जिससे हिंसा शुरू हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पहले लाठी भांजी और फिर आंसू गैस के गोले दागने शुरू किए।

इस दौरान, प्रदर्शनकारियों ने डीटीसी की दो क्लस्टर बसों और एक रेपिड बस में आग लगा दी। उपद्रवियों की पत्थरबाजी में शाहदरा के जिला पुलिस उपायुक्त अमित शर्मा के सिर में पत्थर लग गया। मेट्रो प्रबंधन ने वेलकम, जाफराबाद, मौजपुर-बाबरपुर, सीलमपुर, गोकुलपुरी, जौहरी विहार और शिव विहार के प्रवेश और निकास द्वार बंद कर दिए। जाफराबाद में स्थिति पर नजर रखने के लिए पुलिस ने ड्रोन का सहारा लिया। पुलिस ने कुछ ड्रोन इलाके में उड़ाए जिससे उपद्रवियों पर निगरानी रख सके।

उधर, शाम में पुरानी दिल्ली के दरियागंज से कुछ प्रदर्शनकारी मार्च की शक्ल में आइटीओ पहुंचने की कोशिश में थे लेकिन पुलिस ने मार्च को दिल्ली गेट पर ही रोक दिया। संभावित अशांति को देखते हुए पुलिस ने दुकानें बंद करवा दी।

नागरिकता कानून में कुछ भी अल्पसंख्यक विरोधी नहीं : शाह

पेज 1 का बाकी

कार्यक्रमों में इस मुद्दे पर अपनी बात रखी।

शाह ने कहा, 'कुछ भी हो मोदी सरकार सुनिश्चित करेगी कि इन शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता हासिल हो और वे सम्मान के साथ भारतीय नागरिक बनकर जिएं।' गृह मंत्री ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) कानून, 2019 के कारण कोई भी भारतीय अपनी नागरिकता नहीं खोएगा और यह कानून तीनों पड़ोसी देशों में अत्याचार का शिकार बने अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है।

उन्होंने कानून का विरोध करने वाले छात्रों से कहा कि इसे ठीक से पढ़ें और इसके अर्थ को समझें। उन्होंने कहा, 'मैं अपने मुसलिम भाइयों-बहनों से कहना चाहता हूं कि आपको डरने की जरूरत नहीं है। जो लोग भारत में रह रहे हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। कोई भी भारतीय नागरिकता खोने नहीं जा रहा है। कांग्रेस लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। कानून वेबसाइट पर है। इसे पढ़िए। किसी से भी अन्याय नहीं किया जाएगा।'

कानून के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर 2014 तक आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को अवैध शरणार्थी नहीं, बल्कि भारतीय नागरिक माना जाएगा। शाह ने कहा कि कानून का एकमात्र उद्देश्य उन लोगों को नागरिकता देना है जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक अत्याचार का सामना कर रहे हैं। अमित शाह ने पूछा, 'हिंदू, सिख व अन्य भारत नहीं आएंगे तो ये लोग कहां जाएंगे।' गृह मंत्री ने कहा कि नेहरू-लियाकत समझौते के मुताबिक इन लोगों को पाकिस्तान में संरक्षण दिया जाना था, लेकिन वे ऐसा करने में विफल रहे।

मद्रास विश्वविद्यालय में घुसी पुलिस, छात्रों का प्रदर्शन जारी

चेन्नई, 17 दिसंबर (भाषा)।

नागरिकता कानून में संशोधन के खिलाफ मद्रास विश्वविद्यालय के छात्रों के एक वर्ग ने मंगलवार को दूसरे दिन भी यहां स्थित मरीना परिसर में अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा, जबकि इस बीच पुलिस परिसर में प्रवेश कर गई। मरीना समुद्र तट के ठीक सामने स्थित विशाल परिसर में प्रदर्शनकारी धरने पर बैठे, जिन्होंने नागरिकता अधिनियम में संशोधन को वापस लेने की मांग की और इसके खिलाफ नारे लगाए। पुलिसकर्मी, इस बीच, विश्वविद्यालय परिसर के अंदर प्रवेश कर गए।

शहरी नक्सली भड़का रहे हैं युवाओं को

पेज 1 का बाकी

कि वह लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के साथ बातचीत के लिए मुद्दों को उठाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि 'शहरी नक्सली' लोग देश में समस्या पैदा करने के लिए युवाओं को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने कहा, 'कांग्रेस नागरिकता कानून पर झूठ बोल रही है, मुसलमानों के बीच डर का माहौल बना रही है। मैं आश्वासन देता हूं कि देश का कोई भी नागरिक इस कानून से प्रभावित नहीं होगा।' प्रधानमंत्री ने झारखंड की रैली में कहा, 'मैं कांग्रेस, उसके मित्रों को यह सार्वजनिक ऐलान करने की चुनौती देता हूं कि वे सभी पाकिस्तानियों को भारतीय नागरिकता देने के लिए तैयार हैं।'

जमा की जाने वाली अर्नेस्ट मनी की धनराशि: 85,200.00 (रुपये पिचासी हजार दो सौ केवल)
बिक्री एवं विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिये दिये गया लिंक का संदर्भ लें: https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/s_s_associates_3.pdf

क्र.सं.19	ऋणी एवं जमानतदारों के नाम	बकाया धनराशि
शाहजहानपुर शाखा A/C No. 510101006279808 IFSC Code: CORP0001150	ऋणी: मैसर्स शर्मा फर्टीलाईजर प्रोपराईटर सूरज प्रकाश शर्मा, पता मौहल्ला सैनिक कालोनी, निकट पंच पीर, निगोही रोड, शाहजहानपुर उ0प्र0–242001 2(अ) कमलेश रानी पत्नी स्व0 श्री सत्यपाल शर्मा, पता सैनिक कालोनी, निगोही रोड, अशोक विहार, शाहजहानपुर–242001 2(ब) सुनीता शर्मा पुत्री स्व0 श्री सत्यपाल शर्मा, पता सैनिक कालोनी, निगोही रोड, अशोक विहार, शाहजहानपुर–242001 2(स) संजय शर्मा पुत्र स्व0 श्री सत्यपाल शर्मा पता सैनिक कालोनी, निगोही रोड, अशोक विहार, शाहजहानपुर–242001 2(द) वेद प्रकाश रावल पुत्र श्री देशराज रावल, पता मकान नं0–126, रामनगर कालोनी, शाहजहानपुर–242001	रुपये 10,49,053/– (दस लाख उनचास हजार तरेपन रुपये केवल)

संपत्ति का विवरण :– समपत्ति का समस्त भाग रिहाइशी प्लॉट ग्राम जलालनगर बाहर चुंगी, तहसील सदर, जिला शाहजहाँपुर, जिसका क्षेत्रफल पूरब व पश्चिम में 60 फुट व उत्तर दक्षिण में दोनों तरफ 30 फुट कुल क्षेत्रफल 167.22 वर्गमीटर है। सम्पत्ति की सीमाएं – पूरब में कच्चा रास्ता, पश्चिम में कच्ची जमीन, उत्तर में बेचने वाले की जमीन, दक्षिण में बेचने वाले की जमीन। सम्पत्ति की स्वामिनी श्रीमती कमलेश रानी सूरज प्रकाश शर्मा संजय शर्मा तथा सुनीता शर्मा है।
ई–ऑक्शन की दिनांक और समय: 06.01.2020, प्रातः 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
रिजर्व मूल्य: 27,69,000.00 (रुपये सत्ताईस लाख उनत्तर हजार केवल)
जमा की जाने वाली अर्नेस्ट मनी की धनराशि: 2,76,900.00 (रुपये दो लाख छियत्तर हजार नौ सौ केवल)
बिक्री एवं विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिये दिये गया लिंक का संदर्भ लें: https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/sharma_fertilizers_3.pdf

दिनांक : 17.12.2019 **स्थानः बाजपुर, आगरा, बुलन्दशहर, बरेली, मेरठ, सहारनपुर, शाहजहांपुर, विकास नगर, रूद्रपुर**

www.readwhere.com

स्त्री-पुरुष असमानता में भारत 112वें स्थान पर

स्वास्थ्य, आर्थिक भागीदारी में स्थिति ज्यादा खराब

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

महिलाओं की स्वास्थ्य व उत्तरजीविता और आर्थिक भागीदारी क्षेत्र में स्थिति खराब होने के बीच स्त्री-पुरुष असमानता पर तैयार रिपोर्ट में भारत एक साल पहले के मुकाबले चार पायदान फिसल कर 112वें स्थान पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य और आर्थिक भागीदारी इन दो क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी के मामले में भारत सबसे नीचे स्थान पाने वाले पांच देशों में शामिल है। विश्व आर्थिक मंच की महिला और पुरुषों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते फासले से संबंधित इस वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

भारत पिछले साल इस सूची में 108वें पायदान पर था। विश्व आर्थिक मंच की स्त्री-पुरुष अंतर रिपोर्ट में भारत का स्थान चीन (106), श्रीलंका (102), नेपाल (101), ब्राजील (92), इंडोनेशिया (85) और बांग्लादेश (50) से भी नीचे है। स्त्री-पुरुष के बीच सबसे ज्यादा समानता आइसलैंड में है। स्त्री-पुरुष के बीच अंतर सूचकांक में यमन की स्थिति सबसे खराब है। उसे 153वां स्थान मिला है जबकि इराक को 152वें और पाकिस्तान को 151वें पायदान पर रखा गया है।

विश्व आर्थिक मंच की इस रिपोर्ट के मुताबिक स्त्री-पुरुष असमानता को चार मुख्य कारकों के आधार पर तय किया गया है। इनमें महिलाओं को उपलब्ध आर्थिक अवसर, राजनीतिक सशक्तीकरण, शैक्षणिक उपलब्धियां और स्वास्थ्य व जीवन प्रत्याशा शामिल हैं। विश्व आर्थिक मंच ने कहा, '2019 में स्त्री-पुरुष के बीच विभिन्न क्षेत्रों में जो अंतर है, उसे पाटने में 99.5 साल लगेंगे। वहीं साल 2018 के मुकाबले इसमें सुधार देखा गया है। इस समय अनुमान लगाया था कि महिला पुरुषों के बीच असमानता को दूर करने में 108 साल लगेंगे।' इस प्रकार, राजनीतिक असमानता को खत्म करने में पिछले वर्ष 107 साल के मुकाबले अब 95 साल लगेंगे। हालांकि, आर्थिक अवसर के मामले में स्थिति खराब हुई है। आर्थिक अवसरों के मामले में स्त्री-पुरुष के बीच व्याप्त अंत को कम करने में 257 साल लगेंगे। पिछले साल इसमें 202 साल लगने का अनुमान जताया गया था।

विश्व बैंक ने अपनी पहली स्त्री-पुरुष अंतर रिपोर्ट 2006 में पेश की थी। उस समय भारत 98वें पायदान पर था। आज भारत की रैंकिंग उससे भी कम है। तब से लेकर, रैंकिंग के लिए उपयोग होने वाले चार में से तीन कारकों में भारत की स्थिति खराब हुई है।

सुरक्षा परिषद कश्मीर मुद्दे पर नहीं करेगी चर्चा

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

माना जाता है कि चीन ने फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर चर्चा कराए जाने का आग्रह किया है, लेकिन राजनयिक सूत्रों ने कहा कि मुद्दे पर परिषद में चर्चा नहीं होगी।

ऐसा माना जाता है कि पाकिस्तान के मित्र चीन ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद में मंगलवार को चर्चा कराए जाने का आह्वान किया है। मामले पर मंगलवार को दोपहर बाद बंद कमरे में परामर्श के दौरान 'अन्य मामलों' के तहत सुरक्षा परिषद में चर्चा होने की पहले उम्मीद थी। हालांकि अब माना जाता है कि मंगलवार को चर्चा के लिए निर्धारित यह मामला बाद में हुए घटनाक्रमों के चलते अब चर्चा के लिए नहीं आएगा। फ्रांस के राजनयिक सूत्रों ने कहा कि कश्मीर पर सुरक्षा परिषद में मंगलवार को चर्चा नहीं होगी। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, 'हमारी स्थिति बेहद स्पष्ट रही है। कश्मीर मुद्दे पर द्विपक्षीय चर्चा होनी चाहिए। हमने हाल में संयुक्त राष्ट्र सहित कई बार यह रेखांकित किया है।'

विश्व भर में 2019 में 49 पत्रकारों की हत्या हुई

पेरिस, 17 दिसबर (एएफपी)।

विश्वभर में 2019 में 49 पत्रकारों की हत्या की गई। यह आंकड़ा पिछले 16 साल में सबसे कम है लेकिन लोकतांत्रिक देशों में पत्रकारों की हत्या की घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं।

पेरिस स्थित निगरानी संगठन 'आरएसएफ' ने बताया कि इनमें से अधिकतर पत्रकार यमन, सीरिया और अफगानिस्तान में संघर्ष की रिपोर्टिंग के दौरान मारे गए जो दिखाता है कि पत्रकारिता एक खतरनाक पेशा बना हुआ है। संगठन ने कहा कि पिछले दो दशक में औसतन हर साल 80 पत्रकारों की जान गई है।

इसके प्रमुख क्रिस्टोफ डेलोयर ने कहा कि शांतिप्रिय देशों में पत्रकारों की हत्या की घटनाएं खतरे की घंटी भी है, क्योंकि केवल मेक्सिको में ही दस पत्रकार मारे गए हैं।

उन्होंने कहा, 'लातिन अमेरिका में कुल 14 पत्रकार मारे गए जो पश्चिम एशिया जितना ही खतरनाक स्थान बन गया है।' डेलोयर ने कहा कि संघर्षग्रस्त इलाकों में आंकड़ों में आई कमी खुशी की बात है लेकिन 'लोकतांत्रिक देशों में अधिकतर पत्रकारों को उनके काम के लिए निशाना बनाया जा रहा है, जो कि लोकतंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती है।' 'आरएसएफ' के अनुसार भले ही पत्रकारों की जान कम जा रही है लेकिन अधिकतर पत्रकार सलाखों के पीछे हैं। 2019 में करीब 389 पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया, जो कि पिछले साल की तुलना में 12 फीसद अधिक है। इनमें से आधे, चीन, मिस्र और सऊदी अरब में कैद हैं।

'आरएसएफ' के अनुसार विश्व भर में 57 पत्रकारों को बंदी भी बना कर रखा हुआ है। इनमें से अधिकतर सीरिया, यमन, इराक और यूक्रेन में बंदी बनाए गए हैं।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, पंजाब नेशनल बैंक की तरफ से प्राधिकृत अधिकारी ने सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेटस एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में सिक्योरिटी इंटरेस्ट 2002 के साथ 60 दिनों के भीतर नोटिस में निहित रकम की अदायगी हेतु एक डिमांड नोटिस जारी किया था। ऋणी के द्वारा रकम की अदायगी न करने के कारण निम्नलिखित ऋणकर्ता एवं जन साधारण को नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रत्येक खाते के समक्ष अंकित तिथि को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधोलिखित सम्पत्ति का **सांकेतिक कब्जा दिनांक 12, दिसम्बर, 2019** को ले लिया है। विशेषतः ऋणी एवं जन साधारण को एतद् द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे संबंधित परिसम्पत्ति की खरीद फरोख्त न करें तथा इन परिसम्पत्ति के किसी भी क्रय विक्रय के लिए यहाँ नीचे खाते के समक्ष रकम उस पर देय ब्याज के लिए पंजाब नेशनल बैंक के प्रभार अधीन होंगे। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र0 सं0	शाखा का नाम	खाते का नाम	ऋणकर्ता का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण	(13/2)मांग नोटिस की तिथि,मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सांकेतिक कब्जे की तिथि	प्राधिकृत अधिकारी का नाम
1.	जेवरी (7981)	श्री संजय कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री बालेश्वर 798100NC00000015 और 798100990000018	श्रीमती प्रकाशी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री बालेश्वर, श्री सोनू पुत्र स्वर्गीय श्री बालेश्वर, श्री बिट्टू पुत्र स्वर्गीय श्री बालेश्वर (स्वर्गीय श्री संजय कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री बालेश्वर के सभी कानूनी उत्तराधिकारी) पता: ग्राम दुल्हेड़ा चौहान, परगना दौराला,तेह. सरधना, मेरठ, यूपी - 250110	प्लॉट नं. 25 क्षेत्रफल 75.62 वर्गमीटर मीटर (90.40 वर्ग गज), गाँव- मुकरबपुर पल्हेड़ा, परगना दौराला चौहान, तहसील सरधना, जिला- मेरठ संपत्ति स्वामिनी श्रीमती प्रकाशी देवी पत्नी स्व. श्री बालेश्वर (ऋणकर्ता की माँ), श्री सोनू पुत्र स्व. श्री बालेश्वर (ऋणकर्ता का भाई), श्री बिट्टू पुत्र स्व. श्री बालेश्वर (ऋणकर्ता का भाई) स्वर्गीय श्री संजय कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री बालेश्वर (ऋणकर्ता /बंधककर्ता/ मालिक) के सभी कानूनी उत्तराधिकारी सीमायें:-पूर्व: 37 फीट-प्लॉट नंबर 24 पश्चिम: 37 फीट-प्लॉट नंबर 26 उत्तर: 22 फीट- अन्य की भूमि दक्षिण: 22 फीट- रास्ता 25 फीट चौड़ा	08.05.2019 रु. 17,02,886.86 दिनांक 01.04.2019 से ब्याज व अन्य खर्चे	12.12.2019	श्री संजीव शर्मा
2.	जेवरी (7981)	श्री विजय कुमार पाल पुत्र श्री श्याम लाल 798100NC00000051 और 798100NC00000060	श्री विजय कुमार पाल पुत्र श्री श्याम लाल पता: 130/4, पॉकेट-सी, श्रद्धापुरी, फेस-2, कंकेर खेड़ा, मेरठ यूपी 250,110 मोब. 9634944166, 7249927425	एक ई.डब्लू.एस फ्लैट केवल पहली मंजिल पर, असर नंबर सी -130/8 क्षेत्रफल 33.86 वर्ग मीटर, स्थित पॉकेट-सी, फेस-2, श्रद्धापुरी, कंकर खेड़ा, मेरठ यूपी 250110, संपत्ति श्री विजय कुमार पाल पुत्र श्री श्याम लाल के नाम सीमायें:-पूर्व: फ्लैट नंबर 130/5 पश्चिम: फ्लैट नंबर 131/5 उत्तर: रास्ता 6 मीटर चौड़ा दक्षिण: फ्लैट नंबर 130/5	05.09.2019 रु. 10,02,221/- दिनांक 01.07.2018 से ब्याज व अन्य खर्चे	12.12.2019	श्री संजीव शर्मा

दिनांक:- 13.12.2019 स्थान:- जेवरी प्राधिकृत अधिकारी

pnb Housing Finance Limited

पंजीकृत कार्यालय : 9वीं मंजिल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001
दूरभाष : 011 -23357171 , 23357172, 23705414 वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा पता : म.नं. 36, ब्लॉक : बी-1, भूतल, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058,
दूरभाष : 011-25546073/74/75 70/74, ई-मेल : janakpuri@pnbhousing.com, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकतता पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के नियम 8(1) के अनुपालन में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित तिथियों पर कथित सूचना/ओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सम्बद्ध कर्जदार/रों से प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित राशियों का पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए एक माँग सूचना निर्गत की थी।

कर्जदार/रों के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा कर्जदारों को तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित तिथियों पर नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों पर कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार/रों तथा जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति/यों से किसी प्रकार का संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति/यों के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार ऋण अनुबन्ध के अनुसार कथित राशि तथा उस पर ब्याज के लिए पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार का विषय होगा। प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के विषय में कर्जदारों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्रम सं.	ऋण खाता सं.	कर्जदार/ सह-कर्जदार/जमानती का नाम	माँग सूचना की तिथि	बकाया राशि	कब्जा करने की तिथि	गिरवीकृत सम्पत्ति का विवरण
1.	HOU/JAN/0815/ 237978	श्री आशीष शर्मा	22.08.2019	22.08.2019 तक रु. 83,19,578.26	12.12.2019 (सांकेतिक)	प्लॉट सं. 2557, भूतल, सेक्टर ए, ग्रीन फील्ड कॉलोनी, फरीदाबाद, हरियाणा-121001

स्थान : जनकपुरी, दिनांक : 17.12.2019 अधिकृत प्राधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लि.

Corporation Bank
(A Premier Public Sector Bank)

क्षेत्रीय कार्यालय : दिल्ली उत्तरी, दूसरी मंजिल, फैज रोड-1, नई दिल्ली-110005, दूरभाष सं. 011-28754615, 28754642
ई-मेल आईडी : DLIREC@CORPBANK.CO.IN वेबसाइट : WWW.CORPBANK.COM

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत चल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास नीचे वर्णित बंधक/प्रभारित अचल सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा कॉर्पोरेशन बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा किया गया है, की बिक्री निम्नलिखित कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) से कॉर्पोरेशन बैंक के निम्नलिखित बकायों की वसूली हेतु निम्नलिखित तिथियों पर "जहाँ है वहाँ है", "जो है जैसे है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" के आधार पर की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि भी नीचे वर्णित है :

बैंक का नाम तथा पता	गाजियाबाद रामप्रस्थ शाखा, दूरभाष नं. 0120-2643915, 2641568	
कर्जदार तथा जमानती/यों के नाम	**कर्जदार** : निशा एन्टरप्राइजेज इसके प्रोपराइटर श्रीमती शालिनी गुप्ता द्वारा प्रतिनिधानित, एल-11, विजय चौक, निकट कुमार साड़ी घर, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 (साथ ही : मकान नं. एल-11/12, दूसरी मंजिल, विजय चौक, लक्ष्मी नगर, निकट कुमार साड़ी घर दिल्ली-110092) **जमानती** : श्री नीरज गुप्ता, मकान नं. एल-11, विजय चौक, निकट कुमार साड़ी घर, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092	**बकाया राशि-** रु. 25,30,458.00 + इस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार

सम्पत्ति सं. 1 : सं. जे-6-ए, किला नं. 62/12, ग्राम खुरेजी खास, जे ब्लॉक, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 के भूतल पर प्राइवेट सं. जी-2 पर निर्मित फ्लैट का सम्पूर्ण भाग। सीमाएँ : पूर्व : 15 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम : खाली भूमि, उत्तर : 15 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण : प्लॉट सं. 7ए
ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 21.01.2020 को 11.45 बजे पूर्वाह्न से 1.15 बजे अपराह्न तक 10 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार सहित। आरक्षित मूल्य रु. 23,15,000/- जमा की जाने वाली धरोहर राशि : रु. 2,31,500/-
विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **https://corpbank.com/sites/default/files /corpbank-page-files/tender/nisha_enterprises.pdf**

कर्जदार तथा जमानती/यों के नाम	**कर्जदार** : 1. श्री रबीन्द्रनाथ चक्रवर्ती पुत्र श्री सुकुमार चक्रवर्ती, आर-359, सेक्टर-21, नोएडा-201301 2. श्रीमती रूमा चक्रवर्ती पत्नी रवीन्द्रनाथ चक्रवर्ती, आर-359, सेक्टर-21, नोएडा-201301	**बकाया राशि-** रु. 13,11,481.00 + इस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार

सम्पत्ति सं. 2 : एचआईजी फ्लैट सं. सी-503, प्लॉट सं. ई08, एक्जोटिका अपार्टमेंट्स, सेक्टर-50, नोएडा, उत्तर प्रदेश
ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 21.01.2020 को 11.45 बजे पूर्वाह्न से 1.15 बजे अपराह्न तक 10 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार सहित। आरक्षित मूल्य रु. 75,00,000/- जमा की जाने वाली धरोहर राशि : रु. 7,50,000/-
विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **https://corpbank.com/sites/default/files /corpbank-page-files/tender/rabindranath_chakraborty_.pdf**

कर्जदार तथा जमानती/यों के नाम	**कर्जदार** : 1. श्री दिग्विजय सिंह, फ्लैट सं. जी 1, प्लॉट सं. 390, सेक्टर 5, वैशाली, गाजियाबाद, 2. श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री दशरथ सिंह, म.नं. डी-20, गली नं. 3, ईस्ट विनोद नगर, सामने नेगी ज्वेलर्स, दिल्ली-110091, 3. श्री केदार नारायण चौधरी पुत्र श्री तेग नारायण चौधरी, 22, गली नं. 3, कुन्दन नगर, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092	**बकाया राशि-** रु. 4,36,782.37 + इस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार

सम्पत्ति सं. 3 : आवासीय फ्लैट सं. जी-1/390, सेक्टर-5, वैशाली, गाजियाबाद
ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 21.01.2020 को 11.45 बजे पूर्वाह्न से 1.15 बजे अपराह्न तक 10 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार सहित। आरक्षित मूल्य रु. 24,00,000/- जमा की जाने वाली धरोहर राशि : रु. 2,40,000/-
विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **https://corpbank.com/sites/default/files /corpbank-page-files/tender/digvijay_singh.pdf**

कर्जदार तथा जमानती/यों के नाम	**कर्जदार** : मैसर्स दीप्ति पेपर सेल्स, प्रो. श्री सतीश कुमार जैन, 9, मेलाराम मार्केट, चावड़ी बाजार, नई दिल्ली-110006 साथ ही मैसर्स दीप्ति पेपर सेल्स, प्रो. श्री सतीश कुमार जैन, बीके-25, वेस्ट शालीमार बाग, नई दिल्ली-110088 **जमानती** : श्रीमती मधु जैन पत्नी श्री सतीश कुमार जैन, बीके-25, वेस्ट शालीमार बाग, नई दिल्ली-110088	**बकाया राशि-** रु. 2,66,36,344.28 + इस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार

सम्पत्ति सं. 3 : शालीमार बाग (पश्चिम), दिल्ली-110088 पर स्थित सम्पत्ति सं. 25, ब्लॉक-बीके का भाग, क्षेत्रफल माप 166 वर्ग मीटर पर निर्मित तीन बेड रूम, एक ड्राइंगरूम-सह-डाइनिंग रूम, एक किचन, दो लैट्रिन एवं कमरों से जुड़ा अलग से बाथरूम से निर्मित सम्पूर्ण प्रथम तल (छत के अधिकार रहित एवं मेजेनाइन फ्लोर के अधिकार सहित)
ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 21.01.2020 को 11.45 बजे पूर्वाह्न से 1.15 बजे अपराह्न तक 10 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार सहित। आरक्षित मूल्य रु. 2,40,50,000/- जमा की जाने वाली धरोहर राशि : रु. 24,05,000/-
विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **https://corpbank.com/sites/default/files /corpbank-page-files/tender/deepti_paper_sales_1.pdf**

तिथि : 17.12.2019 **अधिकृत प्राधिकारी**
स्थान : नई दिल्ली **कॉर्पोरेशन बैंक**

This is a public announcement for information purposes only and is not a prospectus announcement. This does not constitute an invitation or offer to acquire, purchase or subscribe for securities.
Not for publication or distribution, directly or indirectly outside India.

PRINCE® PIPING SYSTEMS

PRINCE PIPES AND FITTINGS LIMITED

Our Company was incorporated as 'Prince Pipes and Fittings Private Limited' on November 13, 1987 at Mumbai, Maharashtra as a private limited company under the Companies Act, 1956. Thereafter, pursuant to Section 43A(1A) of the Companies Act, 1956, our Company became a deemed public limited company with effect from July 1, 1998. Further, pursuant to Section 43A (2A) of the Companies Act, 1956, our Company converted back into a private company on May 18, 2001. Subsequently, upon conversion into a public limited company pursuant to a special resolution of our Shareholders dated August 7, 2017, the name of our Company was changed to 'Prince Pipes and Fittings Limited', and a fresh certificate of incorporation was issued by the Registrar of Companies, Goa, Daman and Diu ("**RoC**") on August 11, 2017. For further details in relation to changes in the name and registered office of our Company, see the section titled "*History and Certain Corporate Matters*" on page 174 of the red herring prospectus dated December 11, 2019 ("**RHP**").

Registered Office: Plot No 1, Honda Industrial Estate, Phase II, Honda Sattari, Honda, Goa 403 530, India;
Corporate Office: 8th Floor, The Ruby, Senapati Bapat Marg (Tulsi Pipe Road), Dadar West, Mumbai 400 028, Maharashtra, India.
Contact Person: Pravin Jogani, Company Secretary and Compliance Officer; **Telephone:** +91 22 66022222; **Facsimile:** +91 22 66022220; **E-mail:** investor@princepipes.com; **Website:** www.princepipes.com
Corporate Identity Number: U26932GA1987PLC006287

PROMOTERS OF OUR COMPANY: JAYANT SHAMJI CHHEDA, TARLA JAYANT CHHEDA, PARAG JAYANT CHHEDA, VIPUL JAYANT CHHEDA AND HEENA PARAG CHHEDA

INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH OF PRINCE PIPES AND FITTINGS LIMITED (OUR "COMPANY" OR THE "ISSUER" AND SUCH EQUITY SHARES, THE "EQUITY SHARES") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE (THE "OFFER PRICE"), AGGREGATING UP TO ₹ 5,000 MILLION* (THE "OFFER"), COMPRISING A FRESH ISSUE OF UP TO [•] EQUITY SHARES BY OUR COMPANY AGGREGATING UP TO ₹ 2,500 MILLION* (THE "FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO [•] EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 2,500 MILLION, INCLUDING UP TO [•] EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 200 MILLION BY JAYANT SHAMJI CHHEDA, UP TO [•] EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 1,400 MILLION BY TARLA JAYANT CHHEDA, UP TO [•] EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 500 MILLION BY PARAG JAYANT CHHEDA AND UP TO [•] EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 400 MILLION BY VIPUL JAYANT CHHEDA (TOGETHER, THE "PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS" AND SUCH OFFERS THE "OFFER FOR SALE"). THE OFFER CONSTITUTES [•] % OF THE POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

***OUR COMPANY HAS, IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGERS ("BRLMS"), UNDERTAKEN A PRIVATE PLACEMENT OF 596,500 COMPULSORILY CONVERTIBLE PREFERENCE SHARES, WHICH HAVE BEEN CONVERTED INTO 5,965,000 EQUITY SHARES FOR CASH CONSIDERATION AGGREGATING TO ₹ 1,061.77 MILLION ("PRE-IPO PLACEMENT"). THE SIZE OF THE FRESH ISSUE OF UP TO ₹ 3,561.77 MILLION HAS BEEN REDUCED BY ₹ 1,061.77 MILLION PURSUANT TO THE PRE-IPO PLACEMENT AND ACCORDINGLY THE FRESH ISSUE IS UP TO ₹ 2,500.00 MILLION.**

QIB Portion: Not more than 50% of the Offer
Retail Portion: Not less than 35% of the Offer
Non-Institutional Portion: Not less than 15% of the Offer

Price Band: ₹ 177 to ₹ 178 per Equity Share of face value of ₹ 10 each.
The Floor Price is 17.70 times the face value of the Equity Shares and the Cap Price is 17.80 times the face value of the Equity Shares.
Bids can be made for a minimum of 84 Equity Shares and in multiples of 84 Equity Shares thereafter.

ASBA* | **Simple, Safe, Smart way of Application!!!**

*Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account. For further details, check section on ASBA below. **Mandatory in public issues. No cheque will be accepted.**

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE **UPI-Now available in ASBA for Retail Individual Bidders ("RIBs")**.**
Applicants to ensure PAN is updated in Bank Account being Blocked by ASBA Bank.

**ASBA has to be availed by all the investors except Anchor Investors. UPI may be availed by Retail Individual Bidders.*
*For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA Form and abridged prospectus and also please refer to the section "Offer Procedure" beginning on page 380 of the RHP. The process is also available on the website of AIBI and Stock Exchanges in the General Information Document. ASBA Forms can be downloaded from the websites of BSE Limited ("**BSE**") and National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**", and together with BSE, the "**Stock Exchanges**") and can be obtained from the list of banks that is displayed on the website of SEBI at www.sebi.gov.in.*
***List of banks supporting UPI is also available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. • For the list of UPI Apps and Banks live on IPO, please refer to the link: www.sebi.gov.in. HDFC Bank Limited has been appointed as Sponsor Bank for the Offer, in accordance with the requirements of the SEBI Circular dated November 1, 2018. For issue related grievance investors may contact: JM Financial Limited - Prachee Dhuri (+91 22 6630 3262) (ppfl.ipo@jmfl.com); Edelweiss Financial Services Limited – Yashraj Shetty (+91 22 4342 8202) (Yashraj.Shetty@edelweissfin.com); Edelweiss Securities Limited – Madhuri Tawde – (+91 22 6826 4903) (Madhuri.Tawde@edelweissfin.com). Link Intime India Private Limited – Shanti Gopalkrishnan (+91 22 4918 6200) (princepipes.ipo@linkintime.co.in). For UPI related queries, investors can contact NPCI at the toll free number: 18001201740 and Mail Id: ipo.upi@npci.org.in.*

Risks to Investors:

- **The two Book Running Lead Managers associated with the Offer have handled 27 public issues in the past three years out of which 5 closed below the issue price on listing date.**
- **The average cost of acquisition of per Equity Share for our Promoter Selling Shareholders is ₹0.10 for Jayant Shamji Chheda, ₹0.62 for Tarla Jayant Chheda, and ₹0.12 for Parag Jayant Chheda and ₹0.12 for Vipul Jayant Chheda, and the Offer Price at the upper end of the Price Band is significantly high at ₹178 per Equity Share.**

BID/OFFER PROGRAMME

BID/OFFER OPENS ON WEDNESDAY, DECEMBER 18, 2019

BID/OFFER CLOSES ON FRIDAY, DECEMBER 20, 2019

ADDENDUM-CUM-CORRIGENDUM — NOTICE TO INVESTORS

In reference to the RHP filed with the RoC, the SEBI and the Stock Exchanges, investors should note the following:

(a) Our Company has received an intimation dated December 17, 2019 from two of our Promoter Selling Shareholders, Parag Jayant Chheda and Vipul Jayant Chheda ("**Sellers**") stating that they have entered into a share purchase agreement dated December 16, 2019 ("**SPA**") with Oman India Joint Investment Fund II, a trust registered as a Category II-AIF, acting through its investment manager, Oman India Joint Investment Fund-Management Company Private Limited ("**Purchaser**") in relation to transfer of 2,809,018 Equity Shares by the Sellers on December 18, 2019 ("**Effective Date**"), for cash, at a price of ₹178 per Equity Share, aggregating to approximately ₹500.00 million. Pursuant to the SPA, each of the Sellers has agreed to transfer 1,404,509 Equity Shares to the Purchaser (the "**Transfer**") on the Effective Date. Please note that these Equity Shares do not form part of the Equity Shares proposed to be offered by Sellers, as a part of the Offer for Sale in the Offer. Further, please note that the Equity Shares that will be transferred pursuant to the Transfer, being the pre-Offer equity share capital held by persons other than the Promoters, shall be subject to lock-in, in accordance with Regulation 17 of the SEBI ICDR Regulations, 2018.

(b) Further, our Company has received a no objection certificate dated December 13, 2019 from the Chief Fire Officer, Haridwar, Uttarakhand, in relation to our plant in Haridwar. Accordingly, the table under '*4. Haridwar*' on page 350 of the RHP should be read along with the following as S. No. 8:

S. No.	Details of License	Date of expiry
8.	NOC issued by the Chief Fire Officer, Haridwar, Uttarakhand.	December 13, 2020

(c) Please note that details in footnote number 5 on page 70 of the RHP, should be read as follows:
"Our Company has granted 900,028 options to its eligible employees, in accordance with ESOP 2017 and applicable law, of which 654,092 options are in force as on December 9, 2019. This figure does not factor in the Equity Shares that may be issued pursuant to exercise of such options, once they are vested, or options that may have been forfeited, lapsed or cancelled. For further details, see section titled "Capital Structure" on page 81."

(d) The maximum bid by a Non-Institutional Bidders on page 377 of the RHP shall be read as follows:
"Such number of Equity Shares not exceeding the size of the Offer (excluding the QIB portion), subject to applicable limits."

(e) With respect to point 1 under "VI. Litigation included in complaints" on page 346 of the RHP, after the words "₹ 5.31 million" the following shall be inserted:
"and approximately ₹ 42.75 million, pursuant to these matters"

The above notice is to be read in conjunction with the RHP, Offer related advertisements, Bid cum Application Forms, and the abridged prospectus, and the RHP stands updated to the extent set out above.
All capitalized terms used in this addendum-cum-corrigendum shall, unless the context otherwise requires, have the same meanings as ascribed to such terms in the RHP.

For **PRINCE PIPES AND FITTINGS LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Mumbai
Date: December 17, 2019

Prince Pipes and Fittings Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its equity shares ("**Equity Shares**") and has filed the RHP with the Registrar of Companies, Goa, Daman and Diu. The RHP is available or will be made available on the websites of the Securities and Exchange Board Of India ("**SEBI**") at www.sebi.gov.in, BSE Limited at www.bseindia.com, National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com as well as on the respective websites of the book running lead managers, i.e., JM Financial Limited at www.jmfl.com and Edelweiss Financial Services Limited at www.edelweissfin.com. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see the section titled "*Risk Factors*" on page 17 of the RHP. Potential investors should not rely on the draft red herring prospectus filed with SEBI for any investment decision.
The Equity Shares offered in the Offer have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "**U.S. Securities Act**"), or the laws of any state of the United States and may not be offered or sold in the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws. The Equity Shares are being offered and sold only outside the United States pursuant to Regulation S under the U.S. Securities Act and pursuant to the applicable laws of the jurisdictions where those offers and sales are made.

CONCEPT

www.readwhere.com

खबर कोना

भारत- वेस्ट इंडीज के बीच होने वाले दूसरे एक दिवसीय मैच से पहले विशाखापत्तनम में मंगलवार को अभ्यास के दौरान कुलदीप यादव।

राइनोज बिग बाउट लीग के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

इग्राशेव तैमूर की जीत के साथ ही नार्थईस्ट राइनोज ने मंगलवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए बिग बाउट इंडियन मुक्केबाजी लीग (आइबीएल) मैच में पंजाब पैंथर्स को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ राइनोज के 19 अंक हो गए हैं और वह सेमीफाइनल में पैंथर्स से ही भिड़ेगा। पैंथर्स और बॉम्बे बुलेट्स ने लीग चरण का अंत 18-18 अंकों के साथ किया। लेकिन जजों द्वारा ज्यादा अंक दिए जाने के कारण पैंथर्स को तीसरा स्थान मिला। इसका मतलब है कि सेमीफाइनल में बॉम्बे को गुजरात जाएंट्स से भिड़ना होगा जिसने लीग चरण का अंत 22 अंकों के साथ किया।

मोहन बागान के अध्यक्ष गीतानाथ गांगुली का निधन

कोलकाता, 17 दिसंबर (भाषा)।

मोहन बागान के अध्यक्ष और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति गीतानाथ गांगुली का दिल का दौरा पड़ने से मंगलवार को निधन हो गया। क्लब के सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रतिष्ठित वकील रहे 83 साल के गांगुली को इस महीने सड़क दुर्घटना में पैर में चोट लगी थी जब उनकी कार को पीछे से किसी अन्य वाहन ने टक्कर मार दी थी। इसके बाद गांगुली का आपरेशन किया गया था लेकिन वह इससे कभी नहीं उबर सके। क्लब के अधिकारी ने कहा, 'सुबह उनके सीने में दर्द हुआ और अस्पताल जाने के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।'

विश्व कप से पहले वापसी की संभावना तलाश रहे डिविलियर्स : डुप्लेसी

जोहानिसबर्ग, 17 दिसंबर (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले वापसी की संभावना तलाश रहे हैं। डु प्लेसी ने कहा कि अगले साल अक्तूबर में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले डिविलियर्स से पिछले तीन महीने से बात चल रही है। उन्होंने कहा, 'लोग चाहते हैं कि एबी खेले और मैं भी यही चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'पिछले दो तीन महीने से उनसे बात चल रही है। टी20 क्रिकेट में ज्यादा समय घर से बाहर नहीं रहना होता। पूर्णकालिक क्रिकेटर होने पर आपको काफी समय बाहर बिताना होता है। इस बारे में बातचीत हुई है और अगली टी20 श्रृंखला तक चलती रहेगी।'

युवराज ने कहा, टी20 टीम विश्व कप से चार महीने पहले तैयार हो

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी युवराज सिंह और आफ स्पिनर हरभजन सिंह ने मंगलवार को कहा कि टी20 विश्व कप के लिए विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टीम टूर्नामेंट से चार महीने पहले तैयार हो जानी चाहिए।

युवराज ने एक चैनल के कार्यक्रम में कहा, ' मुझे लगता है कि टीम को विश्व कप से चार महीने पहले तैयार हो जाना चाहिए। मेरा मतलब है आपको पता होना चाहिए कि टीम के साथ कौन से 16 या 14 खिलाड़ी जाएंगे। मुझे लगाता है हमे विश्व कप से पहले तैयार रहना चाहिए।' भारतीय टीम विश्व कप की तैयारियों के मद्देनजर कई युवा खिलाड़ियों को आजमा रही है। भारत को 2011 में एकदिवसीय विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने इस मौके पर हरफनमौला शिवम दुबे का समर्थन करते हुए कहा कि वे बायें हाथ के ऐसे बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं। उनका टीम में रहना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि शिवम दुबे के साथ फिटनेस की समस्या है।

युवराज के साथी हरभजन सिंह ने भी ऐसे ही विचार जाहिर किए। उन्होंने कहा, 'टीम पहले से संयोजित होनी चाहिए और खिलाड़ियों को पता होना चाहिए कि वे विश्व कप में खेलेंगे। ऐसा नहीं होना चहिए की किसी के मन में टीम में जगह को लेकर आशंका हो।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को टीम में अपनी भूमिका के बारे में पता होना चाहिए। भूमिका के बारे स्पष्टता होने से टीम के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।'

बोले हरभजन

"*टीम* पहले से संयोजित होनी चाहिए और खिलाड़ियों को पता होना चाहिए कि वे विश्व कप में खेलेंगे। ऐसा नहीं होना चहिए की किसी के मन में टीम में जगह को लेकर आशंका हो।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को टीम में अपनी भूमिका के बारे में पता होना चाहिए। भूमिका के बारे स्पष्टता होने से टीम के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।'

गेंदबाजी में सुधार से वापसी पर निगाहें

टीम इंडिया को गेंदबाजी संयोजन दुरुस्त करना होगा | दोपहर 01:30 बजे से शुरू होगा मैच

विशाखापत्तनम, 17 दिसंबर (भाषा)।

वेस्ट इंडीज के खिलाफ जीत दर्ज कर श्रृंखला में वापसी की कोशिशों में जुटी भारतीय टीम को आज दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में अपने गेंदबाजी संयोजन में सुधार करना होगा। हालांकि विराट कोहली या रोहित शर्मा को रोकना वेस्ट इंडीज के लिए आसान नहीं होगा।

भारतीय गेंदबाजी पहले मैच में खराब नहीं थी, लेकिन 287 रन बनाने के बावजूद जीत नहीं पाई। एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर 320 रन का स्कोर अच्छा माना जा रहा है लिहाजा पांचवें गेंदबाजी विकल्प को उतारा जा सकता है। पिछले मैच में शिमरोन हेटमायेर और शाइ होप के शतकों की मदद से वेस्ट इंडीज ने लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था।

स्पिनर रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव पिछले मैच में नाकाम रहे जिन्होंने दस दस ओवरों में 58 और 45 रन दे डाले और उन्हें विकेट भी नहीं मिले। शिवम दुबे ने 7.5 ओवरों में 68 रन दिए।

भारत के पास रिजर्व खिलाड़ियों में सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल हैं लेकिन रोहित और केएल राहुल के शानदार फार्म को देखते हुए उनके खेलने की संभावना कम ही है। मनीष पांडे मध्यक्रम के बल्लेबाज हैं जो छठे नंबर पर केदार जाधव की ही जगह ले सकते हैं। जाधव ने हालांकि चेन्नई में 33 गेंद में 40 रन बनाए।

विशेषज्ञ पांचवें गेंदबाज के रूप में विकल्प तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर या लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं। इनमें से एक को चुनने पर दोनों हरफनमौलाओं दुबे या रविंद्र जडेजा में से एक को बाहर किया जा सकता है। दुबे पिछले मैच में आठवें नंबर पर उतरे थे।

वेस्ट इंडीज की टीम 1960 के दशक के महान खिलाड़ी बासिल बूचर के सम्मान में बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलेगी।
86 साल के बूचर का सोमवार को निधन हो गया था।

दूसरे एकदिवसीय मैच से पहले मंगलवार को प्रैक्टिस के दौरान ऋषभ पंत

भारत : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, ऋषभ पंत, शिवम दुबे, केदार जाधव, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, दीपक चाहर, मोहम्मद शमी और शार्दुल ठाकुर।
वेस्ट इंडीज : कीरोन पोलार्ड (कप्तान), सुनील अंबरीश, शाई होप, खैरी पियरे, रोस्टन चेस, अल्जारी जोसेफ, शेल्डन कोटरेल, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन, शिमरान हेटमायर, एविन लुईस, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, कीमो पाल और हेडन वाल्श जूनियर।

नजरें कोहली और रोहित को पछाड़ने पर

विशाखापत्तनम, 17 दिसंबर (भाषा)।

वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज शाई होप को यकीन है कि दूसरे वनडे के दौरान उनके कुछ साथी खिलाड़ियों की नजरें गुरूवार को होने वाली आइपीएल नीलामी पर लगी होंगी। लेकिन उनका लक्ष्य 2019 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में विराट कोहली और रोहित शर्मा को पछाड़ना है।

पहले मैच में शतक जमाने वाले होप से जब पूछा गया कि क्या आइपीएल नीलामी उनके जेहन में है, उन्होंने ना में जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि कुछ खिलाड़ियों का ध्यान इस पर होगा लेकिन मेरे लिये यह गौण है। हम यहां भारत के खिलाफ श्रृंखला खेलने आए हैं और वही प्राथमिकता है।' होप इस साल वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में विराट कोहली (1292) और रोहित शर्मा (1268) के बाद तीसरे स्थान पर हैं। होप के नाम 1225 रन हैं।

उन्होंने कहा, 'एक बल्लेबाज के तौर पर आप अधिकतम योगदान देना चाहते हैं और अगर इससे टीम जीतती है तो अधिक संतोष होता है। उम्मीद है कि हम उनके शीर्षक्रम के विकेट जल्दी लेंगे और खुद बड़ा स्कोर बना सकेंगे।' चेन्नई में पहले मैच के दौरान उनका ध्यान एक भी बार आइपीएल फ्रेंचाइजी को प्रभावित करने पर नहीं था।

साल के सर्वश्रेष्ठ जूनियर फ्रीस्टाइल पहलवान बने दीपक पूनिया

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया को यूनाइटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने साल का सर्वश्रेष्ठ जूनियर फ्रीस्टाइल पहलवान चुना है। पूनिया ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और इस दौरान सफलतापूर्वक जूनियर से सीनियर सर्किट में जगह बनाने में सफल रहे।

पूनिया सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 साल में जूनियर विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बने। इसके बाद उन्होंने सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पदार्पण करते हुए रजत पदक जीता। पूनिया ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं। दुनिया भर के पहलवानों के बीच से चुना जाना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। अपने प्रदर्शन में सुधार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए यह मेरे लिए प्रेरणा का बड़ा स्त्रोत है।' भारतीय पहलवान नूर सुल्तान में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय था।

चोट के कारण पूनिया फाइनल में ईरान के हसन याजदानी के खिलाफ मैट पर नहीं उतर पाए थे।

दीपक नूर सुल्तान में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय था।

कपिल, गायकवाड़ को आचरण अधिकारी के समक्ष पेश होने का नोटिस

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

बीसीसीआइ के आचरण अधिकारी डी.के. जैन ने कपिल देव और अंशुमान गायकवाड़ को हितों के टकराव के आरोप में मुंबई में उनके समक्ष पेश होने को कहा है। हालांकि ये दोनों खिलाड़ी क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) से पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं।

सीएसी में कपिल और गायकवाड़ के अलावा महिला टीम की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी शामिल थी जिन्होंने सितंबर में जैन से हितों के टकराव का नोटिस मिलने पर इस्तीफा दे दिया था। यह नोटिस मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के आजीवन सदस्य संजीव गुप्ता की शिकायत पर जारी किया गया था। सीएसी का अब कोई अस्तित्व नहीं है लेकिन इन दोनों पूर्व खिलाड़ियों को 27 और 28 दिसंबर को जैन के सामने पेश होने का नोटिस मिला है।

दिल्ली 215 पर आउट, आंध्र को भी दिए झटके

ओंगोल, 17 दिसंबर (भाषा)।

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी के कारण दिल्ली की टीम रणजी ट्राफी ग्रुप ए क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां पहली पारी में 215 रन पर आउट हो गई लेकिन उसने आंध्र की सलामी जोड़ी को पवेलियन भेजकर पहले दिन का सुखद अंत किया।

पवन सुयाल और नवदीप सैनी ने पांच ओवर के अंदर ही आंध्र के दोनों सलामी बल्लेबाजों डीबी प्रशांत (शून्य) और सीआर गणेश्वर (नौ) को आउट कर दिया। आंध्र ने स्टंप उखड़ने तक दो विकेट पर 16 रन बनाए थे। जी मनीष तीन रन पर खेल रहे हैं जबकि कप्तान हनुमा विहारी को खाता खोलना है।

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट 69 रन पर गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज अनुज रावत (29) और तीसरे नंबर पर उतरे हितेन दलाल (19) अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। कप्तान नितीश राणा (51) और कुंवर बिधूड़ी (22) ने चौथे विकेट के लिए 60 रन जोड़े जो दिल्ली की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी थी।

कर्नाटक ने दृष्टिहीन महिला क्रिकेट में दिल्ली को हराया

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

दीपिका की शानदार पारी के दम पर कर्नाटक ने मंगलवार को दिल्ली को सात विकेट से हराकर दृष्टिहीन महिला राष्ट्रीय टी-20 टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कर्नाटक की टीम ने 117 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 रन पर ही दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन दीपिका ने वर्षा के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी कर मैच का पासा पलट दिया। दीपिका ने 42 और वर्षा ने 37 रन बनाए। इससे पहले दिल्ली की टीम ने नौ विकेट पर 116 रन बनाए थे।

एक अन्य मैच में ओड़ीशा ने केरल को 180 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। खिताब की प्रबल दावेदार ओड़ीशा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 279 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से बसंती हांस्दा ने 82 और मुनी पुर्ती ने 50 रन बनाए। इसके जवाब में केरल की टीम 20 ओवरों में आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी।

बीडब्लूएफ रैंकिंग

लक्ष्य सेन नौ स्थान के फायदे से करिअर के सर्वश्रेष्ठ 32वें स्थान पर

नई दिल्ली, 17 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्लूएफ) की मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में पुरुष एकल वर्ग में करिअर के सर्वश्रेष्ठ 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं। लक्ष्य ने रविवार को बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय चैलेंज का खिताब जीता था जो पिछले साल टूर्नामेंटों में उनका पांचवां खिताब है।

भारत के 18 साल के लक्ष्य ने ढाका में फाइनल में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को 22-20 21-18 से हराकर खिताब जीता। लक्ष्य ने साल का अपना पहला खिताब सितंबर में बेल्जियम इंटरनेशनल टूर्नामेंट के रूप में जीता। इसके बाद उन्होंने अक्तूबर में डच ओपन सुपर 100 और सारलोरलक्स सुपर 100 का खिताब जीतने के बाद नवंबर में स्काटिश ओपन का खिताब भी अपने नाम किया।

पुरुष एकल में बी साई प्रणीत और किदांबी श्रीकांत क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर बरकरार हैं। पारूपल्ली कश्यप 23वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि उनके बाद एचएस प्रणय (26वें), सौरभ वर्मा (28वें), समीर वर्मा (33वें) और शुभंकर डे (44वें) का नंबर आता है। महिला एकल खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और साइना नेहवाल क्रमशः छठे और 11वें स्थान पर बरकरार हैं। पुरुष युगल में कोई भारतीय जोड़ी शीर्ष 10 में नहीं है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी 12वें स्थान पर है।

एलिसे पेरी साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय खिलाड़ी चुनी गई | आइसीसी टीम | वहीं वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना गया एलिसा हीली को

स्मृति मंधाना को वनडे और टी20 टीम में मिली जगह

दुबई, 17 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की साल की एकदिवसीय और टी20 टीम में शामिल किया गया है। एकदिवसीय टीम में मंधाना के साथ झूलन गोस्वामी, पूनम यादव और शिखा पांडे को भी जगह मिली है जबकि टी20 टीम में उनके साथ हरफनमौला दीप्ति शर्मा है।

23 साल की मंधाना ने 51 एकदिवसीय और 66 टी20अंतरराष्ट्रीय के अलावा दो टैस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने एकदिवसीय और टी20 में 3476 रन बनाए हैं। इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ रेकार्ड 148 रन की पारी खेलने वाली आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना गया।

आस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी को साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय खिलाड़ी चुनी गई है। इस हरफनमौला खिलाड़ी के नाम 2019 में 73.50 की औसत से 441 रन बनाने के अलावा 13.52 की औसत से 21 विकेट भी है।

आस्ट्रेलिया की ही मेग लैनिंग को एकदिवसीय और टी 20 दोनों टीमो का कप्तान चुना गया है। पेरी को इसके साथ ही सभी प्रारूप को मिलाकर दिए जाने वाले रशेल हेहोई-फ्लिंट पुरस्कार (साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर) के लिए चुना गया। वर्ष के उभरती हुई क्रिकेटर का पुरस्कार थाईलैंड की चानिडा सुथिरयुंग को दिया गया। 26 साल की इस तेज गेंदबाज ने इस साल आइसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर में 12 विकेट लिए थे।

एकदिवसीय टीम में मंधाना के साथ झूलन गोस्वामी, पूनम यादव और शिखा पांडे को भी जगह मिली है जबकि टी20 टीम में उनके साथ हरफनमौला दीप्ति शर्मा है।

23 साल की मंधाना ने 51 एकदिवसीय और 66 टी20 अंतरराष्ट्रीय के अलावा दो टैस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उन्होंने एकदिवसीय और टी20 में 3476 रन बनाए हैं।

भारत ने थाईलैंड को हराया, फाइनल में स्वीडन से भिड़ेगा

मुंबई, 17 दिसंबर (भाषा)।

कृतिना देवी के आखिरी क्षणों में किए गए गोल से भारत ने मंगलवार को आखिरी राउंड रोबिन लीग मैच में थाईलैंड को 1-0 से हराकर तीन देशों के अंडर-17 महिला फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना गुरुवार को स्वीडन से होगा।

मैच का एकमात्र गोल कृतिना ने 90+1 मिनट में किया। उन्होंने तब विरोधी टीम की गोलकीपर पावरिसा होमीयामियेन की गलती का फायदा उठाया। थाईलैंड को उनकी यह गलती महंगी पड़ी क्योंकि मैच ड्रा होने पर उनकी टीम फाइनल में पहुंच जाती। कृतिना के लंबे शाट का थाई गोलकीपर सही अनुमान नहीं लगा पाईं और गेंद गोल के अंदर चली गई।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 31, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com